रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 03 फरवरी 2025 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-163 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### भाजपा आज जारी करेगी नगरीय निकाय का घोषणा पत्र

**रायपुर।** भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा की उपस्थिति में सोमवार को नगरीय निकाय का घोषणा पत्र जारी किया जायेगा। इस अवसर पर नगरीय निकाय चुनाव प्रभारी भूपेंद्र सवन्नी, घोषणा पत्र समिति के संयोजक अमर अग्रवाल, सह संयोजक सुनील सोनी सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहेंगे।

### बजट घोषणा और आरबीआई के निर्णय का बाजार पर रहेगा असर

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के बैंकिंग तंत्र में तरलता बढ़ाने की घोषणा और आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट में नये वित्त वर्ष में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की मजबूत वृद्धि दर के अनुमान से हुई दमदार लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह 1.7 प्रतिशत चढ़े घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह केंद्रीय बजट की घोषणाओं, आरबीआई की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक के निर्णय और जनवरी के वाहन बिक्री आंकड़ों का असर रहेगा।

### लैंगिक बजट 37.25 प्रतिशत बढ़कर 4.49 लाख करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के केंद्रीय बजट में महिलाओं और लड़कियों के कल्याण के लिए 4.49 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए, जो वित्त वर्ष वित्त वर्ष 2024-25 के आवंटन 3.27 लाख करोड़ रुपये से 37.25 प्रतिशत अधिक है।

# दक्षिण अफ्रीका को 9 विकेट से हराकर भारत ने जीता महिला अंडर-19 टी-20 विश्वकप का खिताब

एजेंसी ◄ क्वालालंपुर
www.dailypioneer.com



भारत ने दक्षिण अफ्रीका को नौ विकेट से हराकर महिला अंडर-19 टी-20 विश्वकप का खिताब अपने नाम किया। दक्षिण अफ्रीका के 82 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी जी कमालिनी और जी तृषा की भारतीय सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिए 36 रन जोड़े। पांचवें ओवर की तीसरी गेंद पर कायला रेनेके ने जी कमालिनी (आठ) को आउट कर दक्षिण अफ्रीका को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने सनिका चलके ने जी तृषा के शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए भारत को जीत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों के बीच 48 रनों की अवजित साझेदारी हुई। जी तृषा ने 33 गेंदों में आठ चौके लगाते हुए (नाबाद 44) रनों की पारी खेली। वहीं सनिका चलके ने 22 गेंदों में चार चौके लगाते हुए (नाबाद 26) रन बनाये। सनिका चलके ने 12वें ओवर की दूसरी गेंद पर भारत के लिए विजयी चौका लगाया। भारत ने 12.2 ओवर में एक विकेट पर 84 रन बनाकर मुकाबला नौ विकेट से जीत लिया। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 11 के स्कोर पर सिमॉन लुरेंस (शून्य) का पहला तथा 20 के स्कोर पर जेम्मा बोथा (16) के रूप में दूसरा और इसक बाद दियारा रामलाकन (तीन) के रूप में तीसरा विकेट गवां दिया। कप्तान कायला रेनेके (सात) रन बनाकर आउट हुई। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे दक्षिण अफ्रीका का कोई भी बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सका। करबो मेसो (10) और फे काउलिंग (15) रन बनाकर आउट हुई। मीके वान वूर्स्ट ने टीम के लिए (23) रनों की पारी खेली। दक्षिण अफ्रीका के चार बल्लेबाज शून्य पर आउट हुये। दक्षिण अफ्रीका टीम ने निर्धारित 20 ओवरों तक मैच खिंचा लेकिन वह 82 रन का ही स्कोर खड़ा सकी। भारत की ओरसे जी तृषा ने तीन विकेट लिये। पारुनिका सिसोदिया, आयुषी शुक्ला और वैष्णवी शर्मा को दो-दो विकेट मिले। शबनम एम डी ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

### भारतीय अंडर-19 महिला क्रिकेट टीम को सीएम साय ने दी बधाई



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा भारतीय अंडर-19 महिला क्रिकेट टीम ने अपने शानदार प्रदर्शन से लगातार दूसरी बार 'महिला अंडर-19 टी-20 विश्व कप' जीतकर मां भारती का मान बढ़ाया है। इस ऐतिहासिक सफलता के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव ने पूरी टीम को बधाई दी। सीएम साय ने कहा यह अद्वितीय उपलब्धि भारत के युवाओं के आत्मविश्वास और संकल्प को और मजबूत करेगी। यह विजय देश-प्रदेश के उभरते खिलाड़ियों को कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ अपने सपनों को साकार करने की प्रेरणा देगी।

# बसंत पंचमी में श्रद्धालुओं ने महाकुंभ में लगायी आस्था की डुबकी

पायनियर संवाददाता ◄ महाकुंभ नगर
www.dailypioneer.com



महाकुंभ में बसंत पंचमी के अवसर पर गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती की त्रिवेणी में लाखों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगायी। यद्यपि बसंती पंचमी अमृत स्नान पर्व सोमवार को ब्रह्म मुहुर्त से शुरु होगा। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार करोड़ों श्रद्धालु ने संगम में स्नान कर चुके थे, जिसमें दस लाख कल्पवासी भी शामिल हैं। इन्हे मिला कर महाकुंभ में 33 करोड़ 61 लाख से अधिक श्रद्धालु संगम में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। महाकुंभ के तीसरे स्नान पर्व बसंत पंचमी में सोमवार को करोड़ों श्रद्धालुओ के संगम स्नान का अनुमान है। बसंत पंचमी के अवसर पर सभी 13 अखाड़ों के संत त्रिवेणी में स्नान ध्यान करेंगे। महानिर्माणी अखाड़ा सबसे पहले सुबह पांच बजे स्नान करेगा जिनके साथ अटल अखाड़ा के संत भी स्नान करेंगे। बाद में निरंजनी, आनंद अखाड़ा, जूना आवाहन और अग्नि अखाड़ा, निर्वाणी अनि, दिगम्बर अनि, निर्मोही अनि, नया उदासीन, बड़ा उदासीन अखाड़े क्रम से स्नान ध्यान करेंगे। स्नान पर्व पर सुरक्षा के चाक चौबंद प्रबंध किये गये हैं। मेला क्षेत्र समेत समूचे प्रयागराज में सोमवार को वाहनो का प्रवेश बंद रहेगा जबकि मेला क्षेत्र में भीड़ प्रबंधन के लिये ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों की मदद ली जायेगी। स्नान पर्व पर कोई वीआईपी प्रोटोकाल नहीं होगा। बसंत पंचमी स्नान पर्व के बाद अखाड़े अपने गंतव्य की ओर रवाना होने लगेंगे।

## नासिक-सूरत हाईवे पर भीषण सड़क हादसे में 7 की मौत, 15 घायल

वार्ता ◄ मुम्बई
www.dailypioneer.com

नासिक-सूरत हाईवे पर सापूताड़ा घाट पर सुबह एक भीषण सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गई जबकि 15 अन्य गंभीर रूप से घायल हुए। हादसे का शिकार हुए सभी यात्री मध्य प्रदेश के हैं। हादसा इतनी भीषण था कि बस के गिरते ही उसके परखच्चे उड़ गए। करीब 50 श्रद्धालुओं से भरी लग्जरी प्राइवेट बस अनियंत्रित होकर 200 फीट गहरी खाई में गिर गई। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, श्रद्धालुओं से भरी यह बस कुंभ से आ रही थी और गुजरात के धार्मिक स्थलों के दर्शन करने जा रही थी। इस बीच सापुतारा के मालेगांव घाट के पास यह हादसा हुआ। सुबह करीब 5:30 बजे नासिक-सूरत हाईवे पर सापुतारा घाट के पास प्राइवेट बस अनियंत्रित होकर 200 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे के तुरंत बाद वहां चीख-पुकार मच गई। आस-पास के लोगों ने जब बस हादसा देखा तो तुरंत घायलों की मदद के लिए पहुंचे। पुलिस को भी सूचना दी गई। हादसे का शिकार हुए सभी यात्री मध्य प्रदेश के हैं। वे कुंभ मेले के बाद नासिक के त्रयंबकेश्वर मंदिर गए थे। इसके बाद गुजरात देव दर्शन के लिए जा रहे थे।

## कांग्रेस ने चुनाव में धांधली की निगरानी के लिए बनाया नेताओं, विशेषज्ञों का समूह

पायनियर संवाददाता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस ने देश में चुनावी निष्पक्षता की निगरानी और चुनाव में किसी भी स्तर पर धांधली रोकने के लिए वरिष्ठ नेताओं तथा विशेषज्ञों का कार्रवाई समूह (ईएजीएलई) गठित किया है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इस समूह का गठन किया है जो पूरे देश में चुनाव में होने वाली धांधली पर नजर रखेगा। पार्टी अध्यक्ष ने वरिष्ठ नेताओं और विशेषज्ञों वाले इस समूह को तत्काल प्रभाव से चुनाव आयोग द्वारा स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के संचालन की निगरानी करने का काम सौंपा गया है। वेणुगोपाल ने बताया कि इस समूह को सबसे पहले महाराष्ट्र में मतदाता सूची में कथित हेराफेरी के आरोपों की जांच करने को कहा गया है। समिति इस मुद्दे पर जल्द से जल्द एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर पूरा विवरण पार्टी नेतृत्व को सौंपेगी।

## दिल्ली में बदलाव का बसंत आ गया, झाड़ू के तिनके बिखरने लगे : मोदी

पायनियर संवाददाता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि दिल्ली में बदलाव का बसंत आ गया है और झाड़ू के तिनके बिखरने लगे हैं। इससे साफ हो गया है कि दिल्ली से 'आप-दा' जाने वाली है और गरीब एवं मध्यम वर्ग के जीवन को खुशहाल बनाने वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने वाली है। मोदी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए दक्षिणी दिल्ली के आर के पुरम में एक विशाल रैली को संबोधित करते हुए कहा कि बसंत पंचमी के साथ ही मौसम बदलना शुरू हो जाता है। तीन दिन बाद, पांच फरवरी को दिल्ली में विकास का नया बसंत आने वाला है। इस बार दिल्ली में भाजपा सरकार बनने जा रही है। इस बार पूरी दिल्ली कह रही है, अबकी बार भाजपा सरकार। प्रधानमंत्री ने कहा, दिल्ली की आप-दा पार्टी ने यहां के 11 साल बर्बाद कर दिए हैं। मेरी दिल्ली के हर परिवार से प्रार्थना है कि राज्य में हमें आप सबकी, दिल्लीवासियों की सेवा का मौका जरूर दें। मैं गारंटी देता हूं कि आपकी हर मुसीबत, हर परेशानी को समाप्त करने के लिए खप जाऊंगा। गरीब हो या मध्यम वर्ग, हर परिवार का जीवन खुशहाल हो, ऐसी डबल इंजन सरकार दिल्ली को मिलेगी। उन्होंने कहा, हमें ऐसी डबल इंजन सरकार बनानी है जो लड़ाई-झगड़े की बजाय, दिल्ली के लोगों की सेवा करे।जो बहाने बनाने की बजाय, दिल्ली को बनाने-सजाने में ऊर्जा लगाए। उन्होंने कहा कि आपने आने वाले पांच साल के लिए केंद्र में भाजपा की पक्की सरकार बना ली है, अब गलती से भी यहां आप-दा सरकार नहीं आनी चाहिए, जो दिल्ली के पांच और साल बर्बाद कर दे। मोदी ने कहा कि आपदा के नेता पार्टी छोड़ रहे हैं क्योंकि वे जानते हैं कि लोग आपदा पार्टी से नफरत करते हैं। आपदा इतनी हैरान है कि वे झूठी घोषणाओं का सहारा ले रहे हैं। दिल्ली के सामने आपदा का पर्दाफाश हो गया है। उन्होंने कहा, दिल्ली में वोटिंग से पहले ही झाड़ू के तिनके बिखर रहे हैं। आप -दा के नेता, उसे छोड़कर जा रहे हैं, ये जान चुके हैं कि ग्राउंड पर जनता आप-दा से कितना नाराज हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, मैंने विकसित भारत के निर्माण के लिए चार स्तंभों को मजबूत करने की गारंटी देश को दी थी। ये स्तंभ हैं- गरीब, किसान, नौजवान और नारीशक्ति। जो बजट आया है, वो मोदी की ऐसी ही गारंटियों को पूरा करने की गारंटी है।

## गिग कामगारों को स्वास्थ्य सेवा का लाभ ऐतिहासिक कदम : मांडविया

एजेंसी ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने वित्त वर्ष 2025 - 26 के आम बजट में श्रम कल्याण के लिए ऐतिहासिक आवंटन की सराहना करते हुए कहा कि यह सामाजिक सुरक्षा की ओर एक परिवर्तनकारी कदम है। मांडविया ने कहा कि केंद्रीय बजट 2025 में देश के श्रम कल्याण परिदृश्य में एक ऐतिहासिक पहल है, जिसमें गिग श्रमिकों को औपचारिक मान्यता और सामाजिक सुरक्षा लाभ प्रदान करने के लिए एक व्यापक रूपरेखा है। उन्होंने देश भर में एक करोड़ से अधिक गिग श्रमिकों के कल्याण सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने कहा कि गिग श्रम बल भारतीय अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है, जो डिजिटल प्लेटफॉर्म पर नवाचार और दक्षता को बढ़ावा देता है। उनके योगदान को मान्यता देते हुए, उन्हें पीएम जन आरोग्य योजना के तहत पहचान पत्र, ई-श्रम पंजीकरण और स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करने का सरकार का निर्णय उनकी सामाजिक सुरक्षा और कल्याण की दिशा में एक परिवर्तनकारी कदम है। इसके अलावा, सरकार अन्य असंगठित क्षेत्रों के श्रमिकों को भी सामाजिक सुरक्षा लाभ देने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि देश के प्रत्येक श्रमिक के लिए सम्मान, सुरक्षा और समृद्धि सुनिश्चित हो सके। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म के उदय ने रोजगार में क्रांति ला दी है।

अब मात्र ₹ 100/-
के पंजीयन - शुल्क पर साल भर ओ.पी.डी

Shri Balaji Group of Hospitals & Colleges
श्री बालाजी
मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल
1500 बिस्तरों का एडवांस्ड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
NABH

आयुष्मान कार्ड से ऑपरेशन** एवं ICU में भर्ती
सारी जांच प्रचिलित दरो से आधी कीमत (50%) पर




नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन*
गर्भवती महिलाओं के लिए
नि:शुल्क डिलीवरी*(नॉर्मल एवं सिजेरियन)

मोवा, रायपुर, फोन : 9340019842, 7389116903, 9926191294, 0771- 4241000/01/02

# सनातन धर्म का गौरव बढ़ने पर सपा को होती है तकलीफ : योगी

पायनियर संवाददाता ◄ अयोध्या
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव का नाम लिये बगैर उन पर तंज कसते हुये कहा कि सनातन धर्म का गौरव बढ़ने पर देश का सीना चौड़ा होता है लेकिन एक दल विशेष को इससे खासी तकलीफ होती है। मिल्कीपुर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान के पक्ष में एक जनसभा में उन्होने कहा एक्स पर दो महीने से सपा अध्यक्ष के पोस्ट को देखिए, यह प्रयागराज महाकुम्भ का विरोध करते हुए आए हैं। अब तक 34 करोड़ श्रद्धालुओं ने पावन त्रिवेणी के संगम पर आस्था की डुबकी लगाई है। शनिवार को उप राष्ट्रपति, कई देशों के राजदूत-हाई कमिश्नर आए थे। पूरी दुनिया आकर अभिभूत है, लेकिन सपा को इससे पीड़ा हो रही है। जिससे सनातन धर्म का गौरव बढ़ता हो, भारतीयों का सीना चौड़ा होता हो, उससे सपा को पीड़ा होती है। सपा सनातन धर्म और सामाजिक न्याय के पुरोधाओं की विरोधी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि परसों (शुक्रवार) हेलीकॉप्टर से जा रहा था, अयोध्या धाम में हर तरफ जनसैलाब दिखाई दे रहा था। भाजपा की डबल इंजन सरकार ने फोरलेन सड़कें, रेलवे लाइन को डबल, स्टेशनों का सुदृढ़ीकरण, इंटरनेशनल एयरपोर्ट का विस्तार नहीं किया होता तो प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु यहां नहीं आ पाते। केंद्र व राज्य सरकार का पैसा और हमारे जनप्रतिनिधियों का प्रयास रहा तो अयोध्या का विकास व व्यवसाय बढ़ रहा है। जब भी हमने अयोध्या के विकास की कार्ययोजना को बढ़ाया तो सपा ने विरोध किया। सड़क चौड़ीकरण के दौरान 1700 करोड़ से अधिक का मुआवजा दिया गया। राम मंदिर का शिलान्यास और राम मंदिर में रामलला विराजमान हुए, तब भी सपा ने विरोध किया। एयरपोर्ट का नामकरण महर्षि वाल्मीकि, रैन बसेरों का नाम निषादराज गुह्य के नाम पर किया गया, रसोई का नाम मां शबरी के नाम पर रखा गया, तब भी सपा को पीड़ा हुई। उन्होने कहा हमारी सरकार ने यूपी में पीएसी की तीन महिला बटालियन (वीरांगना उदा देवी, झलकारी बाई, अवंती बाई लोधी)



गठित की। सपा ने तब भी विरोध किया था। यह वही सपा है, जो बहराइच में महाराज सुहेलदेव के विजय स्मारक का विरोध करती है, यह कहती है कि वहां गाजी का स्मारक होना चाहिए। सपा को गाजी व पाजी (बदमाश) प्यारे हैं। इन्हें बेटियों की इज्जत पर हाथ डालने वाला मिल्कीपुर का मोईद खान और कन्नौज का नवाब सिंह यादव प्यारा है। सपा गरीब, किसान, बेटी-बहन, व्यापारी, युवा के साथ नहीं, बल्कि माफिया, दुष्चरित्र व पेशेवर अपराधी के साथ खड़ी होती है। कोई घटना घटित होती है तो सपा का हाथ होता है या वह षडयंत्र में शामिल रहती है। योगी ने कहा सपा भारत विरोधी तत्वों को गले लगाती है। विधानसभा उपचुनाव के दौरान इनके दरिंदे नेता ने मैनपुरी में दलित बेटी की गला घोंटकर हत्या कर दी थी। अयोध्या में कल एक बेटी के साथ घटना हुई है, आज इनका सांसद नौटंकी कर रहा है। जांच होगी तो उसमें भी सपा का कोई दरिंदा शामिल जरूर होगा। उन्होंने कहा कि 2016 में सपा सरकार के समय 2.35 लाख पर्यटक अयोध्या आए थे, जबकि 2024 में यहां 16.11 करोड़ श्रद्धालु आए। विकास विरोधी सपा की दृष्टि सैफई से बाहर नहीं जाती। सत्ता में आने पर यह परिवार के लिए कार्य करते हैं और वोट मांगने के लिए जाति का सहारा लेते हैं। सीएम ने कहा कि मिल्कीपुर का चुनाव भी राष्ट्रवाद बनाम परिवारवाद का चुनाव बन गया है। एक तरफ एनडीए प्रत्याशी के रूप में चंद्रभानु पासवान राष्ट्रवादी कार्यकर्ताओं के साथ मैदान में हैं तो दूसरी तरफ सपा के परिवारवाद का नमूना है, जिसका नाम भूमाफिया-अनैतिक, अराजक गतिविधियों में आता है। मुख्यमंत्री ने सपा पर हमला करते हुए कहा कि सब कुछ सुधर सकता है, लेकिन प्रवृत्ति नहीं। इनका पेशा अपराध, गुंडागर्दी, बेटी-व्यापारी की सुरक्षा में सेंध लगाना है। समाजवादियों का नारा है, खाली प्लॉट हमारा है..., लेकिन 2017 में जब भाजपा सरकार आई और हमने एंटी भूमाफिया टास्क फोर्स बनाया तो इसने गुंडों से 64 हजार एकड़ लैंड खाली कराई। यह परेशान हैं कि डबल इंजन सरकार ऐसे ही कार्य करेगी तो इनका धंधा चौपट हो जाएगा। धंधा चौपट होने से इनकी पार्टी भी चौपट हो जाएगी। योगी ने कहा कि अयोध्या आकर विकास का मॉडल देखा जा सकता है। सरयू में स्टीमर भी चलकर सैर करा रही है। सपा को यह विकास अच्छा नहीं लग रहा है। सपा कहती थी कि अयोध्या का समाधान हुआ तो खून की नदियां बहेंगी, हमने कहा कि खून की नदियां बहाने वाले जहन्नुम में जा चुके हैं, धरती पर उनके लिए जगह नहीं है। अयोध्या की तर्ज पर मिल्कीपुर का समग्र विकास कराने के लिए चंद्रभानु पासवान यहां की आवश्यकता है। उन्होने कहा कि सपा वाले केवल सैफई का विकास कराते थे, लेकिन मैंने गोरखपुर और प्रधानमंत्री के आशीर्वाद से काशी में जितना विकास हुआ।

# कश्मीर के मैदानी इलाकों में बारिश गुलमर्ग, पहलगाम में हल्की बर्फबारी



वार्ता ◄ श्रीनगर
www.dailypioneer.com

जम्मू-कश्मीर के मैदानी इलाकों में रुक-रुक कर बारिश हो रही है जबकि गुलमर्ग और पहलगाम जैसे पर्यटन स्थलों सहित कुछ ऊंचे इलाकों में हल्की बर्फबारी हुई। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर और घाटी के अन्य हिस्सों में शनिवार और रविवार की दरम्यानी रात को रुक-रुक कर हल्की बारिश हुई। जम्मू के कुछ हिस्सों में भी रात भर हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग श्रीनगर ने बताया कि इस दौरान उत्तरी कश्मीर के बारामुल्ला जिले के स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग में 5.1 सेमी , पहलगाम में 2.8 सेमी और कुपवाड़ा में 2.5 सेमी बर्फबारी हुई। दक्षिण कश्मीर में पीर पंजाल पर्वत श्रृंखला सहित कश्मीर घाटी के कुछ ऊंचे इलाकों में भी हल्की बर्फबारी हुई। मौसम विभाग ने पूर्वानुमान लगाया है कि अगले 24 घंटों के दौरान जम्मू-कश्मीर में अलग-अलग स्थानों पर हल्की बारिश या बर्फबारी, गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना के साथ आमतौर पर बादल छाए रहेंगे। विभाग ने कहा 'तीन फरवरी की शाम से अलग-अलग स्थानों पर हल्की बर्फबारी और बारिश की संभावना है जबकि चार फरवरी को आमतौर पर बादल छाए रहेंगे और जम्मू-कश्मीर में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश या बर्फबारी होने की संभावना है।' विभाग ने कहा पांच फरवरी को सुबह या दोपहर के समय छिटपुट स्थानों पर हल्की बारिश एवं बर्फबारी का एक और दौर भी होने का अनुमान है। गुलमर्ग को छोड़कर बर्फबारी के बाद अधिकांश मौसम केंद्रों पर रात का तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया गया। विभाग के अनुसार शनिवार और रविवार की मध्यरात्रि में श्रीनगर में दर्ज न्यूनतम तापमान में सुधार हुआ और यह पिछली रात के 0.8 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले 2.5 डिग्री सेल्सियस पर आ गया और इस अवधि के दौरान यह औसत से 3.1 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। उत्तरी कश्मीर के बारामुल्ला जिले में गुलमर्ग के स्की रिसॉर्ट में तापमान में कुछ डिग्री की गिरावट आई और यहां न्यूनतम तापमान माइनस 7.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि पिछले साल यह माइनस 7.4 डिग्री सेल्सियस था।

# राजस्थान में युवाओं की उम्मीदों को पूरा करेगी राज्य सरकार : भजनलाल

एजेंसी ◄ जयपुर
www.dailypioneer.com

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने देश और प्रदेश की उन्नति में युवाओं का अहम योगदान बताते हुए कहा है कि राजस्थान के युवाओं की उम्मीदों को राज्य सरकार पूरा करेगी। शर्मा ने जयपुर में आयोजित 16वीं जयपुर मैराथन को झंडी दिखाकर रवाना किया और इस अवसर पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि राजस्थान शक्ति, भक्ति और स्वाभिमान का प्रदेश है। यहां का युवा विश्वास और कड़ी मेहनत से आगे बढ़ रहा है और राजस्थान को देश का अग्रणी प्रदेश बनाने के संकल्प में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। राज्य सरकार भी युवाओं के सपनों को साकार करने का पूर्ण प्रयास कर रही है। उन्होंने इस तरह की मैराथन के आयोजन आवश्यक बताते हुए कहा कि इससे स्वस्थ रहने की प्रेरणा मिलती



है। उन्होंने कहा कि युवाओं का देश और प्रदेश की उन्नति में अहम योगदान है। राजस्थान में विकास की अपार संभावनाएं हैं। प्रदेश शिक्षा, चिकित्सा, खनिज एवं पर्यटन सहित विभिन्न क्षेत्रों में निरन्तर प्रगति कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश अगले वर्ष खेलो इंडिया गेम्स की मेजबानी करेगा, जिसमें युवाओं की सहभागिता महत्वपूर्ण होगी। राज्य सरकार ने खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी और संभाग स्तर पर खेल महाविद्यालय खोलने का मार्ग भी प्रशस्त किया है। उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान समिट के सफल आयोजन से जिलों में औद्योगिक निवेश आ रहा है। इससे प्रदेश के युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिलेगा। साथ ही राज्य सरकार चार लाख युवाओं को सरकारी नौकरी के अवसर भी उपलब्ध कराएगी। शर्मा ने मैराथन विजेताओं को चैक प्रदान कर सम्मानित भी किया।

# डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने एक माह तक कुंभ में किया था कल्पवास

एजेंसी ◄ महाकुंभनगर
www.dailypioneer.com

भारत के पहले राष्ट्रपति डा राजेंद्र प्रसाद ने वर्ष 1954 में तीर्थराज प्रयाग के कुंभ मेले में एक माह का संयम, अहिंसा, श्रद्धा एवं कायाशोधन का कल्पवास किया था। डा राजेंद्र प्रसाद का आध्यात्मिक नगरी प्रयागराज से गहरा लगाव रहा है। आजादी के बाद से अब तक वह एकमात्र ऐसे राष्ट्रपति रहे, जिन्होंने कुंभ में कल्पवास किया। प्रोटोकॉल और सुरक्षा के मद्देनजर वह आम श्रद्धालुओं के बीच तो नही रहे लेकिन सेना के अधीन संगम तट पर स्थित अकबर के किले की छत पर कैंप लगाकर एक मास का कल्पवास पूरा किया था। उन्होंने जहां कल्पवास किया उस स्थान को अब 'प्रेसिडेंसियल व्यू' के नाम से जाना जाता है। अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित सभा के संस्थापक सदस्यों में शामिल पंडित लाल



वीरेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि जब वह लगभग 10 वर्ष के रहे होंगे तब डा राजेंद्र प्रसाद ने प्रयागराज कुंभ में कल्पवास किया था। उनके कल्पवास के लिए किले की छत पर कैंप लगाया गया था जहां उन्होंने विधि-विधान से कल्पवास पूरा किया था। डॉ. प्रसाद ने जहां अपना कल्पवास पूरा किया था वहां पूरे मेले का विहंगम दृश्य दिखलाई पडता है और इसी कारण उस स्थान का नाम 'प्रेसिडेंसियल व्यू' पड़ा। उनका जुडाव केवल कुंभ की वजह से अकेला नहीं था। उससे पहले 1916 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के तत्कालीन कुलपति सर सुंदर लाल के कार्यकाल में उन्हें विधि की मानद उपाधि दी गयी थी। वर्ष 1916 के बाद 1937 में तत्कालीन कुलपति पंडित इकबाल नारायण गुर्टू के कार्यकाल में भी उन्हें विधि की मानद उपाधि दी गयी थी। प्रयाग धर्म संघ के अध्यक्ष राजेंद्र पालीवाल ने बताया कि डा राजेंद्र प्रसाद के एक माह तक यहां रूक कर कल्पवास करने की बातें उनके पिता स्वर्गीय गोकरण पालीवाल बताते रहे। उन्होंने प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के कुंभ में आने की घटना के बारे में भी बताया था। पालीवाल ने पुराणों और धर्म शास्त्रों में कल्पवास को आत्मा की शुद्धि और आध्यात्मिक उन्नति के लिए आवश्यक बताया गया है। यह मनुष्य के लए अध्यात्म की राह का एक पड़ाव है जिसके जरिए स्वनियंत्रण एवं आत्मशुद्धि का प्रयास किया जाता है।

## रामाराव ने कांग्रेस सरकार पर लगाया आरोप

**हैदराबाद।** तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उसके एक साल के शासन में सभी क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हुए हैं, जिससे किसानों और उभरते उद्यमियों में आत्महत्या के मामले बढ़ गए हैं। राव ने 'एक्स' पर लिखा कि के. चंद्रशेखर राव ने अपने दस साल के कार्यकाल में कभी भुखमरी और आत्महत्याओं से जूझ रहे राज्य को अन्नपूर्णा में बदल दिया था। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा राज्य है, जिसने देश के खाद्य उत्पादन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। राव ने कांग्रेस पर इस प्रगति को पलटने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि तेलंगाना अब निराशा और आत्महत्याओं की भूमि बन गया है। उन्होंने कांग्रेस सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि यह जनता की सरकार नहीं, बल्कि उन्हें परेशान करने वाली सरकार है।

# चार मई को खुलेंगे विश्व प्रसिद्ध भगवान बदरीनाथ के कपाट

पायनियर संवाददाता ◄ टिहरी
www.dailypioneer.com

उत्तराखंड़ में वसंत पंचमी के शुभ अवसर पर टिहरी राज दरबार नरेंद्रनगर में श्री गणेश पूजन के साथ विश्व प्रसिद्ध धाम भगवान श्री बदरीनाथ के कपाट खोलने की तिथि घोषित कर दी गई है। शुभ लग्न के अनुसार मंदिर के कपाट आगामी चार मई को सुबह छह बजे प्रातः विधिवत पूजा-अर्चना के साथ आम श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोले जाएंगे। भगवान बदरी विशाल के महाभिषेक के लिए तिलों का तेल 22 अप्रैल को पिरोया जाएगा। उसी दिन राज दरबार से गाडू घड़ा तेल कलश यात्रा शुरु होगी। इसके साथ ही चारधाम यात्रा के भी विधिवत शुरुआत हो जाएगी। नरेंद्रनगर स्थित राजदरबार में वंसत पंचमी पर राज पुरोहित आचार्य कृष्ण प्रसाद उनियाल ने गणेश, पंचांग और चौकी पूजन के बाद महाराजा मनुज्येंद्र शाह की जन्म कुंडली का अध्ययन और ग्रह नक्षत्रों की दशा देखकर भगवान श्री बदरीनाथ मंदिर के कपाट खोलने की तिथि घोषित की। भगवान बदरी विशाल के महाभिषेक के लिए स्थानीय सुहागिन महिलाएं महारानी माला राज्य लक्ष्मी शाह के नेतृत्व में 22 अप्रैल को राजदरबार में तिलों का तेल निकालेंगी। टिहरी के नरेश महाराजा मनुज्येंद्र शाह बताया कि चार मई को प्रातः 6:00 बजे श्री बद्रीनाथ धाम के कपाट खोल दिए जाएंगे। उन्होंने देश के श्रद्धालुओं से अपील की कि अधिक से अधिक सख्या में सुखद एवं सफल यात्रा करें। राज पुरोहित आचार्य कृष्णा प्रसाद उनियाल ने बताया कि महाराजा मनुज्येंद्र शाह की जन्म कुंडली के आधार पर यह तिथि तय की गई है। धार्मिक पंचायत के उपाध्यक्ष भास्कर डिमरी ने बताया कि 22 अप्रैल को राजदरबार में सुहागिन महिलाओं द्वारा तिलों का तेल पिरोया जाएगा

# राजग सरकार ने बजट में सौगातों की बरसात कर दी : राजीव

एजेंसी ◄ पटना
www.dailypioneer.com

जनता दल यूनाईटेड (जदयू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने बजट में बिहार को मिले उपहारों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बधाई एवं धन्यवाद देते हुए कहा है कि प्रदेश के विकास के लिये प्रतिबद्ध राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने सौगातों की बरसात कर दी है। प्रसाद ने मीडिया में जारी बयान में कहा कि पूर्व में कांग्रेस की केंद्र सरकारों के बिहार के प्रति दुराग्रह की वजह से राज्य का यथोचित विकास नहीं हो पाया लेकिन अब बिहार एवं केंद्र में राजग सरकार होने के कारण राज्य को विकास के नए आयाम गढ़ने के अवसर मिल रहे हैं। प्रसाद ने कहा कि पिछले दिनों जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं सांसद संजय कुमार झा के प्रयास से सीतारमण का मिथिला दौरा संपन्न हुआ, जिस दौरान वह मखाना के उत्पादन में लगे किसानों की समस्याओं से अवगत हुई, बिचौलियों के कारण किसानों को हो रहे नुक़सान एवं अन्य समस्याओं से उन्हें निजात दिलाने के लिए केंद्रीय बजट में मखाना बोर्ड बनाने का एलान उन्होंने किया। इस दौरान उन्होंने कोशी क्षेत्र के किसानों की कठिनाइयों को देखते हुए कोशी कैनाल परियोजना की आवश्यकता भी महसूस की। परिणामस्वरूप केंद्रीय बजट में इसका प्रावधान भी किया गया। सीतारमन ने मिथिला दौरे में बतौर उपहार मिली मधुबनी पेंटिंग की साड़ी पहन कर बजट उपस्थापित कर बिहार को एक भावनात्मक संदेश दिया है।

# मृत को जिंदा बता कर इलाज के नाम पर की दस लाख की वसूली

एजेंसी ◄ बहराइच
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के रिसिया क्षेत्र में एक अस्पताल ने हादसे में घायल युवक के परिजनों से इलाज के नाम पर दस लाख रुपये की वसूली की और उसकी मृत्यु के बाद भी उसे जीवित बता कर वसूली का क्रम जारी रखा। मृतक की पत्नी के संगीन आरोप के बाद क्षेत्रीय लोगों ने अस्पताल में जम कर हंगामा किया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर हालात को काबू किया। अस्पताल के कृत्य की जांच की जा रही है जिसके बाद जरुरी कार्रवाई की जायेगी। क्षेत्र के पटना गांव निवासी रेशमा ने आरोप लगाया है कि उसका पति 11 दिन पूर्व एक सड़क हादसे में घायल हो गया था जिसे दरगाह क्षेत्र के बिटाना एंड चंद्रावती हॉस्पिटल में भर्ती कराया था, जहां इलाज के दौरान परिजनों से दस लाख रुपये वसूले गये। इसके लिये महिला ने अपने दो बीघा खेत बेच दिये। अस्पताल में प्रतिदिन 14 हजार रुपये बेड चार्ज लिये गए, जबकि दवाइयों की लागत अलग थी। युवक की मृत्यु हो गयी जबकि अस्पताल प्रशासन ने उसके पति का उपचार करते हुए उन्हें 'जिंदा' बताकर पैसे की मांग की। विवाद के बाद मृतक को अस्पताल से जिला अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। यह सुनकर गांव में स्थिति तनावपूर्ण हो गई और ग्रामीणों ने अस्पताल के बाहर हंगामा शुरू कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर कोतवाली देहात, रिसिया और दरगाह थाने की पुलिस तत्परता से मौके पर पहुंची तथा तनाव को नियंत्रित करने का प्रयास किया।

## बॉडी रिवाइवल एक स्वामित्वयुक्त माइक्रो-हर्बल समाधान है

# कैंसर से लड़ने में बॉडी रिवाइवल हो सकता हैं कारगर साबित : खान

पायनियर संवाददाता ◄ जयपुर
www.dailypioneer.com

आयुर्वेदिक सिद्धांतों पर आधारित एवं नवाचारपूर्ण हर्बल उत्पाद बॉडी रिवाइवल कैंसर से लड़ने में कारगर साबित हो सकता हैं और इससे कैंसर के खिलाफ लड़ाई लड़ने में नई आशा जगी हैं। बॉडी रिवाइवल के सीईओ और निदेशक मुनीश खान ने विश्व कैंसर दिवस (चार फरवरी) के अवसर पर यह बात कही और बताया कि बॉडी रिवाइवल ने दूसरा चरण क्लीनिकल ट्रायल को पूरा किया है और यह अध्ययन विशेष रूप से ब्रेस्ट कैंसर मरीजों पर केंद्रित था और इसमें प्रोग्रेशन-फ्री सर्वाइवल (पीएफएस) और जीवन की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला हैं, जिससे कैंसर के खिलाफ लड़ाई में नई उम्मीद जगी है। उन्होंने कहा कि कैंसर आज



विश्वभर में सबसे गंभीर स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक है और इसकी देखभाल में बॉडी रिवाइवल एक महत्वपूर्ण प्रगति के रूप में हैं। सरकारें और चिकित्सा विशेषज्ञ लगातार बेहतर उपचार के लिए प्रयासरत हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में केन्द्र सरकार कैंसर अनुसंधान और समग्र चिकित्सा पद्धतियों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। आयुष मंत्रालय के माध्यम से उनकी अटूट प्रतिबद्धता ने आयुर्वेद के क्षेत्र में अनुसंधान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है, जिससे पारंपरिक चिकित्सा को वैश्विक स्तर पर मान्यता मिल रही है। उन्होंने कहा कि बॉडी रिवाइवल एक स्वामित्वयुक्त माइक्रो-हर्बल समाधान है, जिसे नौ शक्तिशाली आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों के संयोजन से तैयार किया गया है। इनमें बेल, वचा, अश्वगंधा, मंजिष्ठा और शहद शामिल हैं जो अपनी एंटी-कैंसर, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने और समग्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने वाली विशेषताओं के लिए प्रसिद्ध हैं। यह उत्पाद 25 वर्षों के गहन अनुसंधान और विकास का परिणाम है जो प्राचीन आयुर्वेदिक ज्ञान और आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण का संगम प्रस्तुत करता है। उन्होंने बताया कि जे बी रॉय स्टेट आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज और अस्पताल कोलकाता में बारह सप्ताह के क्लीनिकल ट्रायल में 44 ब्रेस्ट कैंसर मरीजों को शामिल किया गया जो रेडिएशन और कीमोथेरेपी से गुजर रहे थे। इस अध्ययन के परिणाम अभूतपूर्व रहे जहां मरीजों ने शारीरिक और भावनात्मक रूप से महत्वपूर्ण सुधार की रिपोर्ट दी। अध्ययन में हीमोग्लोबिन स्तर, डब्ल्यूबीसी काउंट और ट्यूमर मार्कर्स में सकारात्मक बदलाव देखे गए, जिससे यह सिद्ध हुआ कि बॉडी रिवाइवल न केवल सुरक्षित और सहनीय है बल्कि कैंसर उपचार के दुष्प्रभावों को कम करने में भी प्रभावी है। उन्होंने कहा यह क्लीनिकल ट्रायल आधुनिक कैंसर देखभाल में आयुर्वेद की क्षमता को दर्शाता है। बॉडी रिवाइवल एक समग्र और मरीज-केंद्रित उपचार पद्धति की ओर एक बड़ा कदम है। हम मोदी के प्रति अत्यंत आभार व्यक्त करते हैं, जिनकी आयुर्वेद के प्रति प्रतिबद्धता ने इस प्रकार के नवाचारों को आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी है। खान ने बताया कि हाल में राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे से मिलकर उन्हें इसकी क्लीनिकल ट्रायल रिपोर्ट से अवगत कराया और राज्यपाल ने इसकी सराहना भी की।

## बसंत पंचमी, सरस्वती पूजा की शुभकामनाएं दी धनखड़ ने



नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बसंत पंचमी और सरस्वती पूजा के पवित्र अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी है। उपराष्ट्रपति सचिवालय में जारी एक संदेश में बताया कि धनखड़ ने बसंत पंचमी और सरस्वती पूजा के पवित्र अवसर पर देशवासियों की समृद्धि और प्रसन्नता की कामना की है। उन्होंने कहा, 'बसंत पंचमी और सरस्वती पूजा के पवित्र अवसर पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं। यह उत्सव सभी के लिए प्रशांत और समृद्धि लेकर आए। उन्होंने कहा कि मां सरस्वती से प्रार्थना है कि हमारे सभी प्रयासों में विवेक और उत्कृष्टता प्रदान करें। उन्होंने कहा कि महाकुंभ 2025 के अवसर पर बसंत पंचमी को तीसरा अमृत स्नान हो रहा है। यह अवसर सभी को विवेक, आध्यात्मिकता और देवत्व प्रदान करें।

## हैदराबाद में इमारत के तहखाने में आग लगी



एजेंसी ◄ हैदराबाद
www.dailypioneer.com

हैदराबाद के पुराने शहर में किशन बाग एक्स रोड पर एक इमारत के तहखाने में भीषण आग लग गयी। सूचना मिलने पर पुलिस, पांच दमकल गाड़ियां और किशन बाग पार्षद मौके पर पहुंचे और बचाव अभियान शुरू किया। पुलिस ने इमारत से निवासियों को सफलतापूर्वक बाहर निकाला जबकि दमकल विभाग ने आग पर काबू पा लिया। इमारत में आग से निकलने वाला घना धुआं ऊपरी मंजिलों तक फैल गया। बहादुरपुरा एमआईएम विधायक बचाव प्रयासों की निगरानी कर रहे हैं। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। पुलिस ने कहा कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।

## गुरदासपुर सीमा पर हेरोइन के साथ दो भारतीय तस्कर गिरफ्तार

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब के गुरदासपुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में हेरोइन की खेप के साथ दो भारतीय तस्करों को पकड़ा है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि सीमा पर गहराई वाले क्षेत्र में ड्रोन गतिविधि के बारे में विश्वसनीय खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए, बीएसएफ के जवानों ने तेजी से तलाशी अभियान शुरू किया।

# माओवादियों के लगाए लगभग 25 किलो के आईईडी को बीडीएस की टीम ने किया निष्क्रिय






पायनियर संवाददाता ➤ बीजापुर
www.dailypioneer.com

उसूर-आवापल्ली मार्ग में बीडीएस टीम के द्वारा उसूर से 3 किमी की दूरी पर धान मंडी के पास मार्ग में माओवादियों के द्वारा लगाए लगभग 25 किग्रा का आईईडी डिटेक्ट किया गया। माओवादियों के द्वारा उसूर-आवापल्ली मुख्यमार्ग पर आईईडी प्लांट किया गया था। डिमाईनिंग के दौरान सतर्कता पूर्वक जांच कर सड़क के बीचो बीच प्लास्टिक कन्टेनर में लगाये गये। आई ई डी को बरामद किया गया। 196 केरिपु के बीडी टीम के द्वारा सुरक्षित रूप से आईईडी को निष्क्रिय कर जेसीबी की मदद से बाहर निकाला गया। केरिपु 196 की बीडी टीम के द्वारा बरामद आईईडी को सुरक्षित स्थान पर नष्ट किया गया। माओवादियों द्वारा बड़ी वाहनों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से कमांड स्वीच सिस्टम से आईईडी मुख्यमार्ग पर प्लास्टिक कन्टेनर में प्लांट किया गया था। माओवादियो के द्वारा लगाये गये आई ई डी से आम जनता को नुकसान हो सकता था। सुरक्षा बलो को क्षति पहुचाने की नीयत से आम जनता के जान की परवाह किये बगैर इस प्रकार मुख्यमार्ग पर आईईडी प्लांट करना माओवादियों की बौखलाहट एवं तिलमिलाहट को दर्शाता है। सुरक्षा बलों द्वारा माओवादियों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई से यह स्पष्ट है कि उनके नापाक मंसूबे कभी सफल नहीं होंगे।

# बिना अनुमति के वाहन और ध्वनि विस्तार यंत्र पर प्रतिबंध

पायनियर संवाददाता ➤ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

नगर पालिका परिषद निर्वाचन के रिटर्निंग ऑफिसर बीरेन्द्र बहादुर पंचभाई ने अभ्यर्थियों को जानकारी देते हुए बताया है कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चुनाव आचार संहिता का पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित पार्षद पद के अभ्यर्थियों को आचार संहिता का पालन करते हुए प्रचार प्रसार के लिए अनुमति लेना आवश्यक है। नगर पालिका परिषद के सम्पूर्ण क्षेत्र में रात्रि 10 बजे से प्रातः 06 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग किया जाना अथवा करवाया जाना प्रतिबंधित किया गया है। उन्होंने विस्तार पुर्वक जानकारी देते हुए बताया कि ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग, प्रचार करने के लिए वाहनों पर एवं चुनावी सभाओं में जहां निर्वाचन संपन्न होना है वहां प्रातः 06 बजे से रात्रि 10 बजे तक ही सक्षम अधिकारी के अनुमति पश्चात किया जा सकेगा। किंतु ऐसे ध्वनि विस्तारक यंत्र साधारण किरम के होंगे एवं मध्यम आवाज में ही प्रयोग किये जायेंगे। लोक परिशांति को देखते हुए लम्बे चोंगे वाले लाउडस्पीकर का प्रयोग पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया जाता है। वाहनों एवं चुनावी सभाओं में एक से अधिक लाउडस्पीकर समूहों में लगाया जाना भी प्रतिबंधित किया जाता है। उपयोग से पूर्व सक्षम प्राधिकारी से लिखित पूर्वानुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा। साथ ही मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन ना हो यह भी अनुमति प्राप्तकर्ता सुनिश्चित करेंगे। नारायणपुर जिला अंतर्गत सभी क्षेत्रों में प्रातः 06 बजे से रात्रि 10 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग सक्षम अधिकारी की अनुमति प्राप्त कर सामान्यतः किया जा सकता है, परन्तु शैक्षणिक संस्थाओं, चिकित्सालय, नर्सिंग होम, न्यायालय परिसर, शासकीय कार्यालय, छात्रावास, नगरपालिका परिषद्, जनपद पंचायत एवं किसी अन्य स्थानीय निकाय कार्यालय, बैंक, पोस्ट ऑफिस, दूरभाष केन्द्र आदि से 200 मीटर की दूरी के भीतर ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग सामान्य स्थिति में भी पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है। कोई भी राजनैतिक दल या अभ्यर्थी सशस्त्र जुलूस नहीं निकालेगा और नहीं आपत्तिजनक पोस्टर वितरित करेगा। कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह बिना सक्षम प्राधिकारी के अनुमति न तो कोई सभा करेगा, न कोई रैली या जुलूस निकाल सकेगा और न ही कोई धरना देगा। यह आदेश उन शासकीय अधिकारियों कर्मचारियों पर लागू नही होगा, जिन्हें अपने कार्य सम्पादन के लिये लाठी या अस्त्र रखना आवश्यक है। यह आदेश उन शासकीय कर्मचारियों पर भी लागू नहीं होगा, जिन्हें चुनाव व मतदान के दौरान, कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस अधिकारी नियुक्त किया गया है। यह आदेश उन व्यक्तियों पर भी लागू नहीं होगा, जिन्हे शारीरिक दुर्बलता, वृद्धावस्था तथा लंगड़ापन होने के कारण सहारे के रूप में लाठी रखना आवश्यक होता है। आदेश का उल्लंघन करने वाला व्यक्ति, दल भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 के अंतर्गत दण्डनीय होगा। नगरीय निकाय निर्वाचन के प्रेक्षक श्रीकांत वर्मा ने निर्वाचन संबंधी राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशो का पालन करने के लिए उपस्थित नगर पालिका परिषद के अभ्यर्थियों को विस्तार पूर्वक जानकारी दिए।

# भाजपा प्रत्याशी आरसी नाहक ने किया जनसंपर्क तेज




पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरन्दुल नगरीय निकाय चुनाव को लेकर नगर में सरगर्मियां तेज हो गई हैं।इस बीच सभी राजनैतिक पार्टी तथा निर्दलीय अध्यक्ष व पार्षद प्रत्याशी प्रचार प्रसार कार्य में जुट गए हैं।किरन्दुल नगरपालिका वार्ड क्रमांक 06 के भाजपा पार्षद प्रत्याशी आर सी नाहक ने जनसंपर्क तेज कर दिया हैं।नाहक ने भाजपा कार्यकर्त्ताओं व अपने समर्थकों के साथ मलप्पा कैम्प में घर घर जाकर प्रचार प्रसार किया तथा अपने व भाजपा प्रत्याशियों के लिए वोट मांगकर केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों को गिनाया।इस बीच लोगों का अपार जनसमर्थन भी भारतीय जनता पार्टी के लिए देखा जा रहा हैं।

# ईव्हीएम से दो पदों के लिए मतदान की प्रक्रिया की दी गई जानकारी

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

नगरीय निकाय आम निर्वाचन-2025 अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में जिले के नगरीय निकायों में स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से निर्वाचन प्रक्रिया को संपन्न कराने के लिए जागव बोटर कार्यक्रम के तहत व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत आज नगर पालिका परिषद कोंडागांव के जामकोट पारा वार्ड स्थित सांस्कृतिक भवन, बाजार पारा आंगनबाड़ी और बाजार पारा मिडिल स्कूल में मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान



मतदाता एक ही ईव्हीएम से अध्यक्ष और पार्षद पद के लिए मतदान कैसे करेगा इस प्रक्रिया की जानकारी प्रदान की गई, ताकि मतदाता सही तरीके से अध्यक्ष एवं पार्षद पद के लिए अपना मतदान कर सकें। साथ ही सभी मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने के लिए प्रेरित किया गया। गौरतलब है की नगरीय निकायों में आगामी 11 फरवरी को अध्यक्ष और पार्षद पद के लिए मतदान होगा।

# पतझड़ के बाद वसंत के आगमन का संदेश दे रही है प्रकृति, बिखरने लगी है बहार

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कोंडागांव जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों जैसे ही फरवरी माह शुरू हो जाता है, ठीक उसी तरह बसंत ऋतु का भी आगमन हो जाता है। ऐसा ही नजारा सुबह कोंडागांव जिले के विकासखंड बड़ेराजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत हरवेल से पिढापाल जाने वाले मार्ग पर देखा गया जो सड़क के बीचों बीच पेड़ से पत्ते गिरकर बिखरे हुए थे, इसी तरह धामनपुरी पिटीसपाल तितरवंड लिहागांव पारोंड गम्हरी डिहीपारा किबड़ा में भी देखने को मिला पतझड़ के बाद वसंत के आगमन का संकेत प्रकृति के बदलते परिवेश से लगने लगा है। पेड़-पौधे नए पत्ते धारण करने लगे हैं, फू ल खिलने लगे हैं और खेतों में पीले-पीले सरसों के फू ल लहराने लगे हैं। प्रकृति के नए श्रृंगार के साथ ही वसंत की बयार भी बहने लगी है। जाती हुई सर्दियां, बड़े होते दिन, गुनगुनाती धूप धीरे-धीरे तेज होती हुई। खेतों में नई फसल पक जाती है। सरसों, राई और मक्के के खेत मन को लुभाने लगते हैं। वसंत का उल्लास अब जन-मन के साथ ही मौसम में भी बिखरने लगा है। वसंत हर किसी को बरबस अपनी तरफ आकर्षित करता है।

# मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन इंटक किरंदुल ने किया अपने सेवानिवृत सदस्यों का सम्मान

पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com



मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन (इंटक) किरंदुल के वरिष्ठ सदस्य तथा एनएमडीसी बी आई ओएम किरंदुल काम्प्लेक्स की सेवा से माह जनवरी 2025 में सेवानिवृत्त कर्मचारी का दिनांक 1 फरवरी शनिवार एमएमडब्ल्यू इंटक भवन श्रमिक सदन किरंदुल में यूनियन के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सेवानिवृत्त साथियों को सम्मानित किया गया। उक्त सेवानिवृत्त सम्मान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं सेवानिवृत्त साथी शोभित राम, रामाधीन जुर्री तथा दिलीप डेहरिया सपरिवार यूनियन के आमंत्रण पर यूनियन भवन में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित हुए।संस्था के अध्यक्ष विनोद कश्यप व सचिव ए के सिंह के कुशल मार्गदर्शन एवं कर कमलों से आयोजित उक्त समारोह में सभी सेवानिवृत्त साथियो व परिवारजनों को पुष्पहार, शाल, गांधी टोपी, तिरंगा गमछा,और प्रतीक चिन्ह, उपहार प्रदान कर सम्माननित किया गया। उनके सम्मान में यूनियन के पदाधिकारी और सदस्य दिलीप सिंह, बिजी प्रदीप,मनमोहन साहू, हरिशंकर साहू, धनदीप सिंह ने उनके साथ बिताए पल को याद करते हुए उनके कार्यशैली, अपनत्व, स्नेह, व्यवहार के बारे में अपने उद्बोधन में भूरि भूरि प्रशंसा किये और सेवानिवृत्त जीवन के लिए बधाई शुभकामनाएं दिये। यूनियन के अध्यक्ष सचिव ने सेवानिवृत्त तीनों साथियों का एनएमडीसी किरंदुल परियोजना और इंटक यूनियन के प्रति समर्पण, त्याग, कर्मठता, इमानदारी , सेवाभाव के बारे में विस्तार से उद्बोधन में उल्लेख करते हुए स्वस्थ्य तन मन के साथ सेवानिवृत्त के लिए बधाई शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की मंगलकामनाएं किये।

# जिला पंचायत सदस्य के लिए 24 ने जमा किए नाम निर्देशन पत्र

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन-2025 अंतर्गत जिला पंचायत के सदस्य पद हेतु अब तक 65 नाम निर्देशन पत्र क्रय किए गए हैं, जिसमें से अब तक 24 लोगों ने नामांकन जमा किए हैं। साथ ही जिले में जनपद सदस्य के लिए 271, सरपंच पद के लिए 1147 और पंच पद के लिए 5994 नामांकन अब तक दाखिल हो चुके हैं। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोंडागांव विकासखण्ड से जनपद सदस्य के लिए 68, सरपंच पद के लिए 400 और पंच पद के लिए 2021, माकड़ी से जनपद सदस्य के लिए 61, सरपंच पद के लिए 206 और पंच पद के लिए 1047, फरसगांव से जनपद सदस्य के लिए 49, सरपंच पद के लिए 217 और पंच पद के लिए 1136, केशकाल से जनपद सदस्य के लिए 49, सरपंच पद के लिए 185 और पंच पद के लिए 954 तथा बड़ेराजपुर विकासखंड से जनपद सदस्य के लिए 44, सरपंच पद के लिए 139 और पंच पद के लिए 836 नाम निर्देशन पत्र अब तक दाखिल हो चुके हैं। उल्लेखनीय है कि त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन अंतर्गत नाम निर्देशन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 3 फरवरी को है तथा संवीक्षा 44 फरवरी को की जाएगी। इसी तरह अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 6 फरवरी है।

# किरन्दुल में आयोजित श्रीमद भागवत कथा महोत्सव का हुआ समापन



पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

नगरवासियों की सुख शांति समृद्धि एवं जनकल्याण की मंगल कामना को लेकर किरन्दुल व्होरा कैम्प हनुमान मंदिर प्रांगण में संगीतमय विराट श्रीमद भागवत महापुराण कथा महायज्ञ महोत्सव का आयोजन किया गया था।जिसका समापन रविवार दोपहर 01 बजे किया गया। समापन अवसर पर रविवार सुबह हवन यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने आहुति दी एवम पूजन आरती की गई। तत्पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया जिसमें किरन्दुल नगर एवं आस पास ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# गारमेंट फैक्ट्री में लगी आग करोड़ों के नुकसान का अनुमान



पायनियर संवाददाता ➤ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

जिले के बारसूर स्थित डेनेक्स गारमेंट फैक्ट्री में रविवार सुबह आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि फैक्ट्री में रखी सिलाई मशीनें, कपड़े और अन्य महंगे उपकरण जलकर खाक हो गए। हादसे के तुरंत बाद मौके पर पहुंची एसडीआरएफ टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाई। इस हादसे में करोड़ों के नुकसान की आशंका जताई जा रही है, प्रशासन द्वारा नुकसान का आकलन किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि शार्ट सर्किट की वजह से आग लगी। बता दें कि रविवार सुबह करीब 8 से 9 बजे के बीच स्थानीय लोगों ने फैक्ट्री से धुआं उठता देखा और तुरंत इसकी सूचना प्रशासन को दी। आग तेजी से फैल रही थी, जिससे अंदर रखी कई सिलाई मशीनें, कपड़े और अन्य सामान जलकर खाक हो गए। आग लगने के कारण फैक्ट्री में काम कर रहे कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और आग बुझाई। हालांकि, तब तक फैक्ट्री का एक बड़ा हिस्सा जल चुका था।

# ऊंची पहाड़ी में बच्चों ने दिखाए करतब

पायनियर संवाददाता ➤ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

अबूझमाड़ की मलखंब एकेडमी के बच्चों ने ढोलकल गणेश की प्रतिमा के पास हैरतअंगेज मलखंब का प्रदर्शन किया। टीम के होनहारों ने ऊंची बैलाडिला की पहाड़ी में प्रदर्शन कर साबित कर दिया की कोई भी काम कठिन नहीं है। वहीं गणेश भगवान की मूर्ति के पास किया गया स्टंट सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। जिसे लोग खूब पसंद कर रहे हैं। सभी बच्चे नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले के पहुंचविहीन गांव के है। वहीं बीते महीने सीएम विष्णु देव साय ने अबुझमाड़ मलखम्ब अकादमी नारायणपुर अकादमी के खिलाड़ी बच्चों से भेंट की थी। सीएम साय ने बच्चों से मुलाकात कर उनकी सराहना की और कहा था कि, यह नन्हें कदमों की एक ऊंची उड़ान है। सीएम साय ने आगे कहा कि, मलखम्ब जैसे कठिन विधा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ का नाम देश-दुनिया में रोशन किया है। सीएम साय को बच्चों ने बताया



था कि, अक्टूबर 2023 में आयोजित इंडिया गॉट टैलेंट' सीजन में देश के लगभग 200 टीमों को पछाड़कर उनकी टीम विजय प्राप्त कर चुकी है। आगामी समय में अमेरिकाज गॉट टैलेंट, बिट्रेन गॉट टैलेंट, जर्मन गॉट टैलेंट एवं कनाडियन गॉट टैलेंट आदि प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं में भी भाग लेने की तैयारी कर रही है। इसकी तैयारी नियमित तौर पर की जा रही है और हमें पूरी उम्मीद है कि, इन प्रतियोगिताओं में भी वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। इंडिया गॉट टैलेंट' के विजेता खिलाड़ी बच्चों ने बताया कि, इंडिया गॉट टैलेंट' में देश के कला जगत के प्रतिष्ठित लोगों के सामने अपनी प्रतिभा प्रदर्शन का सुनहरा अवसर मिला। साथ ही मलखम्ब जैसे कठिन विधा के बारे में जाना और हमारी टीम की लगातार हौसला अफ्जाई करने के साथ ही खूब सराहना भी की गई है। आपको बता दें कि, अबूझमाड़ मलखम्ब अकादमी नारायणपुर के हाई स्कूल खेल मैदान में 2017 से स्थापित एवं संचालित है। इसमें नारायणपुर जिले के सुदूर वन क्षेत्रों के (अधिकांश अबुझमाड़) के गरीब आदिवासी बच्चे मलखम्ब खेल का प्रशिक्षण लेते हैं। वर्तमान अवधि में यहाँ प्रशिक्षणरत प्रशिक्षणार्थी नारायणपुर के विभिन्न स्कूल/आश्रमों में अध्ययनरत है, जो पार्ट-टाईम अकादमी आकर मलखम्ब खेल का प्रशिक्षण लेकर प्रदेश, राष्ट्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अद्यतन स्थिति में कुल 412 मेडल प्राप्त कर न केवल जिला, प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश को गौरवान्वित किया है।

# युवाओं के उज्जवल भविष्य के लिए गुणवत्ता पूर्ण भोजन, शिक्षा एवं सुविधाएं उपलब्ध कराना हम सब की प्राथमिकताः राज्यपाल रमेन डेका

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




देश के लगभग 30 करोड़ बच्चे और युवा विभिन्न स्तरों पर शिक्षा प्राप्त कर रहें हैं। इस समूह के उज्जवल भविष्य के लिए गुणवत्ता भोजन, शिक्षा एवं सुविधाएं उपलब्ध कराना हम सभी की प्राथमिकता है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू कर पूरे देश में शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम खोले गए हैं, जिसमें डिग्री के साथ कौशल विकास को प्राथमिकता दी गई है। भारत को 5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। यह उद्गार राज्यपाल रमेन डेका एवं कुलाधिपति इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर ने विश्वविद्यालय के 10वें दीक्षांत समारोह में व्यक्त किये। राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के 10 वें दीक्षांत समारोह में शामिल होने से पूर्व विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण कर उनका पुण्य स्मरण किया। इस अवसर पर कृषि मंत्री राम विचार नेताम और इंटरनेशनल सेंटर फॉर जेनेटिक इंजिनियरिंग एण्ड बायोटेक्नोलॉजी, नई दिल्ली के पूर्व महानिदेशक डॉ. वांगा शिवा रेड्डी विशेष रूप से उपस्थित थे। राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के सभागार में आयोजित भव्य एवं गरिमामय दीक्षांत समारोह में शैक्षणिक वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 तक उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पदक एवं उपाधियां वितरित की गई। मेधावी विद्यार्थियों को 16 स्वर्ण, 18 रजत एवं 4 कास्य पदक प्रदान किए गए। साथ ही लगभग 4200 विद्यार्थियों को ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन और पी.एच.डी की उपाधि प्रदान की। कार्यक्रम के अध्यक्षीय उद्बोधन में राज्यपाल रमेन डेका ने उपाधि और पदक प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आपने अपनी कड़ी मेहनत से अध्ययन कर ये मेडल प्राप्त किए हैं। आपके जीवन की यह अत्यंत महत्वपूर्ण उपलब्धि है। मुझे पूरा विश्वास है कि आपने इस विश्वविद्यालय में जो शिक्षा प्राप्त की है, उसका उपयोग आप समाज एवं देश के कल्याण एवं विकास के लिए करेंगे तथा दूसरों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनेंगे। राज्यपाल रमेन डेका ने कृषि की महत्ता का उल्लेख करते हुए कहा कि दुनिया में युद्ध समाप्त होगा लेकिन खाद्य सामग्री की हमेशा जरूरत पड़ेगी। उन्होंने डॉ स्वामीनाथन के योगदानों का जिक्र किया श्वेत क्रांति से दूध के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की बात कही। उन्होंने कहा कि अब नीली क्रांति का दौर है और आज मत्स्य पालन में देश काफी आगे बढ़ चुका है।

## ऊर्जा से भरे प्रतिभाशाली युवाओं के सहयोग से होगा विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण : मुख्यमंत्री साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में भारत में सर्वाधिक जनसंख्या युवाओं की है। देश एवं प्रदेश की प्रगति में भी युवा शक्ति का भी उल्लेखनीय योगदान है। स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि आप मुझे देश के 100 ऊर्जावान युवा दे दें, मैं देश के भविष्य को बदल दूंगा। भारत के पास ऊर्जा से भरी युवाओं की पीढ़ी है, निश्चय ही हम स्वामी विवेकानंद के सपनों को पूरा करने की दिशा में सकारात्मक रूप से आगे बढ़ रहे है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य रखा है और इसे पूरा करने के लिए तेजी से काम कर रहे हैं। विकसित भारत के साथ ही विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए हमने विजन डॉक्यूमेंट बनाया है। ऊर्जा से भरे प्रतिभाशाली युवाओं के बूते निश्चित ही हम विकसित छत्तीसगढ़ के सपनों को मूर्त रूप प्रदान करेंगें। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आधुनिक युग विज्ञान एवं तकनीक का युग है। आपने जो ज्ञान अर्जित किया है, उस ज्ञान एवं तकनीक का उपयोग समाज के हित में, देश एवं प्रदेश के विकास में करने की आवश्यकता है। छत्तीसगढ़वासियों की आकांक्षाओं और सपनों को पूरा करने के लिए पूर्ण समर्पण से कार्य करें और विकसित छत्तीसगढ गढ़ने में अपना बहुमूल्य योगदान दें। रायपुर में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के सहयोग से हम अपने प्रदेश में कृषि विकास को नई ऊंचाइयों पर स्थापित करेंगे। कृषि वैज्ञानिकों और उद्यमियों की सहभागिता से हम किसानों के जीवन को खुशहाल और समृद्ध बनाएंगे। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि एक वैज्ञानिक अपनी सोच और काम से देश को कितना बदल सकता है इसका उदाहरण कृषि वैज्ञानिक डॉ. एमएस स्वामीनाथन के जीवन में हम देख सकते हैं।

# शिवरतन शर्मा द्वारा पूजन अर्चन के साथ भाटापारा कुंभ दर्शन दल का प्रयागराज महाकुंभ प्रस्थान




## भाटापारा सहित विभिन्न जिलों से यात्री शामिल

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

दुर्लभ महाकुंभ की बेला 144 वर्ष बाद आये पुण्य मुहूर्त को लेकर चंहुओर आस्था का विराट नजारा दिखाई दे रहा है, लगभग हर कदम प्रयागराज महाकुंभ की ओर अग्रसर होने को लालायित नजर आ रहें है, जिसकी बानगी प्रयागराज मे विराट जनसैलाब के रुप मे स्पष्ट रुप से नजर आ रही है, तथा विभिन्न अमृत स्नानों सहित प्रत्येक दिवस आस्था का विशाल जनसमूह उमड़ता नजर आ रहा है।

### भाटापारा मे जबर्दस्त उत्साह

दुर्लभ महाकुंभ को लेकर भाटापारा मे भी जबर्दस्त उत्साह का नजारा दिखाई दे रहा है, जनमानस का प्रयाग महाकुंभ मे भागीदारी के लिए उत्साह के साथ विभिन्न माध्यमों से कुंभ स्नान एवं कुंभ दर्शन के लिए पंहुचने का सिलसिला जारी है, आस्था की अभिव्यक्ति भव्यता एवं जबर्दस्त उत्साह के साथ चंहुओर होती हुई प्रतीत हो रही है।

### भाटापारा कुंभ दर्शन दल की भागीदारी

महापर्व महाअनुष्ठान मे भाटापारा कुंभ दर्शन दल उत्साह के साथ भागीदारी निभाता हुआ नजर आ रहा है, तथा तीर्थ यात्रा एवं तीर्थ दर्शन अनुष्ठान के विधि विधान से संपन्नता की बानगी जहां यात्रा पूर्व अभिनंदन सम्मान गुरुजी सेवा समिति द्वारा दल के सदस्यों के अभिनंदन सम्मान के रुप मे नजर आयी। वहीं संत आशीष एवं अमृत वचन श्रवण के तहत जगतगुरु शंकराचार्य के कृपा पात्र व्याख्यान दिवाकर आचार्य झम्मन शास्त्री के आशीष एवं अमृत वचन श्रवण का लाभ दल के सदस्यों को प्राप्त हुआ, 1 फरवरी को भाटापारा कुंभ दर्शन दल के सदस्य जिसमें भाटापारा सहित आसपास जिलों के लगभग 100 सदस्य महाकुंभ के लिए प्रस्थान किए। प्रस्थान की बानगी भी विधि विधान एवं पूजन अर्चन के साथ दिखाई दी।

### शिवरतन शर्मा द्वारा पूजन अर्चन

नाका नंबर एक चौक के पास कुंभ दर्शन दल के रवानगी के पूर्व प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा सपरिवार पंहुचे एवं विधि विधान से पूजन अर्चन के पश्चात जय घोष एवं जयकारे के साथ शिवरतन शर्मा एवं सीमा शिवरतन शर्मा द्वारा हनुमान लला की पताका फहराते हुए दल के सदस्यों को मंगलमय यात्रा की शुभकामनाए देते हुए कुंभ दर्शन दल को रवाना किया गया।

# महत्तारी वंदन योजना के फार्म भराते पकड़ाये युवक-युवतियां

## आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर कांग्रेसियों ने विरोध दर्ज कराया



पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

आदर्श आचार संहिता के खिलाफ महतारी वंदन योजना को लेकर रविदास वार्ड मे फार्म भराया जा रहा था। जिसकी जानकारी पार्टी कार्यकर्ताओं को मिली जिस पर उनके द्वारा पुरजोर विरोध दर्ज किया, जिसकी शिकायत थाने मे जाकर किया गया। परंतु निर्वाचन से जुड़ा मामला होने के कारण शिकायती आवेदन निर्वाचन अधिकारी को दिया गया। मामले के शिकायत के लिये 100 से अधिक लोग थाने पहुंचे हुये थे। जो कि रिपोर्ट दर्ज कराये जाने के मांग को लेकर ढाई घंटे से भी अधिक समय तक थाने मे ही तैनात रहे। जिसमें प्रमुख रुप से कांग्रेस के सदस्य पार्षद प्रत्याशी व अध्यक्ष प्रत्याशी व कार्यकर्ता विशेष रुप से उपस्थित थे।

### शिकायत के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस

शिकायत के आधार पुलिस तत्काल मौका स्थल पर पहुंचे व आवेदन फार्म भराये जाने वाले 4 लोगों को थाने लेकर आया व सम्बंधित मामले का बयान लेने के बाद छोड़ दिया गया। पकड़ाये हुई युवक व युवतियों का कहना था कि हम 28 तारीख से घर-घर जाकर महत्तारी वंदन योजना का फार्म भरा रहे थे। जो कि मूल रुप से अपने आप को राजनांदगांव का निवासी होना बताया गया। वहीं कांग्रेसियों ने कहा कि चुनाव आयोग उक्त मुद्दे को गंभीरता नही लेता है तो बहुत जल्द पुरजोर विरोध प्रदर्शन करेगी ताकि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन को रोका जा सके व इस तरहा के कृत्य पर लगाम लगाया जा सके।

# गौरव विद्या मंदिर में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव



पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

शंकर बाल उन्नयन सेवा समिति द्वारा संचालित गौरव विद्या मंदिर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, इस अवसर पर उपस्थित हमारे विद्यालय के संचालक तेज कुमार पंडा, प्राचार्य दिनेश कुमार सतपथी, प्रधानाचार्य रामचंद्र बॉईल, मुख्य अतिथि संतोष साहू भूतपूर्व कोलता समाज प्रदेश अध्यक्ष, ग्राम बैंगनडीह विशिष्ट अतिथि विजय साव ग्राम पैकिन ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथियों का स्वागत कन्या भारती एवं किशोर भारतीयों के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के आरंभ हमारे विद्यालय के प्रधानाचार्य रामचंद्र बॉइल के द्वारा स्कूल का शुरुआत से अभी तक का प्रतिवेदन पढ़ा गया। मंच का सफल संचालन प्रफुल्ल बारीक एवं सविता प्रधान के द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन प्राचार्य दिनेश कुमार सतपथी के द्वारा किया गया। पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का योगदान रहा। वार्षिक उत्सव आयोजन सफल और उद्देश्य पूर्ण रहा। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी सरवरी निशा एवं माधुरी पटेल ने दी।

# मोदी सरकार के नए बजट राजनीतिक लाभ लेना है : राजा देवांगन

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com



केंद्र सरकार द्वारा 2025-26 का बजट पेश किया गया। जिस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन ने कहा कि मोदी सरकार का यह बहुत निराशाजनक बजट है। इसे दिल्ली के मतदाताओं को लुभाने के लिए बनाया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यह कहते हुए बड़ी छूट दी है कि 12 लाख रुपये पर कोई टैक्स नहीं है। फिर वह कहती हैं कि 8.12 लाख रुपये के लिए 10 प्रतिशत का स्लैब है जो कि बहुत भ्रामक है। वह मतदाताओं से वादा करने की कोशिश करती हैं कि 12 लाख रुपये तक कर में छूट है, लेकिन यह सरल और सीधा नहीं है बल्कि उन्हें टीडीएस और इन सभी चीजों में दावा करना होगा। एक बार फिर मध्यम वर्ग के लिए निराशा वाला बजट है। ऐसा लगता है कि वित्त मंत्री ने एक बार फिर मध्यम वर्ग को धोखा दिया है। राजा देवांगन ने आगे कहा कि बजट का बुनियादी ढांचा देश के बाकी हिस्सों के लिए नहीं है। यह केवल बिहार की ओर जा रहा है। मखाना बोर्ड की स्थापना, ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट, पश्चिमी कोसी कैनाल परियोजना के लिए आर्थिक मदद मिलने से यहां के किसानों को फायदा होगा। इस बजट में पटना आईआईटी के विस्तार का प्रावधान व राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी, उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान की स्थापना जैसी घोषणाएं की गई हैं क्योंकि इस साल बिहार में चुनाव हैं। छत्तीसगढ़ या किसी अन्य दक्षिणी राज्य के लिए एक भी शब्द नहीं है जो कि भाजपा सरकार द्वारा जारी इस बजट को राजनैतिक लाभ हेतु बनाए जाने की पुष्टि करते हैं।

# 18 वर्ष से कम आयु के निरूद्धों के चिन्हांकन हेतु उपजेल बलौदाबाजार का किया निरीक्षण




पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड बलौदाबाजार मंजु सिन्हा की अगुवाई में विशेषज्ञ समिति के सदस्यों के द्वारा उपजेल बलौदाबाजार का निरीक्षण किया गया। समिति के द्वारा उपजेल बलौदाबाजार के विभिन्न बैरकों में जाकर प्रथम दृष्ट्या में 18 वर्ष से कम आयु के लग रहे निरूद्धों से उनके आयु के संबंध मे पूछताछ की गई। कोई भी 18 वर्ष से कम आयु का बालक जेल में निरुद्ध नही मिला। कुछ विचाराधीन निरूद्धों के द्वारा विधि विरूद्ध कार्य के समय में अपनी आयु 18 वर्ष से कम होने की जानकारी विशेषज्ञ समिति को प्रदान की। जिनके प्रकरणो में समुचित कार्यवाही दस्तावेज सत्यापन के उपरांत करने का आश्वासन प्रधान मजिस्ट्रेट के द्वारा किया गया। उपजेल बलौदाबाजार में वर्तमान में निरुद्ध 435 बंदियों में से 18 से 25 वर्ष आयु के 24 निरुद्धों के साथ विशेषज्ञ समिति के द्वारा संवाद किया गया। जेल अधीक्षक अभिषेक मिश्रा द्वारा उपजेल में बंदियों के स्वास्थ्य परीक्षण तथा वोकेशल प्रशिक्षण के लिए किये जा रहे प्रयासो के संबंध में विशेषज्ञ समिति के सदस्यों को जानकारी प्रदान की। ज्ञातव्य है कि कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग बलौदाबाजार द्वारा जिले में बाल अधिकारों के संरक्षण हेतु विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। आयु संबंधित समुचित एवं विधि सम्मत दस्तावेजों के अभाव में 18 वर्ष से कम आयु के बालकों को जेल में निरूद्ध किए जा सकने की संभावना को दृष्टिगत करते हुए विशेषज्ञ समिति का गठन जिले में किया गया है। जिनके द्वारा प्रत्येक त्रैमास में जेलों का निरीक्षण कर प्रथम दृष्ट्या में 18 वर्ष से कम आयु के लग रहे निरूद्धों का चिन्हांकन किया जाता है। इस दौरान जिला विधिक साक्षरता से नामांकित सदस्य रमेश कुमार पटेल, जिला बाल संरक्षण अधिकारी प्रकाश दास तथा टुकेश्वर लाल जगत उपस्थित रहे।

# यदुवंश प्रभु कृष्ण के वंशज आदिकाल से धर्म एवं गौ वंश संरक्षण इनका प्रमुख कार्य : दीपक

## डोढ़की में संपन्न हुआ कोसरिया यादव समाज का सम्मेलन

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com



अमेठी पाली के कोसरिया यादव समाज का सम्मेलन ग्राम डोडकी में संपन्न हुआ जिसमें हिन्दू जागरण मंच के प्रांत युवा प्रमुख दीपक सिंह ठाकुर, अभिषेक शर्मा, वेदप्रकाश साहू, जतिन देवांगन, विकाश राठी, प्रेम साहू शामिल हुए। समाज जनों को संबोधित करते हुए दीपक सिंह ठाकुर ने कहा कि आदिकाल से यदुवंश प्रभु कृष्ण के वंशज होकर निरंतर धर्म की रक्षा के लिए कार्य कर रहे है। साथ ही गौ वंश के संरक्षण कार्य यदुवंश के द्वारा किया जाता हैं। यह कार्य यदुवंश का परंपरागत कार्य है। यदुवंश, भारत के उन लोगों का समुदाय है जो प्राचीन राजा यदु का वंशज हैं। यदुवंशियों को यादव भी कहा जाता है। यदुवंश, चंद्रवंशी क्षत्रियों की सबसे बड़ी शाखा है। यदुवंश के लोग मूल रूप से अहीर थे। महाभारत में वर्णित यादव पशुपालक गोप आभीर क्षत्रिय थे। भागवत धर्म को मुख्य रूप से अहीरों का धर्म माना जाता था। कृष्ण स्वयं अहीर के रूप में जाने जाते थे। दीपक सिंह ठाकुर ने यदुवंशी समाज को बताया कि यादव समाज की माताएं तो समूची सृष्टि में सर्वश्रेष्ठ हैं, क्योंकि सारे लोकों के स्वामी को जिस यशोदा मैय्या ने अपनी गोद में खिलाया और गोकुल की जिन माताओं ने उनके बाल लीला में सहभागी बने वो सभी यदुवंशी माताएं ही थी। सारे यदुवंशी पौराणिक काल द्वापर युग के क्षत्रिय वंश के ही हैं, ठाकुर जी हमारे कृष्ण कन्हैया का एक नाम माधव है, इसलिए जय यादव जय माधव कहा जाता है।

# एस्पायर अकेडमी द्वारा शास.स्कूल कुरूद में फ्री काउंसिलिंग एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ एस्पायर अकैडमी की टीम द्वारा कुरूद के शासकीय उच्चतर विद्यालय मैं फ्री काउंसलिंग कराया गया जिसमे बच्चो को आगे के लिए मार्गदर्शन दिया गया और यह बताया की 11वी, 12वी के बाद बच्चे किस किस फील्ड में जा सकते है और किन किन कम्पेटिटिव एग्जाम के लिए फोकस कर सकते है। स्कूल के प्रिंसिपल के आर साहू और स्कूल के इंचार्ज सुनील जॉन सर ने सीजी एस्पायर अकैडमी के इस कार्य को खूब सराहा और ये भी कहा की शासकीय स्कूल के बच्चो को इस तरह के प्रोग्राम की बहुत आवश्यकता है जिससे बच्चो को मोटिवेशन मिले और साथ ही उनको भविष्य में क्या करना है उसकी भी जानकारी मिले। उनका ये भी कहना था की भविष्य में शासकीय स्कूल के विद्यार्थियों के लिये इसी तरह के प्रोग्राम पर और भी फोकस करे और एस्पायर अकैडमी जैसे इंस्टिट्यूट को सपोर्ट करे जिससे वे फ्री काउंसलिंग जैसी सुविधा को पूरे धमतरी जिले और आगे छत्तीसगढ़ राज्य में भी कराते चले। सीजी एस्पायर अकैडमी के डायरेक्टर आकाश सिन्हा का कहना है कि ये उनका ड्रीम प्रोजेक्ट जिसके तहत वे इस प्रकार का प्रोग्राम हमेशा कराना चाहते है और कराते रहेंगे। ख़ास कर उन स्टूडेंट्स के लिए जो आर्थिक स्थिति से कमजोर है और जो आगे भविष्य में कुछ करना चाहते है परंतु उन्हें मार्गदर्शन नहीं मिल पा रहा। सीजी एस्पायर अकैडमी की सभी टीम उपस्थित रहे जिसमे पंकज विश्वकर्मा, हर्षिता साहू, प्रदीप साहू रहे जो अलग अलग विभाग में एक्सपर्ट है। आने वाले समय में सीजी एस्पायर अकैडमी भी स्कूल और कॉलेज कवर करेंगे जिसमे वे इसी तरह का प्रोग्राम संचालित करते रहेंगे।

# भाजपा अध्यक्ष पद प्रत्याशी अश्वनी शर्मा को हर पीढ़ी हर वर्ग का मिल रहा समर्थन

## भाटापारा क्षेत्र की जनता से मिल रहा अपार जनसमर्थन, नगर के कोने कोने का होगा विकास : अश्वनी शर्मा

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com



भाजपा से नगर पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी अश्वनी शर्मा वार्ड पार्षद उम्मीदवारों के साथ जनसंपर्क पे निकले। शहर में घूमकर उन्होने बड़े, बुजुर्ग, माता, बहनों का आर्शीवाद लिया एवं युवाओं से सहयोग और समर्थन मांगा। अश्वनी शर्मा ने जनता से अपील करते हुए कहा की केंद्र सरकार में प्रधानमंत्री मोदी की उज्ज्वला योजना, आयुष्मान योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि योजना के तहत सभी माता बहनों, किसानों को योजना का लाभ मिला है। वही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के एक साल के कार्यकाल में जनता को महतारी वंदन का लाभ, तीर्थ योजना के अनुसार श्री राम लला के दर्शन का सौभाग्य, किसानों को 3100 रुपए समर्थन मूल्य में धान खरीदी एवं युवाओं को रोजगार का अवसर मिला है। साथ ही भाटापारा नगर में जितने भी बड़े विकास के कार्य हुए है सभी उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा के द्वारा करवाये गए है। सिविल हॉस्पिटल का दर्जा, गौरव पथ, ला कालेज, पालिटेक्नीक कालेज, आई टी आई कालेज, क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल, अंडर ब्रिज, ओवर ब्रिज जैसे अनेको विकास के कार्य हुए है। अश्वनी शर्मा ने कहा की देश में डबल इंजन की सरकार है आपसे मिल रहे अपार जनसमर्थन से मुझे पुरा विश्वास है की है की इस बार भाटापारा नगर में अध्यक्ष पद सहित पार्षद पदों में कमल का ही फूल खिलेगा। अश्वनी शर्मा ने परशुराम वार्ड, गाँधी मंदिर वार्ड, दाऊ कृष्ण कुमार वार्ड और नयागंज वार्ड में जनसम्पर्क किया। उक्त अवसर पर मोहन बांधे, लुकू साव, नभ नारायण साहू, गोपाल देवांगन, अनुभव गुप्ता, महेन्द्र ठाकुर, विनय ठाकुर, राजू पटेल, अभिषेक मोदी, मन्नू बंठिया, अजित निषाद, रविन्द्र ठाकुर, आयशा खान, सूरज भोई, प्रदीप बंजारे, नरेंद्र वैष्णव, सत्यजीत सेन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्त्ता एवं वार्डवासी उपस्थित थे।

# निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर छह शिक्षकों पर कलेक्टर ने की निलंबन की कार्यवाही

## निर्वाचन कार्यों मे उदासीनता और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी: कलेक्टर

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के तहत मतदान दलों का प्रशिक्षण 2 फरवरी 2025 को आयोजित किया गया, जिसका निरीक्षण कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान कई कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए और कुछ द्वारा निर्वाचन कार्यों में उदासीनता बरती गई। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने इस पर गंभीर संज्ञान लेते हुए उक्त कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की है। कलेक्टर ने बताया कि अनुपस्थित और उदासीन कर्मचारियों का यह कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951, और छत्तीसगढ़ स्थानीय प्राधिकारी (निर्वाचन अपराध) अधिनियम 1964 के तहत दंडनीय है। इन नियमों के उल्लंघन के आधार पर उक्त कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन की सूची में विकास कुमार वर्मा (सहायक शिक्षक, स्वामी आत्मानंद स्कूल, ठेलका), निर्मल ठाकुर (व्याख्याता, हायर सेकेंडरी स्कूल, बोरतरा), कमलेश कुमार वर्मा (हायर सेकेंडरी स्कूल, बोरतरा), नागेश्वर चौहान (सहायक शिक्षक, शासकीय प्राथमिक शाला, केशतरा), मनोज कश्यप (शिक्षक एलबी, शासकीय माध्यमिक शाला, घिवरी), और चैन सिंह ठाकुर (शिक्षक, पूर्व माध्यमिक शाला, कोंगियाकला) शामिल हैं। निलंबन अवधि के दौरान इन सभी कर्मचारियों का मुख्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, बेमेतरा निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने स्पष्ट किया है कि निर्वाचन प्रक्रिया की शुचिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशासन ने निर्वाचन कार्य को गंभीरता से लेने और सभी कर्मचारियों को अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभाने की अपील की है।

## निर्वाचन ड्यूटी से असमर्थता पर शिक्षक को कारण बताओ सूचना, कलेक्टर ने दी सख्त चेतावनी

नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के तहत सभी विकासखंड मे मतदान दल का प्रशिक्षण 2 फरवरी 2025 को आयोजित किया गया 7 जिसका निरीक्षण कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर रणबीर शर्मा ने निर्वाचन कार्य की तैयारियों की समीक्षा की और अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मतदान दलों को निर्वाचन प्रक्रिया के विभिन्न चरणों के बारे में विस्तृत जानकारी दी और सभी को अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा और पारदर्शिता से निभाने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण मे शिक्षक एलबी गेंदराम डेहरे ग्राम जोगीपुर एवं चन्द्रिका प्रसाद शिक्षक एलबी ग्राम खैरझिटी द्वारा निर्वाचन ड्यूटी करने में असमर्थता व्यक्त की गई। इस पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने गंभीर संज्ञान लेते हुए गेंदराम डेहरे को कारण बताओ सूचना जारी की है। कलेक्टर द्वारा जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि शिक्षक का यह कृत्य सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के प्रावधानों का उल्लंघन है और इसे अनुशासनहीनता के रूप में देखा जा रहा है। कलेक्टर ने उन्हें निर्देशित किया है कि 24 घंटे के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें। अगर स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाया गया, तो उनके खिलाफ एकपय कार्यवाही की जाएगी। साथ ही, अनिवार्य सेवानिवृत्ति का प्रस्ताव शासन को भेजने की चेतावनी भी दी गई है। इस मामले को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है और निर्वाचन कार्य में लापरवाही को गंभीरता से लिया जा रहा है। इसके अलावा प्रशिक्षण ले रहे मतदान कर्मियों को कलेक्टर शर्मा ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया का संचालन निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से किया जाना चाहिए।

# भिलाई वासियों की पहल पर अमेरिका में गूंजी हिंदी की कविताएं

## हिंदी यूएसए सेंट लुइस ने सफलतापूर्वक आयोजित की 7वीं वार्षिक कविता प्रतियोगिता




पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com

भिलाई वासियों के पहल से अमेरिका में स्थापित अंतरराष्ट्रीय संगठन हिंदी यूएसए सेंट लुइस ने महात्मा गांधी केंद्र में अपनी 7वीं वार्षिक हिंदी कविता प्रतियोगिता का आयोजन सफलतापूर्वक किया। यह आयोजन भारतीय गणतंत्र दिवस की थीम पर आधारित था, जिसमें छात्रों ने अपनी अद्भुत प्रतिभा और उत्साह का प्रदर्शन किया। कई छात्रों ने भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों की वेशभूषा पहनकर, तिरंगा हाथ में लेकर देशभक्ति कविताओं का पाठ किया।

इस कार्यक्रम का नेतृत्व इस्पात नगरी भिलाई में पले-बढ़े मयंक जैन, उनकी पत्नी और भिलाईवासी अंशु जैन के साथ मेघना लुंकड ने किया। मयंक जैन ने बताया कि, यह लगातार 7वां वर्ष है जब हिंदी यूएसए सेंट लुइस ने हिंदी कविता प्रतियोगिता आयोजित की है। यह स्कूल 2018 में मात्र 22 छात्रों से बढ़कर 230 पंजीकृत छात्रों तक पहुंच गया है।

जिससे यह पूरे मिडवेस्ट यूएसए का सबसे बड़ा गैर-लाभकारी हिंदी स्कूल बन गया है और यह पूरे अमेरिका में सबसे बड़ी हिंदी प्रतियोगिताओं में से एक है। आयोजन के लिए समीर, धर्मेश और जयेश को विशेष धन्यवाद दिया गया। समीर ने कहा, ÷भाषा, भूषा और भोजन किसी भी संस्कृति के अभिन्न अंग हैं। हिंदी यूएसए का भारतीय संस्कृति को बनाए रखने में योगदान अत्यंत मूल्यवान है। प्रतियोगिता में 130 प्रतिभागियों ने आठ स्तरों पर हिस्सा लिया, जिसमें कविताएँ हल्के-फुल्के विषयों से लेकर रामधारी सिंह दिनकर और हरिवंश राय बच्चन जैसे कवियों की प्रेरणादायक और देशभक्ति कविताओं तक थीं। विजेता अब हिंदी यूएसए स्कूलों की अगली प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम का समापन मिसौरी कराटे एसोसिएशन द्वारा प्रस्तुत एक शानदार ताइक्वांडो प्रदर्शन के साथ हुआ, जो वंदे मातरम की धुन पर आधारित था। यह आयोजन भारतीय संस्कृति और छात्रों की प्रतिभा का अद्भुत संगम बन गया।

# लीनेस क्लब की पहल के चलते धूमधाम से विदा हुई गरीब की बेटी

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com



लीनेस क्लब भिलाई की पहल से एक गरीब परिवार की बेटी की विदाई धूमधाम से हुई। प्रयास मूक बधिर शाला में सेवारत आया ने लीनेस क्लब की सदस्यों की इस पहल के लिए आभार जताया है। दरअसल, इस आया की बेटी के विवाह में आर्थिक परेशानियां सामने आ रही थीं। इस आया ने लीनेस क्लब की अध्यक्ष रीटा कुखरानिया और सचिव माला पोपली और कोषाध्यक्ष राजश्री से संपर्क किया। इसके बाद लीनेस क्लब की सदस्यों ने आपसी सहयोग कर इस बेटी के विवाह में यथासंभव उपहार व अन्य तरीके से मदद की। लीनेस क्लब की सदस्यों ने इस गरीब परिवार की बेटी के शानदार तरीके से विवाह संपन्न होने पर संतोष जताया है। क्लब की ओर से मंजू सुराना, जया त्रिवेदी, करुणा बंसल, सुषमा गुप्ता, अन्नू विनायक, स्नेह गुप्ता, मंजू तिवारी, विभा भूटानी, ममता मुंदडा, सुषमा उपाध्याय, नीता गुप्ता, कल्पना श्रीवास्तव, अर्चना मिश्रा, लता मंत्री, संगीता अग्रवाल, शालिनी सोनी, नूतन गंधोक, अनु विनायक, प्रिया रस्तोगी, नीलू सिंघल, जया त्रिवेदी, उज्ज्वला सिंघल,अरुणा लिंगला, मनीषा सिन्हा, मधु परती, सीमा यादव, लक्ष्मी, तृप्ता कौर कैम्बो, संगीता अग्रवाल, उषा अग्रवाल, उमा गुप्ता अमित सारस्वत,गीता मिश्रा, पूनम आहूजा और शक्ति धरनि ने इस पुनीत कार्य में अपना विशिष्ट योगदान दिया।

# मास्टर ट्रेनर के द्वारा ईवीएम के जरिए निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया की दी गई जानकारी

## नगरीय निकाय चुनाव 2025 के प्रत्याशियों के समक्ष ईवीएम मशीन का सफल प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में मास्टर ट्रेनर द्वारा नगरीय निकाय निर्वाचन-2025 में उपयोग होने वाली इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) का प्रत्याशियों के समक्ष प्रदर्शन (डेमोस्ट्रेशन) किया गया। इस दौरान मास्टर ट्रेनर ने ईवीएम मशीन की कार्यप्रणाली और निष्पक्ष मतदान प्रक्रिया की जानकारी दी। प्रदर्शन के दौरान मास्टर ट्रेनर ने ईवीएम के विभिन्न हिस्सों और उनके कार्यों का विस्तार से परिचय कराया। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे मशीन से चुनावी प्रक्रिया को पारदर्शी और त्वरित बनाया जाता है। इस अवसर पर उपस्थित प्रत्याशियों ने अपनी शंकाओं का समाधान करते हुए ईवीएम के उपयोग के संबंध में प्रश्न पूछे। मास्टर ट्रेनर ने यह भी स्पष्ट किया कि सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा उपायों का विशेष ध्यान रखा जाएगा, ताकि मतदान प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी से बचा जा सके। साथ ही, उन्होंने मतदान के दौरान हर मतदाता की गोपनीयता और स्वतंत्रता को सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया। ईवीएम के प्रदर्शन के साथ-साथ मास्टर ट्रेनर ने डिजिटल तकनीकी के माध्यम से चुनाव में पारदर्शिता बढ़ाने के महत्व को भी बताया ताकि वे अधिक आत्मविश्वास के साथ चुनावी प्रक्रिया में भाग ले सकें।

# संयुक्त संचालक महेश कुमार साठिया व्यय प्रेक्षक नियुक्त, व्यय प्रेक्षक का हुआ आगमन

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगरीय निकाय निवार्चन 2025 के लिए नगर पालिक निगम दुर्ग/नगर पालिका परिषद कुम्हारी, अहिवारा/ नगर पंचायत उतई, पाटन, धमधा में निर्वाचन लड़ने वाले महापौर/ अध्यक्ष प्रत्याशियों के द्वारा किए जा रहे व्यय का सूक्ष्म निरीक्षण व मॉनीटरिंग के लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा संयुक्त संचालक महेश कुमार साठिया को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। व्यय प्रेक्षक महेश कुमार साठिया का आगमन आज जिले में हो चुका है। व्यय से संबंधित किसी भी विषय पर मार्गदर्शन/शिकायत आदि के निराकरण के लिए व्यय प्रेक्षक साठिया से कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन कलेक्टोरेट परिसर में प्रातः 11 से दोपहर 01 बजे तक भेंट कर सकते है। मोबाईल नंबर 9424262396 पर इस अवधि में चर्चा की जा सकती है।

## रिटर्निंग ऑफिसर ने अभ्यर्थियों और अभिकर्ताओं को दी निर्वाचन प्रक्रिया एवं आदर्श आचरण संहिता संबंधित आवश्यक जानकारी

**दुर्ग।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज रिटर्निंग ऑफिसर अरविंद एक्का ने नगरीय निकाय आम निर्वाचन-2025 में भाग लेने वाले सभी अभ्यर्थियों और अभिकर्ताओं की बैठक ली। बैठक में उन्होंने अभ्यर्थियों और अभिकर्ताओं को आदर्श आचरण संहिता सहित निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित अन्य बिंदुओं से विस्तार से अवगत कराया।

# विधायक भावना बोहरा का समर्थकों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ भव्य स्वागत किया गया

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



पंडरिया विधायक भावना बोहरा का डौंडीलोहारा कालीमाता मंदिर समीप भाजपा नगर पंचायत अध्यक्ष पद प्रत्याशी राजपरिवार से कुंवर लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम ने अपने समर्थकों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिले के भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख, पूर्व जिलाध्यक्ष पवन साहू, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र जायसवाल, आसपास के सभी मंडलों के अध्यक्ष पार्षद गण मौजूद रहे। काली माता मंदिर में पूजा अर्चना कर सभी प्रत्याशीयों का हौसला बढ़ाया और अपने सम्बोधन में कहा कि आप सभी एक जुट होकर भाजपा को विजयी दिलवाये जिससे केंद्र और राज्य में ट्रिपल इंजन की सरकार से भाजपा के विभिन्न योजानाओं का क्रियान्वयन हो सके। इस अवसर पर कुंवर लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम को भारी मतों से विजयी बनाने से लेकर सभी पार्षदों को भी एक जुटता का परिचय देते हुए अग्रिम जीत की शुभकामनाएं दिये। इस भेंट मुलाकात में के अवसर पर डौण्डी लोहारा नगर पंचायत के गणमान्य नागरिकों के साथ, सभी वार्डों की महिलाएं बच्चे बूढ़े युवावर्ग भी उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, पूर्व जिलाध्यक्ष पवन साहू, कुंवर लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र जायसवाल, देवालाल ठाकुर, जयेश ठाकुर बलराम गुप्ता जशराज शर्मा, रूपेश सिन्हा महावीर तातेड़, महेंद्र जायसवाल, संदीप जैनधर्मेंद निषाद दिलीप बाफना, राजू भंसाली, हरीश कटझरे, प्रणव साहू, गोपी साहू, बंटी रजक, लिलेंद्र सिन्हा, रूपेश सिन्हा, प्यारे लाल निषाद, धीरेन्द टाकपलाश गुप्ता, राजू सिन्हा, जीतू सोनी, मोंटी, देवाशीष यादव, निखिल शर्मा धीरज जैन रवि जैन पवन देवागन मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा, माया ठाकुर, ममता यादव,पायल सोनी, लता गुप्ता,सौहाद्र देवांगन, सुभद्रा टांडेकर, भारती यादव, नेहा उपाध्याय सहित अन्य पार्षद प्रत्याशी तथा ग्राम किसान समिति के सभी सदस्य तथा युवा भाई उपस्थित रहे।

# निर्वाचन कार्य में लापरवाही पर तीन प्रधान पाठकों को कारण बताओ नोटिस

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत आयोजित मतदान दलों के प्रशिक्षण के दौरान निर्वाचन कार्यों में लापरवाही और उदासीनता बरतने पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित और निर्वाचन कार्यों में असमर्थता व्यक्त करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इस कार्यवाही में सुनील राजपूत (प्रधान पाठक, शासकीय प्राथमिक शाला मौहाभाटा), नवीन दास गोस्वामी (हेड मास्टर, शासकीय प्राथमिक शाला नवागांवखुर्द), और होरिलाल घृतलहरे (हेड मास्टर, शासकीय प्राथमिक शाला मुढ़िया) शामिल हैं। इन सभी शिक्षकों से निर्वाचन प्रक्रिया में लापरवाही बरतने के संबंध में 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण मांगा गया है। कलेक्टर द्वारा जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि निर्वाचन कार्य में उदासीनता सिविल सेवा आचरण नियम 1965, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 और छत्तीसगढ़ स्थानीय प्राधिकारी (निर्वाचन अपराध) अधिनियम 1964 के तहत दंडनीय है। यदि निर्धारित समयावधि में संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं प्राप्त होता है, तो इनके विरुद्ध एकपय कार्यवाही की जाएगी। साथ ही, अनिवार्य सेवानिवृत्ति का प्रस्ताव शासन को भेजने की चेतावनी भी दी गई है। इस मामले को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है और निर्वाचन कार्य में लापरवाही को गंभीरता से लिया जा रहा है।

# भृत्य छोटे लाल यादव को दी गई भावभीनी बिदाई

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय (रा) दुर्ग में पदस्थ रहें भृत्य छोटे लाल यादव को 31 जनवरी को उनकी अर्धवाषिकी पूर्ण होने पर (सेवानिवृत) एसडीएम परिवार दुर्ग द्वारा बिदाई दी गई। छोटेलाल यादव सन 1980 में डेलीविजेश के रुप में नौकरी की शुरुआत किये थे और 1994 में नियमित होकर शासकीय सेवक के रुप में नौकरी में आये तब से लेकर अनवरत रुप से राजस्व भृत्य के रुप में तहसील कार्यालय एवं एसडीएम कार्यालय में पदस्थ रहें एवं शासकीय दायित्वों का निर्वहन किये। इस बिदाई समारोह में छोटेलाल यादव के तीनों पुत्र सहित उनके छोटे छोटे नाती भी उपस्थित हुए। कार्यक्रम में तहसील एवं एसडीएम कार्यालय के समस्त स्टॉफ तहसीलदार दुर्ग और एसडीएम हरवंश सिँह मिरी उपस्थित होकर छोटेलाल यादव के अब तक सेवाकाल में उनके द्वारा की गई सेवा की तारीफ करते हुए उनके सुखद स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना की गई एवं साल श्रीफल से सम्मानित कर स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

## चुनाव के संचालक प्रभारीयों की नियुक्ति की गई

**दल्लीराजहरा।** नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा चुनाव के संचालक प्रभारीयों की नियुक्ति की गई।जिसमे राजहरा व्यापारी संघ अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता गोविंद वाधवानी एवं राजेश दसोड़े को निकाय चुनाव का संचालक प्रभारी बनाया गया है। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख के द्वारा नगरपालिका परिषद दल्लीराजहरा चुनाव हेतु यह नियुक्ति की गई है। इसके पूर्व वाधवानी नगर पालिका एवं विधानसभा लोकसभा में चुनाव की जवाबदारी निभा चुके हैं दो बार अंतागढ़ विधानसभा चुनाव प्रभारी रहे हैं उन्होंने पार्टी नेतृत्व को यह जिम्मेदारी देने के लिए आभार व्यक्त किया है। वे अपनी जिम्मेदारी में खरे उतरेंगे ऐसा विश्वास उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ जनों को दिया साथ ही सभी वरिष्ठ कनिष्ठ एवं सभी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर चुनाव जीतने का विश्वास उन्होंने दिया है।

## चुनाव विज्ञापनों पर इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया के लिए पूर्व अनुमति अनिवार्य

# संभाग एवं जिला स्तरीय एमसीएमसी समिति का गठन

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर ने नगर निगम, नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के आम चुनावों के दौरान निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए पेड न्यूज के मामलों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। पेड न्यूज से आशय उन समाचारों से है, जो प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, सोशल मीडिया आदि में विज्ञापन के रूप में नहीं बल्कि एक सामान्य समाचार के रूप में प्रकाशित या प्रसारित होते हैं। ये समाचार किसी विशेष राजनैतिक दल या अभ्यर्थी के पक्ष में होते हैं, जिससे मतदाताओं का झुकाव प्रभावित हो सकता है। इसे स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया के लिए बाधक माना गया है। इस समस्या से निपटने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। जिसके तहत पेड न्यूज के मामलों को चिन्हित कर जांच करने हेतु जिला स्तर पर मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति का गठन किया गया है। यह समिति चुनावी प्रक्रिया के दौरान मीडिया में प्रसारित होने वाले सभी समाचारों की निगरानी करेगी। सामान्य निर्वाचन के दौरान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया टीवी चौनल्स, केबल नेटवर्क एवं रेडियो चौनल पर राजनीतिक विज्ञापन देने के पूर्व अनिवार्य रूप से प्रमाणीकरण कराए जाने के दिशा निर्देश दिए गए हैं। इन निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करने के लिए लिखित आदेश जारी किया गया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि राजनीतिक दलों व निर्वाचन अभ्यर्थियों को प्रिंट मीडिया मे विज्ञापनों का प्रमाणीकरण कराने के लिये निर्धारित प्रपत्र में प्रचार-प्रसार सामग्री की सॉफ्ट कॉपी मेन स्क्रिप्ट के साथ निर्वाचन के 48 घंटे पहले प्रस्तुत करनी होगी। आयोग के इस निर्देश का उल्लंघन होने पर संबंधित राजनीतिक दल अथवा उम्मीदवार के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। राजनीतिक विज्ञापनों के संवीक्षा व प्रसारण का प्रमाणीकरण प्रमाण-पत्र जारी करने के लिये जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिक्रेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी का गठन किया गया है। निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त विज्ञापन की विषयवस्तु एवं मेन स्क्रिप्ट का भली भांति परीक्षण कर यह सुनिश्चित किया जायेगा कि इसके प्रसारण से किसी भी व्यक्ति, धर्म, संप्रदाय, जाति या वर्ग विशेष के खिलाफ भड़काऊ भाषा का उपयोग तो नहीं किया गया है। साथ ही यह भी देखा जाएगा कि विज्ञापन के प्रसारण से आचार संहिता का उल्लंघन तो नहीं हो रहा है।

### संभाग स्तरीय एवं जिला स्तरीय एमसीएमसी समिति का गठन

जिले में पेड न्यूज पर प्रभावी नियंत्रण के लिए संभाग स्तरीय एवं जिला स्तरीय एमसीएमसी समिति का गठन किया गया है। संभाग स्तरीय समिति के अध्यक्ष संभागायुक्त है और जिला स्तरीय समिति के अध्यक्ष अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी है। सहयोग के लिए अनुविक्षण ईकाई में आठ अधिकारी/कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गयी है। यह समिति निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के पश्चात मतदान की तिथि तक मीडिया में प्रकाशित या प्रसारित होने वाले समाचारों पर गहन निगरानी रखेगी। यदि कोई समाचार संदिग्ध पाया जाता है, तो उसे समिति द्वारा जांचा जाएगा और पेड न्यूज प्रमाणित होने पर उसका खर्च संबंधित अभ्यर्थी के चुनाव खर्च में जोड़ा जाएगा।

# सरकारी स्कूल के बच्चों को मिलेगा ठंडा पानी शुकराना समिति ने दान किया वाटर कूलर



पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com

शुकराना महिला सेवा समिति ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कृष्णा नगर सुपेला में वाटर कूलर सेवा कार्य के रूप में दान किया।जिससे यहां के बच्चों को ठंडा पानी पीने के लिए स्कूल के बाहर न जाना पड़े। स्कूल की प्राचार्या शुभ्रा भट्टाचार्य, स्कूल के शिक्षक स्टाफ एवं उपस्थित बच्चों ने वाटर कूलर प्राप्त कर शुकराना महिला सेवा समिति के प्रति आभार प्रकट किया है। संस्था की ओर से प्रमुख रूप से रीटा कुखरानिया, बलविंदर कौर एवं सहयोगी नगीना यादव ने अपना योगदान दिया।



## क्या एस एस राजामौली की फिल्म में नजर नहीं आएंगे पृथ्वीराज सुकुमारन?

**सुपरस्टार महेश बाबू और एस एस राजामौली अपनी एक्शन एडवेंचर फिल्म को लेकर काफी ज्यादा सुर्खियां बटोर रहे हैं। इस फिल्म का अस्थाई नाम एसएसएमबी 29 रखा गया है। फिल्म में मुख्य अभिनेत्री के तौर पर प्रियंका चोपड़ा नजर आ सकती हैं।**

### पृथ्वीराज को लेकर लग रहे कयास

जहां एक ओर इस फिल्म को लेकर फैंस में जबर्दस्त उत्साह है। वहीं, दूसरी ओर मलयालम फिल्म इंडस्ट्री के स्टार पृथ्वीराज सुकुमारन के इस फिल्म में काम करने को लेकर भी तरह-तरह के दावे किए जा रहे हैं। हाल ही में अभिनेता ने इस मुद्दे पर अपने खास अंदाज में जवाब दिया।

### अभिनेता ने दी प्रतिक्रिया

पृथ्वीराज ने कहा, लगता है कि सभी लोग मुझसे ज्यादा इस फिल्म के बारे में जानते हैं। देखिए, अभी तक कुछ भी कंफर्म नहीं है। बहुत कुछ अभी तय होना बाकी है। जब सब कुछ तय हो जाएगा, तब हम देखेंगे। जॉन अब्राहम को लेकर भी हो रहे दावे बता दें कि हाल ही में मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि एस एस राजामौली पृथ्वीराज की जगह जॉन अब्राहम को इस भूमिका के लिए कास्ट कर सकते हैं। इस खबर से फैंस के बीच हलचल बढ़ गई थी। अब सभी लोग इस बारे में आधिकारिक पुष्टि का इंतजार कर रहे हैं।

### इस फिल्म में जल्द दिखेंगे पृथ्वीराज

पृथ्वीराज सुकुमारन अपनी आने वाली फिल्म एल 2- एम्पुरान के निर्देशन की वजह से चर्चा में हैं। फिल्म में मोहनलाल मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म 27 मार्च 2025 को रिलीज होने वाली है। निर्देशक ने साथ फिल्म में पृथ्वीराज अहम भूमिका में भी नजर आएंगे।



# इडली कढ़ाई में नजर आएगी धनुष-नित्या मेनन की जोड़ी

धनुष अपनी आगामी फिल्म इडली कढ़ाई को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म की रिलीज डेट को लेकर एक महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है। फिल्म में धनुष के साथ नित्या मेनन की जोड़ी साथ नजर आएगी। जानिए धनुष की फिल्मइडली कढ़ाई को प्रशंसक कब देख सकेंगे।

### फिल्म में नजर आएगी धनुष-नित्या मेनन की जोड़ी

साउथ अभिनेता धनुष की आगामी ड्रामा फिल्मइडली कढ़ाई, जिसे उन्होंने निर्देशित और लिखा भी है। शुरू में फिल्मइडली कढ़ाई 10 अप्रैल, 2025 को रिलीज किया जाना था, लेकिन अब फिल्म की रिलीज डेट में बदलाव किया गया है। इडली कढ़ाई में धनुष के साथ नित्या मेनन मुख्य महिला भूमिका में नजर आएंगी।

### फिल्म का निर्देशन और लेखन धनुष ने किया है

हालांकि, मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार,इडली कढ़ाई की रिलीज की तारीख को आगे बढ़ाया जा सकता है। नई तारीख 24 अप्रैल, 2025 तय की जा सकती है। हालांकि, निर्माताओं की ओर से आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

धनुष निर्देशित फिल्मइडली कढ़ाई तमिल भाषा में रिलीज होगी। धनुष के प्रशंसक इस फिल्म को देखने के लिए बेहद उत्साहित हैं। धनुष की फिल्मइडली कढ़ाई का पोस्टर भी रिलीज किया जा चुका है, जिसमें अभिनेता एक झोपड़ी की ओर जाते हुए नजर आए।

### 24 अप्रैल, 2025 को रिलीज हो सकती है इटली कढ़ाई?

इस बीच, धनुष द्वारा निर्देशित एक और फिल्म, नीलावुकु एन मेल एन्नाडी कोबाम (नीक) को भी स्थगित कर दिया गया है, इसकी मूल रिलीज तारीख 7 फरवरी, 2025 से आगे बढ़कर 21 फरवरी, 2025 कर दी गई है। धनुष के निर्देशन वाली फिल्मनीलावुकु एन मेल एन्नाडी कोबाम में प्रियंका नजर आएंगी। इस फिल्म से अभिनेत्री प्रियंका मोहन का पहला सिंगलगोल्डन स्पैरो अब यूट्यूब पर 50 मिलियन से अधिक व्यूज के साथ धूम मचा चुका है।

### इटली कढ़ाई के अलावा धनुष नीक में भी नजर आएंगे

दिलचस्प बात यह है कि सिर्फ दो महीनों के अंदर में धनुष द्वारा निर्देशित दो फिल्में रिलीज के लिए तैयार हैं। इसके अलावा, शेखर कम्मुला द्वारा निर्देशित धनुष की फिल्म कुबेर भी इस साल के आखिर में रिलीज होने वाली है।

# किरदारों में ढलने के लिए करना पड़ता है त्याग

शाहिद कपूर बॉलीवुड में वर्सटाइल एक्टर्स की लिस्ट में शामिल हैं। वह अपनी फिल्मों में अलग तरह के किरदार निभाने के लिए जाने जाते हैं, साथ ही बड़े पर्दे पर अपने लुक के साथ भी काफी एक्सपेरिमेंट करते हैं। हाल ही में अपनी फिल्म 'देवा' के प्रमोशन के दौरान शाहिद कपूर ने अपने लुक चेंज से जुड़ी बातें भी साझा की। क्या लुक चेंज के दौरान उनके मन में किस तरह का डर भी बन रहता है, इस बारे में भी बताया। एक एक्टर को त्याग करना पड़ता है हाल ही में एएनआई को दिए एक इंटरव्यू के दौरान शाहिद कपूर कहते हैं, ' अगर मैं अपने बाल मुंडवाने से डर जाऊंगा तो कैसे चलेगा? जब बचपन में बच्चे के बाल मुंडवाए जाते हैं तो कोई नहीं पूछता है कि बाल वापस आएंगे या नहीं।' शाहिद आगे कहते हैं, ' मुझे अपने बालों से बहुत प्यार है लेकिन एक एक्टर होने के नाते अपनी पसंदीदा चीजें त्याग करने की आदत होनी चाहिए।'

### कॉन्फिडेंस के बारे में बात की

शाहिद कपूर अपनी बात को आगे बढ़ते हैं और कहते हैं, ' बाल, चेहरा ये सब चीजें हमारी पर्सनालिटी का बस एक पार्ट हैं, हमारी पर्सनालिटी हमारे कॉन्फिडेंस से अच्छी बनती है इसलिए इन बाहरी बातों पर ज्यादा गौर नहीं करना चाहिए।' फिल्म 'हैदर' के लिए भी शाहिद ने अपने बालों के साथ एक्सपेरिमेंट किया था, अपना लुक चेंज किया था। दर्शकों को एक्टर का यह लुक पसंद आया और फिल्म भी हिट रही। इस तरह से शाहिद की मेहनत रंग लाई थी।

### देवा को लेकर एक्साइटेड

शाहिद कपूर की फिल्म 'देवा' में उनके साथ पूजा हेगड़े नजर आएंगी। शाहिद फिल्म में एक पुलिस ऑफिसर के रोल में जो माफिया का सफाया करना चाहता है। फिल्म को लेकर एक्टर शाहिद कपूर भी काफी एक्साइटेड हैं। शाहिद कपूर ने अपने किरदार को रॉ एंड रियल बताया है। प्रमोशन के लिए दिल्ली पहुंचे शाहिद कपूर अपनी फिल्म 'देवा' के प्रमोशन के लिए दिल्ली भी पहुंचे हैं। राजधानी के एक कॉलेज में शाहिद और पूजा हेगड़े फिल्म का प्रमोशन करने पहुंचे, दोनों ने स्टूडेंट्स के लिए डांस भी किया, उन्हें खूब एंटरटेन किया।



# प्रभास की पुलिस ड्रामा स्पिरिट में होगी पागलपन भरी पृष्ठभूमि




प्रभास इन दिनों अपनी आगामी फिल्मस्पिरिट को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म का निर्देशन एनिमल फेम निर्देशक संदीप वागा रेड्डी करेंगे।स्पिरिट को लेकर कई जानकारियां सामने आई हैं, जिसे पढ़ने के बाद प्रशंसकों का उत्साह फिल्म को लेकर और अधिक बढ़ जाएगा।

### पुलिस अफसर में नजर आएंगी प्रभास

संदीप रेड्डी वांगा ने अपनी पिछली फिल्म एनिमल की सफलता से दर्शकों का दिल जीत लिया था। वहीं अब, वह प्रभास के साथस्पिरिट नाम की एक पुलिस ड्रामा फिल्म लेकर आ रहे हैं। फिल्म की स्क्रिप्ट पूरी हो चुकी है और फिलहाल प्री-प्रोडक्शन का काम चल रहा है।

### फिल्म का निर्देशन संदीप रेड्डी वांगा करेंगे

संदीप बैकग्राउंड स्कोर पर सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं और जल्द ही इस प्रोजेक्ट के बारे में आधिकारिक घोषणा होने की उम्मीद है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार,स्पिरिट की कहानी की बात करें तो यह एक ईमानदार पुलिस अधिकारी के बारे में है, जिसे अंतर्राष्ट्रीय अपराध से संबंधित एक बड़ा काम सौंपा जाता है।

### सैफ-करीना कपूर खान भी आ सकते हैं नजर?

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म की पृष्ठभूमि बेहद दिलचस्प है।स्पिरिट ड्रग माफिया के इर्द-गिर्द घूमेगी और इंडोनेशिया में सेट की जाएगी। प्रभास इस फिल्म में पुलिस वाले की भूमिका निभाते नजर आएंगे। इसकी कहानी ड्रग लॉर्ड्स के खिलाफ उनकी लड़ाई पर आधारित होगी। फिल्म में सैफ अली खान और करीना कपूर की होने की बात भी सामने आई है, हालांकि इसे लेकर अभी तक कोई आदिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

### हर्षवर्धन रामेश्वर करेंगे संगीत तैयार

एनिमल के लिए शानदार बैकग्राउंड स्कोर देने वाले हर्षवर्धन रामेश्वर एक बार फिर स्पिरिट के लिए संगीत तैयार कर रहे हैं। टी-सीरीज संदीप के साथ मिलकर इस फिल्म का निर्माण कर रही है और रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म का ज्यादातर हिस्सा हैदराबाद और जकार्ता में शूट किया जाएगा।



# सैफ के लाडले इब्राहिम को लॉन्च करेंगे करण जौहर



नेपोटिज्म के आरोपों से घिरे रहने वाले करण जौहर एक और स्टारकिड को इंडस्ट्री में लॉन्च करने जा रहे हैं। इस बार वे सैफ अली खान के लाडले इब्राहिम अली खान पर दांव लगा रहे हैं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए खुद इसका एलान किया है। करण जौहर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने इब्राहिम की कई तस्वीरें शेयर करते हुए लंबा नोट लिखा है और उनके डेब्यू की जानकारी दी है। इस पोस्ट को शेयर करते हुए करण ने लिखा, मैं अमृता (इब्राहिम की मां) से पहली बार तब मिला था जब मैं सिर्फ 12 साल का था। उस वक्त वो मेरे पिता के साथ फिल्म दुनिया में काम कर रही थीं। मुझे याद है कि कैमरे पर उनकी एनर्जी और पकड़ दोनों ही बहुत मजबूत थे।

### कई पीढ़ियों से चली आ रही दोस्ती

करण ने आगे लिखा, इस पहली मुलाकात में जो सबसे यादगार रहा वो यह था कि हमने चाइनीज डिनर किया था और उसके बाद जेम्स बॉन्ड की एक फिल्म देखी थी। हम जिस पल मिले उसी पल उन्होंने मुझे अपना महसूस कराया और यही उनकी ताकत थी। यही आदत उनमें आज भी है और उनके बच्चों में भी आई। अपनी इस पोस्ट में करण जौहर ने आगे लिखा, सैफ से मैं पहली बार अंजू महेंद्रू के ऑफिस में मिला था। वो बेहद यंग और खूबसूरत थे, बिल्कुल उसी तरह जैसे मैं पहली बार उनके बेटे इब्राहिम से मिला। कुछ इस तरह हमारी दोस्ती कई जनरेशन से चली आ रही है और अब खुशकिस्मती से हमारे बच्चों के बीच भी यह जारी है।

### इब्राहिम के डेब्यू का किया एलान

करण आगे लिखते हैं, मैं इस परिवार को बीते 40 साल से जानता हूं। मैंने इनके साथ अलग-अलग फिल्मों में काम किया है। अमृता के साथ दुनिया और 2 स्टेट्स में, सैफ के साथ कल हो ना हो और कुर्बान में, सारा के सिंबा में.., मैं इस परिवार को उनके प्यार की वजह से जानता हूं। फिल्में इनके खून में हैं। और इसी के साथ मैं एक नए टैलेंट के लिए रास्ता बनाना चाहता हूं, जिसे मैं दुनिया के साथ शेयर करने के लिए और इंतजार नहीं कर सकता। तो इंतजार कीजिए इब्राहिम अली खान पटौदी का जो जल्द ही स्क्रीन के जरिए आपके दिलों तक का रास्ता तय करेंगे।



# रणदीप हुड्डा से पहले इन भारतीयों ने किया हॉलीवुड में काम

बॉलीवुड से लेकर साउथ तक कई भारतीय अभिनेता हॉलीवुड फिल्मों का हिस्सा बन चुके हैं। भारतीय फिल्मों में अपने अभिनय कौशल का प्रदर्शन करने के बाद इन्होंने हॉलीवुड में काम करते हुए प्रशंसा प्राप्त की। हाल ही में अभिनेता रणदीप हुड्डा एप्पल ओरिजिनल फिल्म्स की आगामी एक्शन थ्रिलरमैचबॉक्स से जुड़े। इसका निर्देशन 'एवेंजर्स एंडगेम' के एक्शन डायरेक्टर सैम हार्ग्रेव कर रहे हैं। निर्देशक के साथ यह उनकी दूसरी फिल्म है। इससे पहले वह साल 2020 में नेटफ्लिक्सएक्सट्रैक्शन में साथ काम कर चुके हैं। आइए आज ऐसे ही भारतीय अभिनेताओं के बारे में जानते हैं, जो हॉलीवुड फिल्मों का हिस्सा बन चुके हैं।

### प्रियंका चोपड़ा



अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा की गिनती बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेस में होती है। अभिनेत्री ने पॉप सिंगर निक जोनास से शादी की और विदेश जाकर बस गई हैं। हालांकि, वह समय-समय पर भारत का दौरा करती रहती हैं। साथ ही वह भारत में फिल्मों के निर्माण से भी जुड़ी हैं। अभिनेत्री ने कई हॉलीवुड फिल्मों और सीरीज में अभिनय किया है। अभिनेत्री ने हॉलीवुड सीरीजबेवॉच में निगेटिव किरदार निभाया। इसके अलावा वह साल 2020 में आई शॉर्ट फिल्म 'वी आर ओनली फैमिली', 'वी कैन बी हीरोज' और 'हैप्पीनेस कंटिन्यू' का हिस्सा रहीं। साल 2021 में 'द मैट्रिक्स रिसरेक्शन्स', साल 2023 में 'लव अगेन' और 'टाइगर' में भी अभिनेत्री ने अदाकारी की। वह साल 2023 में हॉलीवुड वेब सीरीज 'सिटोडल' में भी अभिनय कर चुकी हैं।

### दीपिका पादुकोण



अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने अपने अभिनय और खूबसूरती से सभी को इंप्रेस किया है। बॉलीवुड में वह सबसे ज्यादा पसंदी की जाने वाली एक्ट्रेस में से एक हैं। अभिनेत्री दीपिका भी हॉलीवुड फिल्म में अभिनय कर चुकी हैं। वह विन डीजल के साथट्रिपल एक्स- रिटर्न ऑफ जेंडर केज में निगेटिव किरदार अदा कर चुकी हैं।

### ऐश्वर्या राय बच्चन



ऐश्वर्या राय बच्चन बॉलीवुड का ऐसा नाम है, जिसे बच्चा-बच्चा जानता है। अभिनेत्री की खूबसूरती और अदाकारी की जितनी तारीफ की जाए उतनी कम है। बॉलीवुड फिल्मों में अपने अभिनय का लोहा मनवाने के बाद वह हॉलीवुड फिल्म में भी नजर आईं। ऐश्वर्या ने साल 2012 में आई फिल्मद पिंक पैंथर 2 में विलन का रोल किया था। इसके अलावा अभिनेत्रीद लास्ट लीजन,प्रोवोक्ड,मिस्ट्रेस ऑफ स्पाइसेज में भी अभिनय कर चुकी हैं।

### अनिल कपूर

अनिल कपूर हिंदी सिनेमा के दिग्गज अभिनेताओं में से एक हैं। वह अपने लुक को लेकर भी हमेशा चर्चा में रहते हैं, उनके बारे में कहा जाता है कि उनकी उम्र रुक चुकी है। वह बूढ़े नहीं हो रहे। हिंदी फिल्मों के सुपरहिट हीरो अनिल कपूर ने हॉलीवुड फिल्म 'मिशन इम्पॉसिबल' में नकारात्मक भूमिका अदा की है।

### आलिया भट्ट



अभिनेत्री आलिया भट्ट भी हॉलीवुड फिल्म में अपने अभिनय का जलवा बिखेर चुकी हैं। उन्होंने साल 2023 में अपनी पहली हॉलीवुड फिल्म की। अभिनेत्री ने हॉलीवुड फिल्म 'हार्ट ऑफ स्टोन' में अपने निगेटिव किरदार से सभी को प्रभावित किया।

### अली फजल

'मिर्जापुर' सीरीज फेम अभिनेता अली फजल भी हॉलीवुड फिल्म में नजर आ चुके हैं। वह फिल्म 'डेथ ऑन द नाइल' में अभिनय कर चुके हैं। इसके अलावा अभिनेताविक्टोरिया ऐंड अबदुल,कंधार,रूल ब्रेकर्स में भी नजर आ चुके हैं।

# नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए चार प्रत्याशी पार्षद हेतु कहीं सीधा तो बहुकोणीय मुकाबला

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय में स्थित बेमेतरा नगर पालिका में इन दोनों नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष एवं पार्षद के चुनाव के लिए प्रत्याशी पूरी तरह से चुनाव के माध्यम से अपने रणनीति के तहत चुनाव प्रचार एवं जनसंपर्क कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इससे जहां एक ओर नगर में इन दोनों केवल चुनाव की चर्चा हो रही है वहीं अध्यक्ष पद के एवं पार्षद पद की प्रत्याशी लगातार मतदाताओं से मिलकर अपने पक्ष में रिझाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही नगर के विभिन्न गली चौराहे पर अध्यक्ष एवं पार्षदों के प्रत्याशियों के नाम का दीवार पेंटिंग एवं बैनर पोस्टर भी लगना शुरू हो गया है। नाम वापसी के बाद बेमेतरा नगर पालिका के अध्यक्ष पद के लिए जो स्थिति सामने आई है, उसके अनुसार बेमेतरा नगर पालिका के लिए चार प्रत्याशी के बीच मुकाबला है। यहां पर सुमन गोस्वामी कांग्रेस से विजय सिन्हा भाजपा से घनश्याम देवांगन प्रकाश नारायण साहू दोनों निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में इन दिनों चुनाव मैदान में है। जब तक मतदान का परिणाम नहीं आ जाता तब तक कहीं कुछ भी नहीं कहा जा सकता। क्योंकि यहां के मतदाताओं का निर्णय अप्रत्याशित रूप से सामने आया है। यहां के मतदाताओं ने एक समय में कांग्रेस और भाजपा को नकारते हुए मतदाताओं ने निर्दलीय प्रत्याशी को भी अध्यक्ष पद से नवाजा गया था, इसलिए किसी भी उम्मीदवार को कमजोर नहीं समझा जा रहा है। भाजपा के तरफ से अध्यक्ष पद की प्रत्याशी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिंहा है, वही पार्षद रह चुके सुमन गोस्वामी को कांग्रेस ने अपना प्रत्याशी घोषित किया है, जबकि दो व्यक्ति स्वतंत्र प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं, जिनकी भी भूमिका को किसी भी रूप में कमजोर नहीं कहा जा सकता। जिससे आने वाले दिनों में अध्यक्ष पद का चुनाव आने वाले दिनों में और दिलचस्प हो सकता है। इसलिए जब तक मतदान का परिणाम घोषित नहीं हो जाता तब तक इन चारों के बीच में मुकाबला ही होने की संभावना व्यक्त किया जा रहा है। वहीं पार्षद पद को लेकर जिस तरह से लोगों की तैयारी है उसे लगता है कि पार्षद पद पर भी के लिए भी कोई किसी से कम नहीं है और सब अपने अपने स्तर पर चुनाव परिणाम को अपने पक्ष में करने के लिए भरसक प्रयास कर रहे हैं। अभी की स्थिति में वार्ड 1 से राघवेन्द्र मनु कांग्रेस यशवंत लहरे भाजपा राजकुमार खाण्डे, राजकुमार कोशले निर्दलीय चुनाव मैदान में हैं वार्ड 2से चार महिला उम्मीदवार हैं जिनमें पुष्पा दुर्गा साहू भाजपा से, रीता पांडेय कांग्रेस से एवं नेहा निक्की चौहान, रजनी दीदी, निर्दलीय प्रत्याशी हैं। वार्ड 3 से लिलेश साहू इण्डियन नेशनल कांग्रेस, पंचू साहू भाजपा के सीधा मुकाबला है। वार्ड नंबर 4 से नारायण छाबड़ा (नारी) कांग्रेस रवि कुमार मुलवानी भाजपा वार्ड 5 से दीनानाथ साहु भारतीय जनता पार्टी के, राजू साहू कांग्रेस से, आशुतोषो पदेश दीपक तिवारी निर्दलीय हैं। वार्ड नंबर 6 में कांग्रेस के चम्पा मोहन वर्मा भाजपा से खिलेश्वरी शिव पाटिल के बीच सीधा मुकाबला है। वार्ड 7 कांग्रेस और बीजेपी के ही बीच मुकाबला होगा यहां हेमीन यादव कांग्रेस के हैं तो भाजपा के पूर्व पार्षद सजनी यादव एक बार फिर चुनाव मैदान में है। वार्ड 8 में भी सीधा मुकाबला है यहां भाजपा के चांदनी रोशन दत्ता के साथ कांग्रेस के प्रत्याशी रोमन सिंह वर्मा के बीच निर्णय होगा। वार्ड 9 मे तिकोनी मुकाबला है यहां तीन महिलाएं उम्मीदवार है। कांग्रेस के नेहा टंडन वहीं भाजपा के शिल्पा पटेल एवं लक्ष्मी नेतराम कोसले पार्षद के लिए मैदान में है। वार्ड 10 में भी तिकोनी मुकाबला की स्थिति बनी हुई है यहां पर कांग्रेस के अखिलेश मिंटा नामदेव भाजपा के संतोष वर्मा एवं चंदन सोनी निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। वार्ड नंबर 11 में सीधा मुकाबला है यहां कांग्रेस के रूप सिंह साहू एवं भाजपा के विकास तंबोली के बीच फैसला होगा। वहीं वार्ड नंबर 12 में कांग्रेस के मनोज शर्मा एवं भाजपा के निखिल साहू तथा निर्दलीय तिलक साहू के बीच निर्णय होगा। वार्ड नंबर 13 में त्रिकोणी मुकाबला है यहां भाजपा के अर्जुन सिंह ठाकुर कांग्रेस के प्रकाश साहू एवं निर्दलीय के रूप में पांच भाई गोर्या है। वार्ड 14 में तीन लोगों के बीच निर्णय होगा जिसमें भाजपा के भानु राम साहू कांग्रेस के तोकेश्वर साहू एवं निर्दलीय अजय सोनी है। वार्ड नंबर 15 में त्रिकोणी महिला उम्मीदवार के मुकाबला है यहां पर हेमलता शर्मा भाजपा के वहीं कांग्रेस के रश्मि फणेंद्र मिश्रा एवं निर्दलीय राखी वर्मा पार्षद पद के लिए है। वार्ड 16 में सीधा मुकाबला है जिसमें पूर्व पार्षद नीतु कोठरी भाजपा के और कांग्रेस से विद्या यादव है। वार्ड नंबर 17 मे बहुकोणीय मुकाबला है यहां पर चार प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे हैं जिसमें कांग्रेस के रेवेन्द्र देवांगन, भाजपा से गौरव साहु, सहित घनश्याम देवांगन एवं सुरेन्द्र मेडी धीवर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। वार्ड नंबर 18 में तीन प्रत्याशियों के बीच निर्णय होगा जिसमें भाजपा के आकिब मलकानी, कांग्रेस से हरिजिदंर बंटी चावला, और निर्दलीय प्रत्याशी लव सिन्हा है। वार्ड नंबर 19 में दो महिला उम्मीदवार के बीच निर्णय होगा जिनमें कांग्रेस से बीकू बालक दास मानिकपुरी और भाजपा से सिमरन ताम्रकार शामिल हैं। वार्ड नंबर 20 में चार प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं जिसमें भाजपा से पूर्व पार्षद अशोक शर्मा, कांग्रेस से विकास चौबे सहित पार्थ दास मानिकपुरी एवं प्रकाश नारायण साहु निर्दलीय प्रत्याशी हैं। वार्ड नंबर 21 में दो प्रत्याशियों के बीच निर्णय होगा जिसके लिए कांग्रेस से अब्दुल वाहिद रवानी और भाजपा से लक्की साहु चुनाव मैदान में अपना भाग्य आजमा रहे हैं।

## बजट देश के विकास और आर्थिक प्रगति के लिए महत्वपूर्ण है : विधायक ललित चंद्राकर

पायनियर संवाददाता ∢ उतई
www.dailypioneer.com



दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ऐसा बजट प्रस्तुत किया है, जो विकास को गति देने के साथ समाज के हर वर्ग को सशक्त करता है। यह बजट सर्वसमावेशी, सर्वस्पर्शी और आर्थिक उन्नति को नया आयाम देने वाला है। मध्यम वर्ग के लिए कर सुधारों के तहत बड़ी राहत प्रदान की गई है। नए कर ढांचे में 12 लाख तक की आय को करमुक्त किया गया है, जिससे आम नागरिकों की क्रय शक्ति बढ़ेगी। यह बजट न केवल आज की जरूरतों को पूरा करता है, बल्कि देश के सुनहरे भविष्य की भी आधारशिला रखता है। इस बजट में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं, जिनमें मध्यम वर्ग के लिए कर कटौती, किसानों के लिए नई योजनाएं, और आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए कई उपाय शामिल हैं। हमें उम्मीद है कि यह बजट देश के लिए फायदेमंद साबित होगा। देश के टैक्स पेयर और मध्यम वर्ग का सम्मान करते हुए मोदी सरकार ने एक ऐसा निर्णय लिया है, जिसकी कल्पना भी लोगों को नहीं थी। कांग्रेस की सरकार में जहां सालाना 2 लाख रुपए की आय पर टैक्स लगता था, मोदी जी की सरकार में सालाना 12 लाख रुपए की आय तक कोई टैक्स नहीं लगेगा। यह देश-प्रदेश के करोड़ों मध्यमवर्गीय परिवारों को सीधा लाभ पहुंचाने वाला फैसला है। मोदी सरकार ने इस बजट में किसानों के उत्थान के लिए दूरगामी नीतियां बनाई हैं। बजट में किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रूपये करने का निर्णय, किसानों की तरक्की के लिए मील का पत्थर साबित होंगे। भारत के लोगों के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए 200 डे केयर कैंसर सेंटर की स्थापना व अन्य गंभीर बीमारियों के इलाज की 36 जीवन रक्षक दवाइयों को पूरी तरीके से टैक्स में छूट दे दी गई है, ऐसे संवेदनशील निर्णय पर हम मोदी सरकार का धन्यवाद करते हैं।

## बजट 2025 पर चाकलेट पे चर्चा, प्रज्ञा निर्वाणी ने किया ग्राम संवाद

### हेमाबंद सुरकी के ग्रामीणों ने की बजट पर चर्चा



पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बजट 2025 के आते ही चर्चा अब ग्रामीण अंचलों में भी होने लगी, अपने अधिकारों और सरकार की प्राथमिकताओं वाले क्षेत्र के प्रति जागरूकता शहरों से निकल गाँवों में भी देखने को मिली। चुनावी सभाओं के वादे और दावों के बीच निवर्तमान जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने ग्रामीणों के बीच बजट पर संवाद का आयोजन कर बजट में मध्यम वर्ग को मिलने वाली राहत के विषय में विस्तार से समझाया। वहीं उपस्थित ग्रामीणों ने भी आये बजट के विषय में अपने अपने दृष्टिकोण रखे, प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा यह हमारे गणतंत्र के 76वें वर्ष की बड़ी उपलब्धि की सुदूर गाँवों में निवासरत ग्रामीण युवा और किसान बजट जैसे विषयों पर चर्चा कर रहे हैं। बजट पर संवाद कार्यक्रम में राहश धृतलहरे, रुपेश टोंड्रे, एवन कुमार राय, भूरे लाल पात्रे, रोशन पात्रे, लक्ष्मण प्रसाद धृतलहरे, नेमचंद धृतलहरे, योगेश पुरेना, अनिल कोशले, गुड्डु पुरेना, नरेंद्र माथुर, जेठू राय, लॉकेश्वर तोंड्रे, राहुल टण्डन, कैलाश सहित ईश्वरी टंडन ने हिस्सा लिया। प्रज्ञा निर्वाणी ने उपस्थित ग्रामीणों का बजट के मिठास के खुशी में चाकलेट खिलाते हुए कहा कि यह बजट आम जन का अपना बजट है, जिसमें केंद्र सरकार की दूरदर्शिता और समाज के अंतिम पंक्ति में स्थित परिवारों की भी चिंता है।

## बजट देश के विकास और आर्थिक प्रगति के लिए महत्वपूर्ण : कुसुम शर्मा

पायनियर संवाददाता ∢ बालोद
www.dailypioneer.com



विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाले अमृत काल के केंद्रीय बजट 2025-26 राष्ट्र हित में लोक कल्याणकारी विकासोन्मुख दूरदर्शी रोज़गारपरक सर्व समावेशी बजट पेश करने पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन का डौंडीलोहारा मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा ने अभिनंदन एवं आभार जताया हैं। डौंडीलोहारा भाजपा मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा ने कहा कि यहाँ बजट गाँव ग़रीब किसान नारी शक्ति आदिवासी दलित पिछड़ा वंचित एवं मध्यम वर्ग के साथ साथ उद्यमियों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने का मार्ग प्रशस्त करता है। देश के विकास और आर्थिक प्रगति के लिए यह बजट महत्वपूर्ण हैं। मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा ने कहा कि वित् मंत्री निर्मला सीतारमन ने ऐसा बजट प्रस्तुत किया है जो विकास को गति देने के साथ समाज के हर वर्ग को सशक्त करता है यह बजट सर्व समावेशी और आर्थिक उन्नति को नया आयाम देने वाला है मध्यम वर्ग के लिए कर सुधारों के तहत बड़ी राहत प्रदान की गई है नए कर ढांचे में 12 लाख तक की आय को कर मुक्त किया गया है। जिससे आम नागरिकों की कय शक्ति बढ़ेगी यह बजट न केवल आज की ज़रूरतों को पूरा करता है बल्कि देश के सुनहरे भविष्य की भी आधारशिला रखता है इस बजट में कई महत्वपूर्ण घोषणाएँ की गई है जिनमें मध्यम वर्ग के लिए कर कटौती किसानों के लिए नई योजनाएं और आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए कई उपाय शामिल है। मोदी सरकार ने इस बजट में किसानों के उत्पादन के लिए दूरगामी नीतियाँ बनाई हैं बजट में किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट में 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख और रुपये करने का निर्णय किसानों की तरक़्क़ी के लिए मील का पत्थर साबित होंगे वह भारत के लोगों के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए 200 डे केयर कैंसर सेंटर की स्थापना व अन्य गंभीर बीमारियों के इलाज की 36 जीवन रक्षक दवाइयों की पूरी तरीके से टैक्स में छूट दी गई है। ऐसे संवेदनशील निर्णय पर उन्होंने कहा कि हम मोदी सरकार का धन्यवाद करते हैं।

## राजनीति छवि चमकाने नहीं जनता के काम करने के लिए है



पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा नगरपालिका अध्यक्ष पद के भाजपा प्रत्याशी विजय सिन्हा ने वार्ड भ्रमण पूर्व भाजपा चुनाव कार्यालय सुराणा टॉकीज के बाजू दुर्ग रोड में कार्यकर्ताओं से कहा कांग्रेस भय भ्रष्टाचार और आतंक का पर्याय है। पिछला कार्यकाल बेमेतरा की जनता ने देख लिया है। जोड़ तोड़ की राजनीति और सत्ता की ताकत पर अल्पमत होते हुए भी बहुमत खरीद कर नगर को अराजकता में धकेला गया। भाजपा पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी विजय सिन्हा ने वार्ड पांच बॉयज स्कूल रोड विधायक गली ब्राह्मण पारा से शुरुआत कर सात नंबर वार्ड में डोर टू डोर जनसंपर्क किया और वार्ड वासियों से अपनी जीत के लिए आशीर्वाद मांगा और वार्ड स्थित मंदिरों पूजा स्थलों में शीश झुका कर नमन किया। पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी विजय सिन्हा ने जनसंपर्क दौरान कहा कि आप लोगों ने पिछली बार कांग्रेस का नगर विकास का वीभत्स स्वरूप देखा है।आज आप लोग नगर की हालात देख लीजिए नगर में ऐसे भी वार्ड है जहां गंदगी का ढेर है नालियां जाम है सड़क के दोनों तरफ कचरे इकट्ठे हो रखे है, नगर विकास के नाम पर गंदगी फैली हुई है। कांग्रेस का पांच साल का पूरा कार्यकाल विकास के लिए कम विवाद के लिए ज्यादा चर्चित रहा। कांग्रेस पार्टी विकास नहीं विवाद करती है, राष्ट्रीयता के नाम पर विवाद करती है, धर्म के नाम पर विवाद करती है। भगवान श्री राम और हिंदुत्व को नकारने वाले लोग राजनीति के आड़ में गांव गली वार्ड नगर में अराजकता फैला रखे हैं। आपने देखा दुकान आबंटन हो या वार्ड विकास निधि हो केवल पार्टी वाद के साथ बंदर बांट किया गया। उन्होंने चुनाव मीडिया प्रभारी दीपक पांडे के हवाले से कहा पांच साल आप लोगों ने बहुत सहा अब नहीं सहेंगे पालिका अध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष आपके वोटों से होना है इसलिए भाजपा को विजयी बनाने की अपील किया। जनसंपर्क में पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा राजेंद्र शर्मा शहर मंडल अध्यक्ष मोंटी साहू, वार्ड नंबर पांच पार्षद प्रत्याशी दीना साहू वार्ड नंबर सात प्रत्याशी सजनी यादव ओमेश्वरी साहू चुनाव संचालक हर्षवर्धन तिवारी राजेश शर्मा अमरीका निर्मलकर वार्ड प्रभारी सतीश कसार मनोज मिश्रा रामानंद त्रिपाठी गोलू कोसले राकेश मोहन शर्मा वैभव तिवारी टोनू दीवान छोटू ठाकुर प्रकाश साहू अभिनव ठाकुर संदीप यादव भागीरथी यदु, रोहित साहू धर्मेंद्र साहू सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता साथ रहे।

## निर्वाचन ड्यूटी से असमर्थता पर शिक्षक को कारण बताओ नोटिस

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के तहत सभी विकासखंड मे मतदान दल का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसका निरीक्षण कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर रणबीर शर्मा ने निर्वाचन कार्य की तैयारियों की समीक्षा की और अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मतदान दलों को निर्वाचन प्रक्रिया के विभिन्न चरणों के बारे में विस्तृत जानकारी दी और सभी को अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा और पारदर्शिता से निभाने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण मे शिक्षक एलबी गेंदराम डेहरे ग्राम जोगीपुर एवं चन्द्रिका प्रसाद शिक्षक एलबी ग्राम खैरझिटी द्वारा निर्वाचन ड्यूटी करने में असमर्थता व्यक्त की गई। इस पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने गंभीर संज्ञान लेते हुए गेंदराम डेहरे को कारण बताओ सूचना जारी की है। कलेक्टर द्वारा जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि शिक्षक का यह कृत्य





सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के प्रावधानों का उल्लंघन है और इसे अनुशासनहीनता के रूप में देखा जा रहा है। कलेक्टर ने उन्हें निर्देशित किया है कि 24 घंटे के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें। अगर स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाया गया, तो उनके खिलाफ एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी। साथ ही, अनिवार्य सेवानिवृत्ति का प्रस्ताव शासन को भेजने की चेतावनी भी दी गई है। इस मामले को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है और निर्वाचन कार्य में लापरवाही को गंभीरता से लिया जा रहा है। इसके अलावा प्रशिक्षण ले रहे मतदान कर्मियों को कलेक्टर शर्मा ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया का संचालन निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से किया जाना चाहिए। उन्होंने मतदान केंद्रों पर बेहतर सुविधाएं और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। इस मौके पर उन्होंने कर्मचारियों से किसी भी समस्या या चुनौती के समाधान के लिए तत्पर रहने की अपील की, ताकि चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सके। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकिता गर्ग, जिला पंचायत सीईओ टेकचंद अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर दीप्ती वर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## सेलूद सरपंच पद के लिए सैकड़ों ग्रामीणों के साथ खिलेश बबलू मारकंडे ने दाखिल किया नामांकन



पायनियर संवाददाता ∢ उतई
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत सेलूद में खिलेश बबलू मारकंडे ने सेलूद में सरपंच पद के लिए अपना नामांकन भरा। ग्राम सेलुद के पुराने गौठान में स्थित भगवान श्रीराधाकृष्ण की मंदिर में पुजा अर्चना कर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त कर सरपंच पद के लिए नामांकन भरने के लिए नामांकन रैली का शुभारम्भ हुआ। इस रैली में गाँव के सैकड़ों ग्रामीण महिला पुरुष स्वस्फुर्त होकर शामिल हुए। सभी ग्रामीण उस स्थल से होते हुए सुभाष चौक मजार चौक में उपस्थित ग्रामीण से मिलकर सरपंच पद के जीत के लिए आशीर्वाद मांगा। रैली ठाकुर देव साडहा देव भगवान का पूजा अर्चना कर आजाद चौक स्थित जैतखाम का भी पूजा अर्चना किया। फिर तालाब में स्थित माँ शीतला की पूजा अर्चना कर जवाहर चौक स्थित राज गौरा का पूजा अर्चना किया गया। उदय स्मारक में स्थित महापुरुषों का माल्यार्पण किया गया। सैकड़ों लोगों की भीड़ के साथ ग्राम पंचायत सेलूद में पहुँचकर सरपंच पद के लिए खिलेश बबलू मारकंडे ने अपना नामांकन दाखिल किया। उन्होंने नामांकन जमा करने के बाद कहा कि सेलूद की जनता का मुझे अपार स्नेह व प्यार अपना बेटा समझकर जरुर देंगे। मुझे सेलुद की जनता का भरपूर आशीर्वाद मिल रहा है। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य जयश्री वर्मा, सुरेन्द्र बंछोर, संजय यादव, अर्जुन बंछोर, सेवालाल अनंत, चेतन जोशी, अर्जुन साहू, रामजी पटेल, सत्यभामा बंछोर, योगेश कुमार, रवि पटेल, ममता ठाकुर, धनंजय साहू, राकेश साहू, सेवाराम साहू, देवला साहू, संदीप ठाकुर, भुनेश्वरी साहू, प्रमिला देवांगन, सुभाष बंछोर, सविता वर्मा, पुष्पलता ठाकुर, फगेश्वरी ठाकुर, रमेश कश्यप, हेमिन बाई, ममता वर्मा, इंद्राणी वर्मा, मन्नू यदु, दिनेन्द्र जांगड़े, नंदु साहू, चिंटु टिकरिहा, विष्णु वर्मा सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल थे।

## डौंडीलोहारा नगर में पंडरिया विधायक भावना बोहरा का हुआ आगमन

### भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख एवं कुँवर लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम, भाजपा मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा ने सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ किया भव्य स्वागत





पायनियर संवाददाता ∢ बालोद
www.dailypioneer.com

दल्लीराजहरा नगर आगमन के पूर्व पंडरिया विधायक भावना बोहरा का डौंडीलोहारा नगर के कालीमाता मंदिर समीप नगर पंचायत अध्यक्ष पद के प्रत्याशी कुँवर लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम ने अपने समर्थकों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर बालोद जिले के भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख, पूर्व जिलाध्यक्ष पवन साहू, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र जायसवाल, आसपास के सभी मंडलों के अध्यक्ष पार्षद गण मौजूद रहे। काली माता मंदिर में पूजा अर्चना कर सभी प्रत्याशियों का हौसला बढ़ाया और अपने छोटे सम्बोधन में कहा कि आप सभी एकजुट होकर भाजपा को विजयी दिलवाये। जिससे केंद्र और राज्य में ट्रिपल इंजन की सरकार से भाजपा के विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन हो सके। इस अवसर पर कुँवर लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम को भारी मतों से विजयी बनाने से लेकर सभी पार्षदों को भी एक जुटता का परिचय देते हुए अग्रिम जीत की शुभकामनाएं दिए। इस अवसर पर डौंडीलोहारा मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा के निवास स्थान पर भोजन कर दल्लीराजहरा की ओर प्रस्थान किये। इस भेंट मुलाकात के अवसर पर डौंडीलोहारा नगर पंचायत के गणमान्य नागरिकों के साथ सभी वार्डो की महिलाएं बच्चे बुजुर्ग युवा वर्ग भी उपस्थित रहे। वही प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र जायसवाल, मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा, जयेश ठाकुर, बलराम गुप्ता, जशराज शर्मा, रूपेश सिन्हा, महावीर तातेड़, महेंद्र जायसवाल, धर्मेंद निषाद, दिलीप बाफ्ना, राजू भंसाली, हरीश कटझरे, प्रणव साहू, गोपी साहू, बंटी रजक, लिलेंद्र सिन्हा, रूपेश सिन्हा, प्यारे लाल निषाद, पलाश गुप्ता, राजू सिन्हा, जीतू सोनी , मोंटी , देवाशीष यादव, निखिल शर्मा धीरज जैन, रवि जैन, पवन देवांगन, माया ठाकुर, ममता यादव, पायल सोनी, लता गुप्ता, सौहाद्र देवांगन, सुभद्रा टांडेकर, भारती यादव, नेहा उपाध्याय सहित सभी पार्षद प्रत्याशी उपस्थित रहे।

# लाखों रुपए लेकर धोखाधड़ी करने वाले फरार आरोपी को पकड़ने में जांजगीर पुलिस को मिली सफलता

## आरोपी द्वारा ग्रामीणों को रकम जमा कर कंपनी द्वारा दुगुना, तीन गुना राशि देने की थी लाखों रुपए की धोखाधड़ी

पायनियर संवाददाता < जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



लाखों रुपए लेकर धोखाधड़ी करने का फरार आरोपी को पकड़ने में जांजगीर पुलिस को मिली सफलता। आरोपी द्वारा अपने अन्य साथी के साथ मिलकर ग्रामीणों को रकम जमा करने पर कंपनी द्वारा दुगुना, तीन गुना राशि देगा कि गई थी। लाखों रुपए का धोखाधड़ी वर्ष 2011 में आरोपी एवं उनके अन्य साथियों द्वारा अपने आप को चिटफण्ड कंपनी सर्वमंगला प्रापर्टिज इंडिया लिमिटेड कोरबा का डायरेक्टर, एजेंट बताकर प्रार्थी महेन्द्र कुमार तिवारी निवासी खोखरा एवं अन्य ग्रामीणों के घर गये और उनको बोला कि कंपनी में रकम जमा करोगे तो कंपनी जमा रकम का दो गुना तीन गुना राशि देगा कहकर बोले तब उनके झांसे में आकर प्रार्थी द्वारा अपने परिवार के सदस्यों के नाम से कंपनी में 899750/रु. जमा किया था। इसी प्रकार अन्य ग्रामीणों द्वारा अलग अलग जुमला 509060/रुपया जमा किया गया था। ग्रामीणों द्वारा अपने जमा किए पैसा को वापस मांगने पर आरोपियों द्वारा बोला की कंपनी बंद हो गया है, कंपनी जमीन खरीदा है, बिक्री पश्चात पैसा वापस मिल जाएगा कहकर बोलते रहा लेकिन ग्रामीणों का पैसा वापस नहीं किया की रिपोर्ट पर कंपनी के डायरेक्ट सहित एजेंट के विरुद्ध थाना जांजगीर में अपराध क्रमांक 685/2015 धारा 420, 34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। प्रकरण की विवेचना दौरान थाना जांजगीर पुलिस द्वारा प्रकरण में शामिल 13 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है। आरोपी डायरेक्टर रामकिशन चौहान उम्र 36 साल निवासी मानिकपुरी एसईसीएल कालोनी कोरबा जिला कोरबा जो घटना घटित कर फरार था जिसकी थाना जांजगीर पुलिस द्वारा लगातार पातासाजी की जा रही थी। आरोपी डायरेक्टर रामकिशन चौहान उम्र 36 साल निवासी मानिकपुरी एसईसीएल कालोनी कोरबा जिला कोरबा धोखाधड़ी करने के संबंध में पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी थाना प्रभारी जांजगीर एवम थाना जांजगीर स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

# कमल, पंजा पर भारी पड़ रहा है कांच का गिलास अपनों से ही खतरा राष्ट्रीय पार्टी को

पायनियर संवाददाता < जैजैपुर
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ राज्य में त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरी चुनाव चलने जा रहा है जहां पर नगर में चुनाव चिन्ह मिलने के बाद सभी प्रत्याशी अपने-अपने मैदान में जा चुके हैं । वहीं पर नगर पंचायत जैजैपुर में तीन प्रत्याशी नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। जहां पर आप एवं बसपा से अध्यक्ष के लिए कोई भी दावेदारी प्रस्तुत नहीं किया है ।आप से दो पार्षद प्रत्याशी हैं। नगर पंचायत जैजैपुर में भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष सोनसाय देवांगन जो चुनाव मैदान में कमल चुनाव चिन्ह को लेकर आए हैं, वहीं पर उनके पार्टी के ही लोग असंतुष्ट नजर आ रहे हैं उनसे अपनों से ही खतरा ज्यादा मडरा रहा है। इस प्रकार से देखा जाए तो कमल की नैया लड़खड़ाती हुई नजर आ रही है, सोनसाय देवांगन को अपने समर्थकों को जाकर अपने पक्ष में करने का प्रयास करना चाहिए ताकि वह कमल चुनाव चिन्ह पर चुनावी मैदान में दूसरे प्रत्याशी को मुंह तोड जवाब दे सके, लेकिन अपने ही पार्टी के लोगों को देवांगन खुश नहीं रखने की वजह से उनमें काफी नाराजी देखी जा रही है। वहीं पर कांग्रेस पार्टी से पूर्व नगर उपाध्यक्ष दिलीप चंद्रा जो मैदान में कांग्रेस के पंजा चुनाव चिन्ह को लेकर आए हैं। वह भी भाजपा की तरह अपने ही लोग से खतरा मडरा रहा है इस प्रकार से देखा जाए तो भाजपा एवं कांग्रेस दोनों ही पार्टी की प्रत्याशियों को अपने-अपने पार्टी से खतरा नजर आ रहा है । जबकि निर्दलीय के रूप में जैजैपुर से बलराम चंद्रा जो कांच का गिलास चुनाव चिन्ह लेकर आए हैं उसी को लेकर वह कांग्रेस से जो असंतुष्ट हैं उसे अपने पक्ष में करते हुए उन्हें निर्दलीय उम्मीदवार के लिए लड़ा रहे हैं वहीं पर भाजपा से भी असंतुष्ट को अपने पक्ष मे बलराम चंद्रा करने मे लगे हुए हैं इससे यह सब जाहिर होता है कमल ,पंजा से भारी कांच का गिलास नगर पंचायत जैजैपुर में दिखाई दे सकता है। कांग्रेस पार्टी एवं भारतीय जनता पार्टी को भी अपने प्रत्याशियों से सावधान रहना चाहिए और आगे की रणनीति बनाकर चुनाव मैदान में डटना चाहिए ताकि त्रिकोणीय टक्कर हो सके । इस तरह से देखा जाए तो कांच की गिलास का पलडा भारी दिखाई दे रहा है ।।कांग्रेस एवं भारतीय जनता पार्टी को सोच समझकर चुनाव मैदान में चलना ही उचित दिखाई पड़ रहा है।

# मुख्य महाप्रबंधक सभागार में सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



कार्मिक विभाग लौह अयस्क समूह दल्ली राजहरा के द्वारा मुख्य महाप्रबंधक सभागार में 31 जनवरी को सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक आर बी गहरवार थे । कार्यक्रम में जनवरी मांह में सेवानिवृत हो रहे 05 कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आर बी गहरवार ने भिलाई इस्पात संयंत्र और खदान समूह को दी गई सेवाओं के लिए सेवानिवृत हो रहे कर्मचारी को धन्यवाद दिया एवं भिलाई इस्पात संयंत्र के उत्पादन में योगदान के लिए उनकी सराहना की। कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथि विपिन कुमार महाप्रबंधक (अनुरक्षण एवं सेवाएं) ने सेवानिवृत कर्मचारी के स्वस्थ्य एवं सुखी जीवन के लिए शुभकामना दी। कार्यक्रम में उपस्थित वागीश तिवारी उप महाप्रबंधक ने सेवानिवृत कर्मचारियों के द्वारा कंपनी को दी गई बहुमूल्य सेवाओं के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में उपस्थित यूनियन प्रतिनिधियों के द्वारा भी सेवानिवृत्ति कर्मचारियों को शुभकामनाएं एवं भविष्य में शारीरिक आर्थिक एवं पारिवारिक रूप से सुखमय जीवन व्यतीत करने की शुभकामनाएं दी गई। के शशांक राव सहायक प्रबंधक कार्मिक विभाग ने सेवानिवृत कर्मचारियों को भविष्य में किसी भी प्रकार के सहयोग के लिए आश्वस्त किया। संयुक्त खदान मजदूर संघ की ओर से उपस्थित राजेंद्र बेहरा, बीएमएस यूनियन की ओर से लखन लाल चौधरी, रजनीश, सीटू यूनियन की तरफ से गुरुवेलु ने सेवानिवृत्ति पश्चात जीवन व्यतीत करने के तरीकों पर परामर्श दिया एवं मेडिक्लेम योजना की जानकारी दी। कार्यक्रम में सेवानिवृत्ति प्राप्त करने वाले कर्मचारियों में गिरवर ठाकुर, अवध कुमार भंडारी, बी मूर्ति राव वी के राधाकृष्णन, गज्जू राम उपस्थिति थे। कार्यक्रम का संचालन रतीश मिश्रा अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन के.शशांक राव सहायक प्रबंधक कार्मिक ने दिया।

# मानस गान प्रतियोगिता में पिपर भट्ठा की मंडली रही प्रथम

## चंडी आश्रम नेवनारा में मनाया गया मानस माघी पूर्णिमा मानस उत्सव

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



सिद्धि पीठ मा चंडी भूमि फोड़ भगवान शिव के साथ विराजमान है जहां साल भर भक्तों की भीड़ लगी रहती है वर्तमान समय में महीने भर सनातन संस्कृति के अनुरूप अनेक विविध आयोजन चंडी आश्रम ट्रस्ट द्वारा किया जा रहा है प्रथम पाली में विराट माघी पूर्णिमा मानस उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम का प्रारंभ मौनी महराज के करकमलो से दीप प्रज्वलित कर किया गया जिसमें जिले के मां भद्रकाली जिला मानस संघ से पंजीकृत मानस मंडलियों ने सांगीतिक प्रस्तुति प्रदान किए जिसमें 21 मानस मंडलियों ने हिस्सा बेहतर प्रस्तुति के लिए पुरस्कार की व्यवस्था किया गया था जिसमें प्रथम राम सेवा सत्संग समिति पिपरभटठा बेमेतरा द्वितीय शक्ति संगम मानस मंडली भिंभौरी त्रितीय चंद्रकिरण मानस मंडली मोहरेंगा चतुर्थ शारदा मानस मंडली नवांगढ पंचम ममता बालिका मानस मंडली नवांगढ बेमेतरा को प्रदान किया गया कार्यक्रम में अतिथि के रूप में संघ के अध्यक्ष देवलाल सिन्हा महेश साहू संतोष शर्मा माखन साहू बिहारी लाल यदु राजकुमार ताम्रकार संजय वर्मा जीतू यदु लता साहू की उपस्थिति रही वहीं सरस संचालन सालिक राम साहू एवं चेतन साहू ने किया द्वितीय पाली में वृंदावन धाम पहुंचे साध्वी निधि के माध्यम से प्रवाहित हो रही है जिसके मुख्य यजमान कमल प्रमिला साहू जी है साथ ही रुद्र महा यज्ञ भी प्रारंभ हो चुका है चंडी आश्रम ट्रस्ट समिति अध्यक्ष प्रहलाद अग्रवाल ने भक्तों को अधिक संख्या में उपस्थिति होने की अपील किए है।

# निदान में त्वरित निराकरण के लिए साल 2024 में ग्रेड ए का दर्जा मिला अड़भार नगर पंचायत को

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन विकास विभाग द्वारा पूरे प्रदेश में सभी नगरीय निकायों में ऑनलाइन शिकायत निवारण प्रणाली 1100 प्रारंभ की गई है, इसके तहत प्रति वर्ष विभाग द्वारा नगरीय निकायों का ग्रेड तय किया जाता है, तथा शक्ति जिले की नगर पंचायत अड़भार पहले भी इस निदान में ग्रेड एक का दर्जा हासिल कर चुकी है, तथा इस साल पुनः1 जनवरी 2024 से 31 दिसंबर 2024 तक की गई रैंकिंग में नगर पंचायत में कुल 10 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसका निराकरण कर लिया गया है, जिसमें नगर पंचायत अड़भार को ग्रेड ए का दर्जा मिला है, जिस पर नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी आनंद कुमार राय, उप यंत्री मुजफ्फरपुर हुसैन, सफाई दरोगा विकास देवांगन ने समस्त नगर पंचायत के कर्मचारियों को भी इस सम्मान के लिए बधाई दी है तो वहीं नगर पंचायत अड़भार सदैव स्वच्छता तथा ऑनलाइन शिकायत निवारण के कार्य में अग्रणी होकर अपना योगदान दे रही है,तथा जिसके चलते नगर पंचायत को यह सम्मान प्राप्त हुआ है।

# सीएचसी लवन के डॉक्टरो के सार्थक पहल से दुर्घनाग्रस्त मरीजों को मिली तुरंत उपचार



पायनियर संवाददाता < लवन
www.dailypioneer.com

तहसील लवन अन्तर्गत ग्राम पंचायत कैलाश गढ़ के ग्रामीण निर्वाचन नामांकन के पश्चात घर वापसी कर रहे थे कि इसी बीच चारपहिया में सवार ग्रामीण दुर्घटना का शिकार हो गए जिसमें 12 लोगों को चोटें आई जिसकी जानकारी मिलने पर लवन अस्पताल के डॉक्टरो ने सार्थक पहल का परिचय देते हुए एम्बुलेंस गाड़ी भेजकर घायलों को तुरंत सीएचसी लवन लाए जंहा बिना देरी किये घायल मरीजों की त्वरित इलाज की प्रक्रिया पूरी की गई। कुल12 मरीजों में 6 मरीजों को जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार रेफर किये गए जिसमें से एक कि हालत गंभीर है वहीं शेष 06 मरीजों का इलाज सीएचसी लवन में बेहतर तरीके से जारी है।घायलों की बेहतर से बेहतर इलाज में सार्थक पहल का परिचय देने वाले में डॉ शशी कुमार जायसवाल, डॉक्टर गुरु गोविंद वर्मा, स्टाफ नर्स मुकेश, एम जॉन,शशि, वार्ड बॉय युवराज कात्रे सहित अन्य कमर्चारियों की सराहनीय योगदान रहा।

# जेएलएन डिग्री कालेज में नशा मुक्ति संकल्प अभियान का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



स्थानीय जे.एल.एन. डिग्री कालेज सक्ती, में नशामुक्ति एवं अभियान दिवस का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य के निर्देशानुसार किया गया। जिसमे कि प्राचार्य डॉ. शालू पाहवा ने अपना विचार रखते हुए छात्र/ छात्राओं, प्राध्यापको एवं कर्मचारियों को नशा न करने का संकल्प एवं शपथ दिलायी। तथा प्राचार्य महोदया ने कहा कि नशा युवा पीढी के भविष्य को अंधकार में ले जा रही है। नशा एक धीमी जहर है, इसके सेवन से मनुष्य का जीवन अंधकार हो रहा है।

एवं घर परिवार कमजोर हो रहे है। आज का युवा पीढी शराब, तंबाकू उत्पाद चरस, अफीम सहित अन्य नशीले पदार्थों का सेवन भी कर रही है। जिससे समाज पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। इस अभियान के तहत महाविद्यालय के इतिहास के सहा. प्राध्यापक ने अपना मत व्यक्त करते हुए कहा कि नशा न केवल व्यक्ति का शारीरिक व मानसिक नुकसान पहुंचाता है बल्कि परिवार को भी पतन की ओर ढकेल देता हैं। कार्यक्रम के संचालन कर रहे अर्थशास्त्र विभाग सहायक प्राध्यापक मेघनाथ जायसवाल ने कहा कि सर्वप्रथम स्वयं को नशामुक्त बनाने हेतु विश्वास दिलाये, जिससे सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक स्तर पर सकारात्मक प्रभाव पड़े। इस कार्यक्रम मे क्वीज प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया। छात्र/छात्राओं ने अति उत्साह पूर्वक प्रश्नो का उत्तर दिया। संकल्प एवं नशा न करने का शपथ लिये। उक्त कायक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शालू पाहवा एवं महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र/ छात्राएँ उपस्थित थे।

# बजट में आमजनता मजदूर किसान बेरोजगार और छत्तीसगढ़ की उपेक्षा : दीपक दुबे

पायनियर संवाददाता < शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष दीपक दुबे ने केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि मजदूर, किसान, बेरोजगार सहित आम जनता के लिए ये घोर निराशाजनक बजट है। केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा प्रस्तुत किये गये बजट को निराशाजनक एवं जनता के साथ धोखा कहा है। यह बजट गरीब को और अधिक गरीब बनाने वाला तथा अमीरों के लिए सरकारी खजाने को खोल देने वाला बजट है किसान, बेरोजगार, नौजवान, अनुसूचित जाति और पिछड़े वर्ग तथा सरकारी कर्मचारियों को प्रस्तुत बजट निराश और हताश करने वाला है बजट में दिखायी गयी अनुमानित वृद्धि दर में दो प्रतिशत तक की गिरावट आयेगी, क्योंकि लक्ष्य निर्धारित करने के आंकड़े कुछ और हैं और बताये गये आंकड़े हवाहवाई हैं। यह बजट कुछ चंद पूंजीपतियों की तिजोरी को भरने वाला ही है। नेताद्वय ने आय कर को लेकर कहा कि उम्मीद जतायी गयी थी कि पन्द्रह लाख रूपये तक कोई आय कर नहीं लगेगा परन्तु इस बजट में मात्र बारह लाख रूपये तक की ही छूट दी गयी है मोदी सरकार एक हाथ से कर्मचारियों को दे रही है तो दूसरे हाथ से जीएसटी के माध्यम से लुट रहा है बजट से यह स्पष्ट हो गया है कि मोदी जी का पांच ट्रिलियन इकोनॉमी का लक्ष्य पहुंच से बाहर हो गया है जीएसटी जो आम आदमी को एक नहीं कई बार चुकानी पड़ रही है, उससे बचाने का बजट में कोई प्रावधान नहीं है केन्द्रीय बजट किसानों, बेरोजगारों एवं मध्यम वर्गीय परिवारों को निराश करने वाला बजट है छत्तीसगढ़ के बस्तर सरगुजा में रेल सुविधा को ध्यान नहीं रखा गया देश को चलाने वाला छत्तीसगढ़ की उपेक्षा हुआ। उन्होंने कहा कि 2022 में किसानों की आय दोगुनी करने का लक्ष्य था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसके बजाय, 55 प्रतिशत किसान कर्ज के बोझ तले हैं और 2014 से अब तक एक लाख से अधिक किसान आत्महत्या कर चुके हैं। केंद्र सरकार पिछले लोक लुभावन बजट में हुई घोषणाओं को ही लागू नहीं कर पाई और फिर से नई घोषणाएं करके तारीफ लेने की कवायद में लगी है। युवा, बेरोज़गार, किसान, मजदूरों के हित और बिहार की मूलभूत मांगों को दरकिनार करने वाला यह बजट रहा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज जब बजट की शरुआत कृषि से तो की हैं लेकिन किसानों की मांगों और कृषि पर संसदीय स्थायी समिति की सिफरिशों पर पूरी तरह से वो चुप हैं। एमएसपी को कानूनी गारंटी के रूप में लागू करने और कृषि ऋण माफी पर कोई पहल नहीं की।

## दो पहिया वाहन चलाते समय अपनी सुरक्षा के लिए हेलीमेट का इस्तेमाल करें

# जिला स्तरीय संचालित 36वॉ राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम समापन

पायनियर संवाददाता < बलरामपुर
www.dailypioneer.com




जिले में चल रहे सड़क सुरक्षा कार्यक्रम का समापन जनपद पंचायत के सभा कक्ष में आयोजित किया गया था जहां मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीईओ नयनतारा सिंह तोमर, विशिष्ट अतिथियों में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विश्व दीपक त्रिपाठी अपर कलेक्टर रामशिला लाल एसडीएम अमित कुमार श्रीवास्तव यातायात प्रभारी विमलेश देवांगन सहित अन्य लोगों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विश्व दीपक त्रिपाठी ने कहा की सड़क दुर्घटना होने पर 1 घंटे तक उस व्यक्ति का गोल्डन अवसर होता है यदि इस बीच प्राथमिक उपचार के लिए प्रयास करें तो उसे बचाया जा सकता है। मदद करने वालों में प्रकाश गुप्ता, कार्तिक सिंह, राहुल यादव, राधेश्याम दास, विकेश मिंस जैसे कई व्यक्तियों के द्वारा जानकारी देकर कई दुर्घटनाओं में समय पर जानकारी मिलने उपरांत कई लोगों की जान भी बचाई गई है। जानकारी देने वाले व्यक्तियों को गुड सेमेरिटन के तहत हेलमेट एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे रंगोली, चित्रकला, भाषण, निबंध, स्लोगन एवं रील्स बनाओं प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः प्रथम,द्वितीय, तृतीय एवं सांतवाना पुरस्कार देकर उन्हे सम्मानीत किया गया। व्ही रील्स बनाओं प्रतियोगिता के तहत प्रथम स्थान कुसमी के इबादत कुजूर द्वितीय स्थान देवराज सिंह तृतीय स्थान अपना बलरामपुर की टीम को प्रशस्ति पत्र गिफ्ट और नगद राशि ईनाम देकर उनको सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में मंच पर आसिन अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जन समूहों को अतिथियों के द्वारा यह संदेश दिया गया कि दो पहिया वाहन चलाते समय अपनी सुरक्षा के लिए हेलीमेट का इस्तेमाल करें। चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का इस्तेमाल करें। वाहनों से संबंधित सभी दस्तावेज अपने साथ रखें इसके साथ ही सफर करते वक्त यदि कोई घटना दुर्घटना होती है तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस विभाग को दें साथ ही संभव हो तो घायलों को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाएं साथ ही अपने घर के नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने न दे।

# आंगन बना गुलदस्ता



**जैजैपुर।** नगर पंचायत बाराद्वार के वार्ड नंबर 2 निवासी देवेंद्र यादव के घर के आंगन में खिले विविध रंगों के गुलाब घर आंगन की सुंदरता बढ़ाने के साथ-साथ हर एक लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। ऐसा लग रहा है मानो आंगन गुलदस्ता बना हुआ है।

# स्व.रामावतार अग्रवाल को जिला शक्ति प्रेस क्लब सक्ती सहित विभिन्न संगठनों ने दी श्रद्धांजलि



**सक्ती।** सक्ति शहर की प्रतिष्ठित फर्म रामावतार विजय कुमार (कलावड़ीया परिवार) के संचालक विजय अग्रवाल, अजय अग्रवाल, एवम संजय अग्रवाल (बंटी) के पूज्य पिता रामअवतार अग्रवाल का आकस्मिक निधन विगत दिनांक- 24 जनवरी 2025 दिन शुक्रवार को हो गया था, जिनका बारहवां एवं पगड़ी रस्म कार्यक्रम आगामी 4 फरवरी 2025 दिन- मंगलवार को शाम 4:00 बजे उनके गृह निवास वार्ड क्रमांक- 11 झूलकदम रोड शक्ति में होगा, स्वर्गीय रामअवतार अग्रवाल को जिला शक्ति प्रेस क्लब शक्ति सहित विभिन्न संगठनों ने श्रद्धांजलि दी है, तथा स्वर्गीय रामावतार अग्रवाल जिला शक्ति प्रेस क्लब शक्ति के पदाधिकारी एवं पत्रकार संजय कुमार अग्रवाल बंटी के पूज्य पिता थे।



# बेहद अलग है जूलॉजी में कॅरियर

**जूलॉजी में कॅरियर बनाने के लिए आपको सबसे पहले जीव विज्ञान, गणित और रसायन विज्ञान में ज्ञान प्राप्त करना होगा। 12वीं के बाद बैचलर की डिग्री हासिल करने के बाद आप इस क्षेत्र में कदम बढ़ा सकते हैं। ऐसे बहुत से लोग है, जो प्रकृति में मौजूद विभिन्न तरह के प्राणियों के बारे में गहराई से जानने की इच्छा रखते हैं। ऐसे लोग जूलॉजी में अपना करियर देख सकते हैं। जूलॉजी, जीव विज्ञान की एक शाखा है, जो मछली, सरीसृप, पक्षियों और स्तनधारियों सहित जानवरों का वैज्ञानिक अध्ययन है। यह संरचना, शरीर रचना, विशेषताओं, व्यवहार, वितरण, पोषण की विधि, शरीर विज्ञान, आनुवंशिकी और पशु प्रजातियों के विकास को शामिल करता है। जूलॉजी का अध्ययन करते समय आप समुद्री जीवों, चिड़ियाघर के जानवरों और जंगली और यहां तक कि घरेलू पालतू जानवरों सहित जानवरों के जीव विज्ञान और आनुवंशिकी का अध्ययन करते हैं। ऐसे में अगर आप भी इनके बारे में विस्तार से जानना चाहते हैं तो बतौर जूलॉजिस्ट बनकर ऐसा कर सकते हैं। तो चलिए जानते हैं इसके बारे में**

## क्या होता है काम

एक जूलॉजिस्ट का मुख्य काम जानवरों के व्यवहार, विशिष्ट विशेषताओं और उनमें विकासवादी प्रवृत्तियों का अध्ययन करते हैं। जूलॉजिस्ट को पशु जीवविज्ञानी या वैज्ञानिक भी कहा जाता है। यह एक बेहद विस्तृत क्षेत्र है और विभिन्न क्षेत्रों से संबंध रखने वाले जूलॉजिस्ट को अलग-अलग नामों से जाना जाता है। मसलन, पक्षियों के अध्ययन में विशेषज्ञता वाले जूलॉजिस्ट्स को ऑर्निथोलॉजिस्ट कहा जाता है, वहीं मछली का अध्ययन करने वाले को आइकथोलॉजिस्ट के रूप में जाना जाता है। ठीक इसी तरह, जो जूलॉजिस्ट्स जो उभयचरों और सरीसृपों का अध्ययन करते हैं उन्हें हेरपेटोलॉजिस्ट नाम से जाना जाता है और स्तनधारियों से जुड़े लोगों को मैमलॉजिस्ट कहा जाता है। उनके कार्यक्षेत्र में जानवरों, पक्षियों, स्तनधारियों, कीड़े, मछलियों और कीड़े के पहलुओं पर रिपोर्ट तैयार करना और उन्हें विभिन्न स्थानों पर प्रबंधित करना है। जूलॉजिस्ट डीएनए पहचान सहित उच्च तकनीक के सभी प्रकार के क्षेत्र में और प्रयोगशाला में काम करते हैं, और वे जानकारी के डेटाबैंक विकसित करते हैं।

## योग्यता

कॅरियर एक्सपर्ट की मानें तो जूलॉजी में कॅरियर बनाने के लिए आपको सबसे पहले जीव विज्ञान, गणित और रसायन विज्ञान में ज्ञान प्राप्त करना होगा। 12वीं के बाद बैचलर की डिग्री हासिल करने के बाद आप इस क्षेत्र में कदम बढ़ा सकते हैं। हालांकि आप इस क्षेत्र में बैचलर की डिग्री के बाद मास्टर डिग्री या डॉक्टरेट की डिग्री भी हासिल कर सकते हैं।

## व्यक्तिगत कौशल

एजुकेशन एक्सपर्ट कहते हैं कि जूलॉजी के क्षेत्र में कॅरियर देख रहे छात्रों का बेहद साहसी होना जरूरी है और उनके जीवन में डर के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। उन्हें समर्पित, स्वतंत्र और मेहनती भी होना चाहिए। उन्हें विभिन्न लोगों के साथ काम करना आना चाहिए। चूंकि वैज्ञानिक अक्सर शोध प्रस्ताव प्रस्तुत करते हैं, इसलिए उनके पास प्रभावी लिखित और मौखिक संचार क्षमताएं होनी चाहिए। वह अपना अधिकांश समय जानवरों के साथ बिताते हैं, इसलिए उन्हें जोखिम भरी परिस्थितियों में काम करने के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्हें काटने, खरोंचने आदि जैसे हमलों के लिए हरदम मानसिक रूप से तैयार रहना चाहिए और चोटों को सहने की क्षमता होनी चाहिए। जूलॉजी के क्षेत्र में आपको कई घंटों तक काम करना पड़ सकता है, जो वास्तव में आपके लिए थकाऊ हो सकता है।

## संभावनाएं

बतौर जूलॉजिस्ट आप चिड़ियाघर, वाइल्डलाइफ सर्विस, बोटेनिकल गार्डन, कंसर्वेशन आर्गेनाइजेशन, नेशनल पार्क, यूनिवर्सिटी व लेबोरेटरीज आदि में काम कर सकते हैं। जहां चिड़ियाघर व म्यूजियम में वे बतौर एजुकेटर या क्यूरेटर अपना कॅरियर आगे बढ़ा सकते हैं। वहीं आप स्कूल या कॉलेज में टीचर्स या रिचर्सर के तौर पर भी काम कर सकते हैं। वहीं अपना शोध पूरा कर लेने के बाद आप एक स्वतंत्र शोधकर्ता के रूप में भी आगे कार्य कर सकते हैं। इसी तरह एनिमल रिहैबिलिटेटर्स या बतौर कंसर्वेशनिस्ट भी आप अपना उज्जवल भविष्य देख सकते हैं।

## आमदनी

इस क्षेत्र में आपका वेतन शिक्षा, अनुभव, कार्य की प्रकृति व स्पेशलाइजेशन के आधार पर निर्भर करता है। रिसर्च एंड डेवलपमेंट के क्षेत्र से जुड़े लोगों को अच्छी आमदनी हो सकती है। शुरूआती दौर में आप 10000 से 15000 रूपए महीना आसानी से कमा सकते हैं। वहीं कुछ समय के पश्चात आपकी आमदनी 25000 रूपए प्रतिमाह या इससे अधिक भी हो सकती है। अगर कुछ वर्षों के अनुभव के पश्चात आप विदेश में काम करते हैं तो आप यकीनन लाखों में कमा सकते हैं।





# लेखन के क्षेत्र में बनाएं कॅरियर

ऐसे बहुत से लोग होते हैं, जिन्हें लिखना बहुत पसंद होता है। लेखन की कई विधाएं हैं, इन्हीं में से एक है क्रिएटिव राइटिंग। लेखन के क्षेत्र की यह विधा बेहद कलात्मक है। इस क्षेत्र से जुड़े लोग वास्तव में रचनात्मक लेखक हैं, जिन्हें लोग उपन्यासकार, कवि, गीतकार आदि विभिन्न नामों से जानते हैं। क्रिएटिव राइटर्स के पास लेखन में जादुई शक्ति होती है और अपने काम के माध्यम से, वे पाठकों को प्रभावित कर सकते हैं और उन्हें परेशान, घृणित, मंत्रमुग्ध या खुश कर सकते हैं। आमतौर पर लोग इस काम को आसान मानते हैं, जबकि लेखन बनाना एक लंबी प्रक्रिया है जिसमें बहुत अधिक शोध और कड़ी मेहनत की आवश्यकता होती है। अगर आप भी लेखन में अपनी रूचि रखते हैं तो इस क्षेत्र में अपने कदम बढ़ा सकते हैं

## क्या है क्रिएटिव राइटिंग

रचनात्मक लेखन वह लेखन है जिसमें एक लेखक का उद्देश्य गद्य और काव्य छंदों के माध्यम से अपनी भावनाओं, भावनाओं, कल्पनाशील विचारों और विचारों को व्यक्त करना है। विभिन्न तरह के लेखन जैसे उपन्यास, कविता, कहानी, नाटक, आत्मकथा, पटकथा लेखन, कॉपी लेखन आदि को रचनात्मक लेखन कहा जाता है। रचनात्मक लेखन एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें प्राकृतिक दुनिया के चित्र बनाने के लिए बहुत अधिक कल्पना, अवलोकन और एक जन्मजात क्षमता की आवश्यकता होती है। विभिन्न विषयों और शैलियों पर लेख पढ़कर एक अच्छा लेखक बन सकता हैय हर तरह से जीवन का अनुभव करना और बहुत सारे मुहावरों, लहजों और स्थानीय भावों को सीखना और सुनना। वैसे तो क्रिएटिव राइटिंग कुछ लोगों को जन्मजात उपहार में मिलती हैं, लेकिन रचनात्मक लेखन में कोर्स करके कोई भी अपने लेखन कौशल में सुधार कर सकता है।

## योग्यता

कॅरियर एक्सपर्ट कहते हैं कि रचनात्मक लेखन के क्षेत्र में किसी औपचारिक शिक्षा की विशेष आवश्यकता नहीं है। आपकी कल्पना, अवलोकन और रचनात्मकता के साथ लिखने की क्षमता ही आपके भविष्य के मार्ग प्रशस्त करती है। हालांकि अंग्रेजी साहित्य या पत्रकारिता और संचार में एक शैक्षिक पृष्ठभूमि आपके कॅरियर की राह को आसान बनाती है। वैसे भारत में कुछ संस्थान रचनात्मक लेखन में शार्ट टर्म कोर्स कराते हैं और इन पाठ्यक्रम में आवेदन करने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता हायर सेकंडरी या 10+2 होनी चाहिए। इन पाठ्यक्रमों की न्यूनतम अवधि एक वर्ष है।

**रचनात्मक लेखन के क्षेत्र में किसी औपचारिक शिक्षा की विशेष आवश्यकता नहीं है। आपकी कल्पना, अवलोकन और रचनात्मकता के साथ लिखने की क्षमता ही आपके भविष्य के मार्ग प्रशस्त करती है। हालांकि अंग्रेजी साहित्य या पत्रकारिता और संचार में एक शैक्षिक पृष्ठभूमि आपके कॅरियर की राह को आसान बनाती है।**

## व्यक्तिगत गुण

कॅरियर एक्सपर्ट कहते हैं कि एक क्रिएटिव राइटर को कल्पनाओं के आकाश में विचरने के साथ-साथ उसे कागज पर भी बेहतरीन तरीके से उतारने की कला आनी चाहिए। इसके अलावा उसके भीतर पढ़ने व नई चीजों को जानने की जिज्ञासा होनी चाहिए, ताकि वह अपने शब्दकोश को अधिक मजबूत बना सके। चूंकि इन दिनों लेखन के लिए कंप्यूटर का इस्तेमाल किया जाने लगता है। इसलिए उसे कंप्यूटर का ज्ञान होना व इंटरनेट में आवश्यक सामग्री खोजने की कला आनी चाहिए। इसके अलावा उसके भीतर ऑर्बजवेशन स्किल्स व कम्युनिकेशन स्किल्स भी मजबूत होने चाहिए। क्योंकि जब एक लेखक अपने या दूसरों के अनुभवों के पन्ने पर उतारता है तो उसका एक अलग ही प्रभाव देखने को मिलता है। इसके अलावा ऑब्जर्वेशन के जरिए उसके लेखन में भी विविधता को आसानी से देखा जा सकता है।

## संभावनाएं

क्रिएटिव राइटर्स के पास अवसरों की कोई कमी नहीं है। कॅरियर एक्सपर्ट की मानें तो आप अपनी रूचि के अनुसार उपन्यास से लेकर संस्मरण, कविता, गीत, साइंस फिक्शन, रोमांस, स्क्रिप्ट, नाटक, यात्रा-वृत्तांत आदि लिख सकते हैं। इसके अलावा आप पत्र-पत्रिकाओं और समाचार पत्रों आदि के लिए रिपोर्ट, साक्षात्कार, सुविधाएँ, आलोचना और समीक्षाएं लिख सकता है। इसके अलावा, रचनात्मक लेखक वेब साइटों के लिए भी कंटेंट लिख सकते हैं या प्रिंट मीडिया के लिए लेख बना सकते हैं। आप किसी एक संस्थान से जुड़कर काम कर सकते हैं या फिर अलग-अलग संस्थानों के लिए फ्रीलांसिंग भी कर सकते हैं।

## आमदनी

इस क्षेत्र में आमदनी आपके अनुभव व कौशल पर निर्भर करती हैं। शुरूआती दौर में एक क्रिएटिव राइटर आठ से दस हजार रूपए प्रतिमाह कमा सकता है। इसके बाद अनुभव बढ़ने के बाद आपका काम व आमदनी दोनों बढ़ती चली जाती है।

### प्रमुख संस्थान

- इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली
- डॉ.बाबासाहेब अंबेडकर ओपन यूनिवर्सिटी, अहमदाबाद
- नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर मीडिया स्टडीज, अहमदाबाद
- कर्नाटक स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी



# एंट्री इंटरव्यू की तरह एग्जिट इंटरव्यू भी मायने रखता है

**एंट्री इंटरव्यू की तरह ही किसी कंपनी का एग्जिट इंटरव्यू भी उतना ही मायने रखता है। नौकरी छोड़ने से पहले एग्जिट इंटरव्यू भले ही मात्र एचआर संबंधी औपचारिकता लगे लेकिन इसका मतलब ये नहीं हैं कि इसके लिए आप कोई तैयारी न करें। इंटरव्यू में अपने जवाबों को तैयार रखकर आप अपने लिए भविष्य में उस कंपनी के दरवाजे हमेशा खुले रख सकेंगे। आइए जानते हैं एग्जिट इंटरव्यू के लिए कुछ जरूरी टिप्सः**

## सकारात्मक चीजों पर फोकस

एग्जिट इंटरव्यू के संदर्भ को समझना महत्वपूर्ण है और बिना किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाए सच बोलना जरूरी है। करियर के इस मोड़ पर आपको सकारात्मक प्रभाव बनाने के लिए सहयोगियों और प्रबंधकों की तारीफ करना चाहिए।

## वापसी की इच्छा जताएं

अगर आप अच्छे टर्म के साथ अपने कार्यकाल को ऑफिस में पूरा कर रहे हैं तो इसके लिए आपको वापसी के सारे रास्ते खुल रखने की कोशिश करना चाहिए। हमेशा जुड़े रहने की इच्छा जताएं और वहां के एल्यूमिनी नेटवर्क का हिस्सा बनने को कहें।

## आभार व्यक्त करें

ऑर्गनाइजेशन में अपने कार्यकाल को सहज बनाने में मदद करने वालों के प्रति आभार जताना न भूलें। यह केवल मैनेजमेंट को आपके बारे में पॉजिटिवी फील देगा।

## माइक्रो पर्सपेक्टिव

अगर आपको अपने किसी साथी या वरिष्ठ प्रबंधक से संबंधित कोई बात रखने की भी है तो उसे सही तरीके से रखें। कुछ अगर कहना आवश्यक भी हो तो उसे माइक्रो पर्सपेक्टिव रखें।

## कंस्ट्रक्टिव फीडबैक

आपके कार्यकाल के दौरान ऐसा समय भी रहा होगा जब वहां कलह और परेशानी का सामना करना पड़ा होगा। सुधारात्मक उपायों के साथ ईमानदार प्रतिक्रिया दें।



# वकालत करने के लिए जानें बेसिक बातें

अदालतों में हम देखते हैं कि कानून के अनुसार ही एक पक्ष दूसरे पक्ष को चुनौती देता है और अदालतों में कानून के जानकार इसके भिन्न पक्षों की व्याख्या भी करते हैं। इन्हीं कानून के जानकारों को हम वकील कहते हैं और वकील बनने के लिए आपको लॉ की पढ़ाई करनी पड़ती है। इस पढ़ाई का का प्रथम चरण होता है एलएलबी का, यानी बैचलर आफ लॉ! वैसे कानून की पढ़ाई सिर्फ एक प्रोफेशन भर ही नहीं है, बल्कि यह उन तमाम जरूरतमंद लोगों को सिस्टम के साथ जोड़ने में एक अति महत्वपूर्ण कड़ी है, जो तमाम कारणों से अन्याय के शिकार होते हैं। जिन्हें पता तक नहीं होता है कि उन्हें कानून की जानकारी ना होने के कारण असीमित नुकसान उठाना पड़ा है। सच कहा जाए तो हमारे देश में ला प्रोफेशनल्स की जवाबदेही, किसी भी दूसरे प्रोफेशन से अधिक हो जाती है, क्योंकि यह कानून के शासन पर भरोसा पैदा करने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। सामान्य रूप से लॉ की पढ़ाई के लिए आपका 12वीं पास होना आवश्यक है और यह किसी भी विषय में हो सकता है। इसमें 50 परसेंट मार्क्स ही आवश्यक है और ऐसे में आपकी एज 20 साल से अधिक नहीं होनी चाहिए। इसके बाद आपको सीएलएटी एग्जामिनेशन देना पड़ता है, जिसे कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट कहा जाता है और यह नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी द्वारा ऑर्गेनाइज किया जाता है। एग्जाम में आपसे लॉजिकल रीजनिंग, लीगल, एटीट्यूड, गणित, अंग्रेजी और जनरल क्वेश्चन पूछे जाते हैं। इसके बाद 5 साल के कोर्स में आप एडमिशन ले सकते हैं।

सामान्यत : पांच साल के इन्टीग्रेटेड कोर्स के एंट्रेंस हेतु 200 अंकों के क्वेश्चन पेपर के लिए डेढ़ घंटे का टाइम दिया जाता है। इसमें इंग्लिश के 30 अंक, सामान्य ज्ञान के 50 अंक, लीगल एप्टीट्यूड के 20 अंक, लीगल रीजनिंग के 20 अंक होते हैं एवं 30 अंकों का एक एस्से भी लिखना होता है।

लॉ करने के बाद आपको इंटर्नशिप का कोर्स करना होता है और इस दौरान आपको काफी कुछ ट्रेनिंग मिलती है। इंटर्नशिप के बाद आपको किसी भी राज्य के स्टेट बार काउंसिल में इनरोलमेंट के लिए अप्लाई करना होता है और उसके बाद ऑल इंडिया बार कौंसिल का एग्जामिनेशन क्लियर करने के बाद आपको प्रैक्टिस का सर्टिफिकेट मिल जाता है और इसके बाद आप वकील बन जाते हैं।

हालाँकि, ग्रेजुएशन के बाद भी आप लॉ की पढ़ाई कर सकते हैं और तब यह मात्र 3 साल का होता है। ग्रेजुएशन में भी आपको साधारणतया 50 परसेंट मार्क्स लाना होता है। वैसे एससी/ एसटी कटगरी स्टूडेंट्स के लिए इसमें छूट भी होती है।

लॉ की केटेगरी देखें तो मुख्यत : कॉर्पोरेट लॉ, क्रिमिनल लॉ, पेटेंट, एटर्नी, फैमिली लॉ, साइबर लॉ और बैंकिंग ला के रूप को गिनाया जा सकता है और किसी भी विषय में बाद में आप खुद को स्पेशलाइज कर सकते हैं। जैसा कि नाम के साथ ही स्पष्ट है कि पर्टिकुलर फील्ड में आप सम्बंधित क्षेत्र की विशेषज्ञता की हद तक जानकारी लेंगे।

खास बात यह भी है कि एलएलबी के बाद एलएलएम और पीएचडी जैसी विशेषज्ञता भी आप हासिल कर सकते हैं और बाद के दिनों में आप न्यायपालिका की परीक्षा देकर जज बनने की भी कोशिश कर सकते हैं।

लॉ करने के लिए देश भर के कुछ अच्छे कॉलेजों की बात करें तो नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इण्डिया यूनिवर्सिटी, बेंगलुरु, नलसार यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ, हैदराबाद, नेशनल लॉ इन्स्टीट्यूट यूनिवर्सिटी, भोपाल, द वेस्ट बेंगाल नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ ज्युरीडिकल साइंस, कोलकाता, नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, जोधपुर, हिदायतुल्लाह नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, रायपुर, गुजरात नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, अहमदाबाद, डॉ.राममनोहर लोहिया नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, लखनऊ, राजीव गाँधी नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ, पटियाला, चाणक्य नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, पटना, नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ एडवांस्ड लागल स्टडीज, कोच्चि का नाम मुख्य रूप से गिनाया जा सकता है। यूं अधिकांश यूनिवर्सिटीज में यह कोर्स उपलब्ध हैं और देश के तमाम जिलों में आपको ऐसे कॉलेज मिल जायेंगे, जहाँ से आप लॉ में एडमिशन लेकर कानून की समझ बढ़ा सकते हैं। वर्तमान में इस कोर्स के स्कोप की बात करने की जरुरत नहीं है, क्योंकि ट्रेडिशनल अदालती प्रैक्टिस के अलावा कॉरपोरेट वर्ल्ड में, एनजीओ में, बैंकिंग सेक्टर में, सरकार एवं उसके संस्थानों में, स्वतंत्र पत्रकारिता (फ्रीलांस जर्नलिज्म) में, सेना तक में, लॉ फर्म्स के साथ-साथन्यायिक सेवा तक में इसका विस्तार है।

**सामान्य रूप से लॉ की पढ़ाई के लिए आपका 12वीं पास होना आवश्यक है और यह किसी भी विषय में हो सकता है। इसमें 50 परसेंट मार्क्स ही आवश्यक है और ऐसे में आपकी एज 20 साल से अधिक नहीं होनी चाहिए। हमारे देश में कानून का शासन है। हर चीज कानून के अनुसार चलती है। कानून के अनुसार ही प्रशासन चलता है, कानून के अनुसार ही अदालतों का सिस्टम चलता है।**

# नाली निर्माण में गड़बड़ी, नियमों का पालन नहीं, जिम्मेदार निर्वाचन कार्य में व्यस्त






पायनियर संवाददाता ‹ कवर्धा
www.dailypioneer.com

जिला कलेक्टर के द्वारा निर्माण कार्यों में गुणवत्ता लाने के निर्देश के बावजूद निर्माण एजेंसी कार्य में गुणवत्ता नहीं ला रहे है। दरअसल सरपंचों का कार्यकाल समाप्त हो गया है जिसके चलते लूटने में ज्यादा लगाव दिखा रहे हैं। अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा भी कमीशन के चक्कर में झांकने तक भी नहीं जा रहे है। प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत और नगरीय निकायों की चुनावी प्रक्रिया चल रहा है जिसमें सरकारी अमला सुचारू रूप से संपन्न कराने में लगा हुआ है। जिसका भरपूर लाभ निर्माण एजेंसी और ठेकेदार उठा रहे है। कबीरधाम जिला पंचायत अंतर्गत जनपद पंचायत पंडरिया के दुरस्त ग्राम पंचायत कोदवा गोंडान में अमृत सरोवर से बस्ती को ओर नाली निर्माण किया जा रहा है। जिसकी स्वीकृति महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत किया जा रहा है। नाली निर्माण कार्य में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के एक भी नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है साथ ही जो सामग्री का उपयोग किया जा रहा है अत्यंत खराब है जिसके कारण कभी भी खराब हो सकता हैं।

### नागरिक सूचना पटल नहीं

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत कोई भी निर्माण कार्य को प्रारंभ करने के पूर्व कार्यों में पारदर्शिता लाने के लिए सर्वप्रथम नागरिक सूचना पटल का निर्माण किया जाता हैं। जिसमें निर्माण कार्य से संबंधित संपूर्ण जानकारी प्रदर्शित किया जाता हैं। निर्माण कार्य का नाम, प्रशासकीय, तकनीकी स्वीकृति, अनुमानित लागत, कार्य का क्षेत्रफल, कार्य एजेंसी, कार्य प्रारंभ और कार्य पूर्ण तिथि, कार्य में लगने वाले मानव दिवस की संख्या के अलावा तकनीकी सहायक, कार्यक्रम अधिकारी, लोकपाल का नाम पता, निर्माण कार्य में गड़बड़ी से संबंधित शिकायत के जिला एवं राज्य स्तरीय मोबाइल नंबर, अंकेक्षक का नाम पता सहित अन्य महत्व पूर्ण जानकारी प्रदर्शित करना होता हैं जो नहीं हुआ है।

### प्राकलन के अनुरूप कार्य नहीं

अमृत सरोवर से बस्ती की निर्माणाधीन नाली में प्राकलन को किनारे करते हुए अपने मनमर्जी से कराया जा रहा है। मिली जानकारी अनुसार नाली का निर्माण 2 2 होना चाहिए लेकिन मौके पर 3, 2 किया जा रहा है। निर्माण कार्य को पूर्ण कराने जो व्यक्ति मौजूद थे। उन्होंने बताया कि उक्त नाली में अमृत सरोवर से पानी ज्यादा आता है, जिसके चलते इस प्रकार बनाया जा रहा है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण ये कि जिस समय उक्त निर्माण कार्य को स्वीकृति के लिए भेजते है उस समय मौके पर स्थिति को देखने के बाद प्राकलन बनाया जाता है उस समय ध्यान देना चाहिए था। नाली को अब प्राकलन से हट कर बनाया जा रहा है तो जितनी लंबाई का निर्माण होना चाहिए उतना नहीं हो सकता हैं। जिसके चलते अन्य किसानों को उसका नहीं मिल सकता। ये गंभीर शोचनीय और चिंतनीय मामला है।

### खराब सामग्री का उपयोग

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत बनाए जा रहे नाली में स्थानीय नदी का रेत और गिट्टी भी अनुपयोगी दिखाई दे रहा हैं। स्थानीय नदी, नालों के रेत में मिट्टी युक्त होता हैं, जिसके चलते सीमेंट का पकड़ कमजोर हो जाता हैं। साथ ही जिस गिट्टी का प्रयोग किया जा रहा है वह भी बेहद कमजोर दिखाई दे रहा है। कुल मिलाकर उक्त नाली निर्माण को बनाकर निर्माण एजेंसी सरकारी धन को गटकने की तैयारी में है।

### जुगाड के मजदूरों से कराया जा रहा है कार्य

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत कोई भी निर्माण कार्य को पूर्ण कराने के लिए पंजीकृत मजदूरों का मस्टरोल निकल कर कराया जाता हैं लेकिन उक्त कार्य को पूर्ण कराने के लिए जिन मजदूरों के नाम पर मस्टरोल जारी किया गया है उन मजदूरों के बजाए अन्य मजदूरों से कार्य कराया जा रहा है।

### जिम्मेदार निर्वाचन कार्य में व्यस्त

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनाओं के निर्माण कार्य को पूर्ण कराने के लिए रोजगार सहायक की नियुक्ति किया जाता हैं लेकिन वो भी कार्य स्थल पर मौजूद नहीं रहता साथ ही निर्माण कार्य में गुणवत्ता पूर्ण कराने के लिए तकनीकी सहायक सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों की जिम्मेदारी होता हैं लेकिन त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के नामांकन प्रक्रिया में सभी का ड्यूटी लगाई गई है जिसके चलते निर्माण एजेंसी मनमाने तरीके से कार्य जो अंजाम दे रहे हैं।

### जांच की आवश्यकता

जिला कलेक्टर के द्वारा लगातार दौरा कर निर्माण कार्य में गुणवत्ता लाने के निर्देश दे रहे है बावजूद लोग कार्य में सुधार नहीं ला रहे है जो चिंतनीय है। उक्त नाली निर्माण में नाली निर्माण के बाद पानी की तराई भी नहीं किया जा रहा है। जिसके चलते गुणवत्ता और खराब हो रहा हैं। जिसकी सूक्ष्मता से जांच करने की आवश्यकता है।

# नशीले कैप्सूल के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार डभरा पुलिस की कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ‹ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com




डभरा-पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव, एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस चंद्रपुर डभरा सुमित गुप्ता के द्वारा क्षेत्र में हो रहे, अवैध जुओं, सट्टा, शराब और नशीले मादक पदार्थों पर रोकथाम के लिए दिये गए कड़े निर्देश के परिपालन में घटना 30.01.2025 को जरिये मुखबीर से सूचना मिला कि अवास प्लाट डभरा का दिनेश कुमार बैरागी कालेज मोड डभरा के पास यात्री प्रतीक्षालय के पास एक पीले रंग के प्लास्टिक थैला में मादक पदार्थ कैप्सूल नशीली दवाई बिक्री करने के लिये ग्राहक का इतजार कर रहा है कि मुखबीर सूचना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियों को अवगत कराते हुए सूचना तस्दीक हेतु मुखबीर के बताये स्थान पर रेड कार्यवाही हेतु कालेज मोड डभरा के पास स्थित प्रतिक्षालय के पास पहुंचने पर एक व्यक्ति पीला रंग के प्लास्टिक थैला रखा बैठा मिला जिसे पूछताछ करने पर अपना नाम दिनेश कुमार बैरागी वार्ड नं. 03 का रहने वाला बत्ताया। जिसमे विधिवत्त कार्यवाही कर तलाशी लेने पर दो पैकेट में स्पेस्मो प्रॉक्सीवों प्लस कैप्सूल 6-6 स्ट्रीप एवं खुला हुआ 10 पत्ता कैप्सूल प्रत्येक पत्ता में 8-8 तथा स्ट्रीप में 24-24 कैप्सूल कुल 368 कैप्सूल कीमती 4020 रूपये का बरामद हुआ। प्रकरण में विवेचना दौरान आरेपी दिनेश कुमार बैरागी से पुछताछ करने पर जप्तशुदा नशीली कैप्सुल को ग्राम हरेठीकला थाना हसौद के सतीश मनहर से खरीदना बताने पर संदेही सतीश मनहर ग्राम हरेठीकला थाना हसौद के सकुनत पर जाकर हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर स्पेस्मो प्रॉक्सीवों प्लस कैप्सूल नशीला मादक पदार्थ को दिनेश कुमार बैरागी को भी उपलब्ध कराना स्वीकार करते हुये अपने पास 01 पैकेट 144 स्पेस्मो प्रॉक्सीवों प्लस कैप्सूल नशीला पदार्थ अपने घर मे रखना बरामद कर देना बताया आरोपी के निशानदेही पर 01 पैकेट 144 नग कैप्सुल कीमती 3200/रु. कुल 512 स्पेस्मो प्रॉक्सीवों प्लस कैप्सूल किमती 7220 रू. जप्त किया गया है।

# रातारवार से ध्यान चंद चौक कुसमुंडा तक नो पार्किंग में खड़े वाहनों पर की गई कार्रवाई

## यातायात पुलिस कोरबा के सतत अभियान के तहत हुई कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ‹ कोरबा
www.dailypioneer.com




कोरबा यातायात पुलिस कोरबा के द्वारा रविवार को भी लापरवा हा और बेपरवाह वाहन चालकों के ऊपर कार्यवाही की गई इस दौरान यातायात पुलिस ने राताखार मुख्य मार्ग से लेकर ध्यान चंद चौक कुष्मांडा तक नो पार्किंग जोन में खड़े किए गए वाहनों पर कार्यवाही का डंडा चलाया इस दौरान वाहन चालकों को चेतावनी भी दी गई . यहां बता दें कि यातायात पुलिस कोरबा के द्वारा जहां 1 जनवरी से 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए प्रतिदिन अलग-अलग थीम पर जागरूकता अभियान चलाया गया और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के ऊपर कार्यवाही की गई वहीं यातायात पुलिस कोरबा का यह अभियान फरवरी महीने में भी लगातार देखने को मिल रहा है राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह समाप्त होने के बाद भी यातायात पुलिस कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी आईपीएस रविंद्र मीणा और यातायात पुलिस कोरबा के डीएसपी डीके सिंह के निर्देश और मार्गदर्शन में लगातार शहर के अलग-अलग क्षेत्र में लापरवाह और बेपरवाह वाहन चालकों पर कार्यवाही कर रहे हैं शनिवार को जहां यातायात पुलिस ने कोसाबाडी से लेकर सीतामढ़ी मुख्य मार्ग में यहां वहां खड़े किए गए वाहनों को लॉक किया वहीं रविवार को राताखर चौक से ध्यानचंद चौक कुसमुंडा तक नो पार्किंग में यातायात नियमों का उल्लंघन कर खड़े किए गए भारी वाहनों पर कार्रवाई की यातायात पुलिस कोरबा के सहायक उप निरीक्षक मनोज राठौर ने बताया कि कार्यवाही के साथ-साथ यातायात पुलिस कोरबा के द्वारा वाहन चालकों को चेतावनी भी दी जा रही है यदि वाहन चालक इस कार्रवाई के बाद भी यातायात नियमों का उल्लंघन करते हैं तो उनके ऊपर नियमानुसार और कड़ी कार्रवाई करने की बात राठौर ने कही है हां बता दें कि बीते 1 जनवरी से 2 फरवरी के दौरान अब तक यातायात पुलिस कोरबा ने कल 343 वाहनों में नो पार्किंग के तहत नियमों का उल्लंघन करने की कार्रवाई की है

# जिला पंचायत सदस्य के लिए लोकनाथ ने किया नामांकन दाखिल

**सरायपाली।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 13 से आज जिला पंचायत सदस्य पद हेतु चुनाव लड़ने के



लिए सरायपाली के लोकनाथ बारी के द्वारा नामांकन जमा किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक त्रिलोचन पटेल, धनसीराम रात्रे प्रस्तावक, दिलीप अंचल, त्रिलोचन रात्रे, रतिलाल रात्रे, भगत रात्रे, सुरेशन भारती, दिलबंधु रात्रे, ताराचंद ओगरे, बाबूलाल रात्रे, राधेश्याम रात्रे आदि उपस्थित थे।

# ओला इलेक्ट्रिक ने अपने एस1 पोर्टफोलियो को जेन 3 में विकसित किया; मास और प्रीमियम सेगमेंट में 8 नए स्कूटर लॉन्च किए

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



भारत की सबसे बड़ी प्योर-प्ले ईवी कंपनी, ओला इलेक्ट्रिक ने अपने एस1 जेन 3 पोर्टफोलियो का लॉन्च करके इलेक्ट्रिक वाहन की टेक्नोलॉजी को नैक्स्ट लेवल में पहुँचा दिया है। ये इलेक्ट्रिक स्कूटर एडवांस्ड जेन 3 प्लेटफॉर्म पर बने हैं। इस नए पोर्टफोलियो में एस1 एक्स (2 केडब्ल्युएच) का मूल्य 79,999 रुपये से शुरू होता है। पोर्टफोलियो का सबसे महंगा सकूटर एस1 प्रो+ 5.3 (केडब्ल्युएच) 1,69,999 रुपये (इंट्रोडक्टरी मूल्य) में मिलेगा। जेन 3 पोर्टफोलियो में सबसे ज्यादा चर्चा में फ्लैगशिप एस1 प्रो+ 5.3 केडब्ल्युएच (4680 भारत सैल के साथ) और 4 केडब्ल्युएच हैं, जिनके मूल्य क्रमशः 1,69,999 रुपये और 1,54,999 रुपये हैं। एस1 प्रो 4 केडब्ल्युएच और 3केडब्ल्युएच बैटरी विकल्पों में क्रमशः 1,34,999 और 1,14,999 रुपये में उपलब्ध है। एस1 एक्स रेंज का मूल्य 2केडब्ल्युएच के लिए 79,999 रुपये, 3केडब्ल्युएच के लिए 89,999 रुपये और 4केडब्ल्युएच के लिए 99,999 रुपये है। 4केडब्ल्युएच बैटरी के साथ एस1 एक्स+ का मूल्य 1,07,999 रुपये है। लेटेस्ट जेन 3 एस1 स्कूटर्स के अलावा कंपनी के जेन 2 स्कूटर 35,000 रुपये तक के डिस्काउंट के साथ बिकते रहेंगे, जिनके मूल्य क्रमशः 1,14,999 रुपये, 69,999 रुपये, 79,999 रुपये और 89,999 रुपये हैं। जेन 3 प्लेटफॉर्म परफॉर्मेंस, एफिशियंसी, सुरक्षा और विश्वसनीयता को बढ़ाकर अगले लेवल में ले गया है। इस पूरे पोर्टफोलियो में अब एक मिड ड्राईव मोटर और चेन ड्राईव है, जो अनुकूलित परफॉर्मेंस और विश्वसनीयता प्रदान करती है। बेहतर रेंज और एफिशियंसी के लिए इस पोर्टफोलियो में इंटीग्रेटेड एमसीयू (मोटर कंट्रोल यूनिट) है।

# डाइट के सहा. प्राध्यापक छबिराम साहू सेवानिवृत्त, शाल, श्रीफल, मोमेंटो से विदाई समारोह हुआ संपन्न

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com




डाइट रायपुर छत्तीसगढ के सहा. प्राध्यापक छबिराम साहू का सेवानिवृत्त के दौरान बिदाई समारोह संपन्न हुआ। विभाग द्वारा डाइट रायपुर में बी.एल. देवांगन प्राचार्य डाइट के निर्देशन में छबि राम साहू (सहायक प्राध्यापक) एवं राम सुरेश वर्मा (सहायक लिपिक) का अर्धवार्षिक आयु पूर्ण करने पर विदाई समारोह संपन्न हुआ। इस समारोह में दिसंबर में सेवानिवृत हुए सीएससी केशव साहू का भी विदाई किया गया। समारोह बहुत धूमधाम से बाजे गाजे के साथ स्वागत से प्रारंभ हुई। इसके पश्चात सरस्वती वंदना एवं विदा ले रहे अतिथियों का स्वागत हुआ। प्राथमिक अभ्यास शाला की छात्राओं का स्वागत गीत व नृत्य एवं अकादमिक सदस्यों का उद्बोधन एवं प्रधान पाठकों, प्राचार्य, अतिथियों का उद्बोधन के पश्चात शाल, श्रीफल एवं मोमेंटो द्वारा तीनों सेवानिवृत्त हो रहे है अधिकारी-कर्मचारियों का स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में छबिराम के पिता ज्ञान सिंह साहू, डॉक्टर रीता चौबे, अर्चना वरूलकर, प्रीति देशपांडे, डॉ. सुशील जैन सहित प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक अभ्यास शाला डाइट के सभी अकादमिक सदस्य, लिपिक वर्ग एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के साथ-साथ छबि राम साहू, केशव साहू एवं राम सुरेश वर्मा के परिवार के सदस्य उपस्थित थे। डाइट के इतिहास में पहली बार बड़े ही धूमधाम से प्राचार्य के नेतृत्व में शासकीय कर्मचारी, अधिकारी की ऐतिहासिक विदाई धूमधाम से संपन्न हुई। विभागीय लोगों ने बडी प्रसन्नता प्रकट की तथा सफलतापूर्वक शासकीय नौकरी पूर्ण करने पर स्वागत किए एवं विदाई दी। भावी जीवन के स्वास्थ्य, सुखी, समृद्ध एवं खुशहाल जीवन की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए अभिनंदन पत्र भेंट की गई। छबि राम साहू द्वारा संस्था को योग के लिए चटाई भेंट की गई। सभी ने प्राचार्य को सफल ऐतिहासिक कार्यक्रम के लिए धन्यवाद भी दिया।

# 36 वा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 का कार्यक्रम का हुआ समापन समारोह...

पायनियर संवाददाता ‹ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



जिले में नया साल 2025 के शुभारंभ होते ही सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा दिनांक 01 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक 36 वॉ राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किये जाने आदेशित किया गया है। इसी क्रम में कलेक्टर जांजगीर चांपा आकाश छिकारा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा विवेक शुक्ला के निर्देशन में यातायात पुलिस जांजगीर चांपा द्वारा हेलमेट जनजागरूकता बाईक रैली के साथ 36 वॉ राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 का शुभारंभ पुलिस नियंत्रण कक्ष जांजगीर से किया गया था। बाईक रैली में जिले के अधिकारी/कर्मचारीगण द्वारा दोपहिया वाहन चलाकर आम नागरिकों को दोपहया वाहन चालने के दौरान अनिवार्य रूप से हेलमेट धारण करने के लिए प्रेरित किया गया था। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रतिवर्ष माह जनवरी में सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया जाता है जिसका मकसद, वाहन चालकों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सड़क दुर्घटनाओं को कम करना है। सड़क सुरक्षा माह के दौरान यातायात पुलिस जिले के विभिन्न स्कूल, कालेज, शैक्षणिक संस्थानों एवं राष्ट्रीय राजमार्ग/राजकीय राजमार्ग के किनारे स्थित ग्राम पंचायतों में कई तरह की गतिविधियों और आयोजन कर लोगों को यातायात नियमों से संबंधित जानकारी देकर नियमों का पालन कर वाहन चलाने हेतु प्रेरित किया जाता है साथ ही यातायात नियमों का पालन नही करने से होने वाले जान माल की हानि के बारे में बताया जायेगा। जिसका प्रमुख उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण कर सुगम सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाना है।

**यातायात पुलिस जांजगीर का अपील :** वाहन चालकों से, यातायात नियमों का पालन कर वाहन चलाए, नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने ना दे, वाहन के संपूर्ण कागजात हमेशा दुरूस्त रखें, बिना हेलमेट दोपहिया वाहन ना चलाए, नशे की हालत में वाहन ना चलाए, चार पहिया वाहन चालाने के दौरान अनिवार्य रूप से सीट बेल्ट लगाए, वाहन चलाते समय मोबाईल फोन का उपयोग ना करे, सड़कों पर नो पार्किंग पर वाहन खड़ी कर दूसरों के लिए असुविधा या दुर्घटना का कारण ना बने।

## जाबो कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान का हो रहा आयोजन

# मतदाता जागरूकता रैली, रंगोली एवं मतदान शपथ के साथ मताधिकार का प्रयोग करने दे रहे संदेश

पायनियर संवाददाता ‹ कवर्धा
www.dailypioneer.com





आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव एवं निकाय चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए लोकतंत्र के उत्सव ने भागीदार होने का आह्वान करते हुए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जाबो कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न गतिविधियों द्वारा मतदान करने के लिए आम जनता को प्रेरित किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम अजय कुमार त्रिपाठी के मार्गदर्शन में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य विभागीय अमले मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रंगोली, मतदाता जागरूकता रैली शपथ ग्रहण जैसे कार्यक्रमों का आयोजन सभी क्षेत्रों में कर रहे है। उल्लेखनीय है कि स्थानीय चुनाव में सभी की भागीदारी सुनिश्चित हो इसके लिए जाबो कार्यक्रम का आयोजन ज़िले हो रहा है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना के स्व सहायता समूह की दिदीयो द्वारा मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन कर रही है। इसी क्रम में जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों के आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका द्वारा अपने क्षेत्र के नागरिकों को मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं साथ ही मतदान शपथ दिलाई जा रही है। नगरी निकाय क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन प्रदर्शन के द्वारा वोट के महत्व को बताया जा रहा है।स्थानीय स्तर पर आयोजित होने वाले इन कार्यक्रमों से बड़ी संख्या में आम नागरिक जुड़ रहे हैं।

# उपभोक्ता मांग और मध्यम वर्ग की बचत को बढ़ावा मिलने की संभावना : साक्षी गुप्ता

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



साक्षी गुप्ता प्रिंसिपल इकोनॉमिस्ट, एचडीएफसी बैंक ने केंद्रीय बजट 2025-26 पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा मध्यम वर्ग की मांग में कमी को लेकर चिंताओं को दूर करते हुए, बजट में स्रोत पर कर कटौती की सीमाओं में संशोधन के साथ-साथ व्यक्तिगत आयकर स्लैब को पूरी तरह से तर्कसंगत बनाया गया है। इससे उपभोक्ता मांग और मध्यम वर्ग की बचत को बढ़ावा मिलने की संभावना है, जो बढ़ती महंगाई और कम आय वृद्धि की चुनौतियों का सामना कर रहा है। वित्त मंत्री का राजकोषीय रणनीति खपत को बढ़ावा देने की ओर झुकाव है, जबकि पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) का लक्ष्य 2024-25 के बजट योजनाओं से मोटे तौर पर अपरिवर्तित रखा गया है। बजट घोषणा से 2025-26 में 6.6% की जीडीपी वृद्धि की हमारी अपेक्षा मजबूत होती है। बाजार उधारी के मोटे तौर पर अपेक्षाओं के अनुरूप होने से बॉन्ड मार्केट के लिए कोई बड़ा आश्चर्य नहीं है। इसके साथ ही आरबीआई द्वारा आगामी दरों में कटौती और ओपन मार्केट खरीद से बॉन्ड यील्ड के कम होने की उम्मीद है।

# कार्यकर्ता सम्मलेन में विधायक भावना बोहरा हुई शामिल, कहा इंदौरी नगर में विकास की गति डबल इंजन की रफ़्तार से हो रहा

**इंदौरी में भाजपा कार्यकर्ता सम्मलेन में शामिल हुई विधायक भावना बोहरा, निकाय चुनाव की तैयारियों के लिए कार्यकर्ताओं का किया उत्साहवर्धन**

पायनियर संवाददाता ‹ कवर्धा
www.dailypioneer.com

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर चुनाव प्रचार तेज हो चुके हैं। जगह-जगह चुनावी सभा हो रही है तो वहीं भाजपा कार्यकर्ता सम्मलेन के माध्यम से चुनाव में भाजपा को जीत दिलाने के लिए कार्यकर्ताओं में जोश भर रहें हैं। आज नगर पंचायत इंदौरी में भी भाजपा कार्यकर्ता सम्मलेन का आयोजन किया गया, जिसमें पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने बाइक रैली के माध्यम से प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार किया वहीं सम्मलेन में संबोधित करते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन भी किया। इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने सम्मलेन को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण से भाजपा को विधानसभा और लोकसभा में ऐतिहासिक जीत मिली है। आज आप जैसे करोड़ों कार्यकर्ताओं के सामर्थ्य, सहयोग, समर्पण से ही भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी




पार्टी बनकर उभरी है। आप सभी कार्यकर्ताओं ने विधानसभा और लोकसभा चुनाव में जिस प्रकार एकजुट होकर पार्टी हित में कार्य किया, जनता के घरों तक जाकर प्रचार किया, भाजपा की रीती नीति से जन-जन को अवगत कराया उसका सार्थक परिणाम हमें प्रदेश व केंद्र में दिखने को मिला। एक बार पुनः उसी उत्साह, जोश व जूनून के साथ मैं सभी देवतुल्य कार्यकर्ताओं से आग्रह करती हूँ कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के विकास पथ में हम सभी अग्रसर होकर जन-जन के घरों तक पहुंचे। प्रदेश के विकास के बाद अब हर गाँव और नगर के विकास की जिम्मेदारी आप सभी पर है। यहां भाजपा का हर कार्यकर्ता प्रत्याशी है और हमें उसी उद्देश्य के साथ नगरीय निकाय एवं त्रि स्तरीय पंचायत चुनावों में भाजपा का कमल ध्वज लहराना है। उन्होंने आगे कहा कि इंदौरी नगर पंचायत के हर क्षेत्र में विकास तीव्र गति से हो रहा है। सड़क, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के साथ ही अधोसंरचना विकास के कार्य भी तेजी से हो रहें हैं। विगत एक वर्ष में छत्तीसगढ़ की डबल इंजन भाजपा सरकार द्वारा 4 करोड़ रुपए से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों और अधोसंरचना निर्माण के कार्यों को स्वीकृति दी है। महतारी वंदन योजना के माध्यम से आज निन्दौरी नगर की लगभग 2000 हजार महिलाओं को प्रतिवर्ष 12000 रुपए की आर्थिक सहयता मिल रही है। लगभग 5300 लाभार्थियों को आयुष्मान भारत योजना के जरिए 5 लाख तक निशुल्क उपचार मिल रहा है। नगर के 1600 से अधिक किसानों को दो वर्ष का बकाया धान बोनस मिला वहीं 3100 रुपए/क्विंटल की दर से रिकॉर्ड धान की खरीदी की गई। विधानसभा के 18000 से अधिक परिवारों के आवास का सपना पूरा हो रहा है। इन सभी कार्यों और योजनाओं से आज प्रदेश के हर व्यक्ति के जीवन में व्यापक सुधार आने के साथ ही आर्थिक रूप से उन्हें संबल मिल रहा है।

# मनोज कैवर्त के विरुद्ध महिला से छेड़छाड़ की शिकायत एस पी से जल्द कार्रवाई की मांग

पायनियर संवाददाता ‹ लवन
www.dailypioneer.com

पुलिस थाना लवन अंतर्गत ग्राम पंचायत तिल्दा है। जहां मनोज कैवर्त पिता रामलाल कैवर्त नाम के व्यक्ति पर सबसे पहले शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा का मामला नायब तहसीलदार लवन में दर्ज है इसके अलावा उसके ऊपर गॉव के ही किसी महिला ने घर घुसकर छेड़छाड़ करने की शिकायत पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार से किये गए हैं ।जिस पर कार्रवाई शेष है। पीड़िता का सब्र का बांध टूटने पर जिला के संवेदनशील पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है अब देखना यहि होगा कि संवेदनशील पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के निर्देश के बाद जांच अधिकारी छेड़छाड़ का आरोप झेल रहे मनोज कैवर्त के विरुद्ध अपराध दर्ज गिरफ्तारी की कार्रवाई कब तक करते हैं, जबकि पीड़ित महिला को मामले की शिकायत किये महीने बीत गए हैं लेकिन अभी तक छेड़छाड़ का आरोप



झेल रहे मनोज कैवर्त के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने से पीड़िता हताश है। वंही मनोज कैवर्त तिल्दा के गलियारों में बेखौफ होकर घूमते फिरते नजर आ रहे हैं। गौरतलब हो कि मनोज कैवर्त गॉव के शासकीय भूमि को अवैध कब्जा कर पक्का मकान बना लिए है।जिस जगह पर मनोज कैवर्त अतिक्रमण कर मकान बनाया है उस जगह पर गॉव के बच्चों युवाओं का खेल खेलने का मैदान होता था ।जिसे मनोज कैवर्त दबंगई पूर्वक अवैध कब्जा कर रखा है।वहीं पूर्व सरपंच सुरेश्वर पैकरा को मामले की पूरी जानकारी होने के बाद प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सरंक्षण देते रहे हैं इनसे इंकार नहीं किया जा सकता। मनोज कैवर्त ग्राम पंचायत तिल्दा में वार्ड क्रमांक 05 से वर्तमान में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 में रिटर्निंग अधिकारी को धोखे में रखकर नामांकन पत्र दाखिल किये गए हैं। जिसकी शिकायत कर ग्रामीणों ने उनकी नामांकन पत्र रदद् करने का फरियाद किये गए हैं। अब देखना यह होगा कि नामांकन पत्र दाखिल तिथि 3 फरवरी समाप्ति के बाद कौन सी तारीख को मनोज कैवर्त का नामांकन पत्र रदद् की प्रक्रिया सम्पन्न होगी।सबकी निगाहें अब रिटर्निंग अधिकारी के कार्रवाई का इंतजार है।राजू पटेल संवेदनशील रिटर्निंग अधिकारी एवं तहसीलदार बलौदाबाजार ने बताया कि अवैध कब्जा किये हैं और प्रकरण दर्ज है तो नामांकन पत्र शत प्रतिशत निरस्त होगी।निशा वर्मा नायब तहसीलदार लवन ने बताया कि तिल्दा निवासी मनोज पिता रामलाल कैवर्त के विरुद्ध शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा का प्रकरण दर्ज हुए महीने बीत गए हैं ।

# गरीब, किसान, युवा, महिला को समर्पित बजट : भाऊराम

पायनियर संवाददाता ‹ महासमुंद
www.dailypioneer.com

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष भाऊराम साहू ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किए जाने पर कहा कि यह बजट अभूतपूर्व ही नहीं ऐतिहासिक भी है।

उन्होंने सभी वर्गों को दिए गए राहत के लिए पीएम मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब 12 लाख रुपए तक की आय पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। इससे पहले यह लिमिट 7 लाख रुपए थी। नए ऐलान से सबसे बड़ी राहत सभी वर्ग व नौकरीपेशा वाले लोगों को मिलेगी। जिनकी आय 12 लाख रुपए के करीब है। साथ ही साथ टीडीएस की लिमिट में भी बड़ी राहत दी गई है व



एमएसएमई के दायरे को बढ़ाया गया है और उन्हें मिलने वाले क्रेडिट गारंटी जो पहले 5 करोड़ थी, अब वह बढ़ाकर दोगुनी (10 करोड़) कर दी गई है। स्ट्रीट वेंडर्स को पीएम स्वनिधि के तहत 30 हजार तक की लिमिट का क्रेडिट कार्ड भी उन्हें दिलाया जाएगा। अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के 5 लाख महिलाओं के लिए एक नई स्कीम का ऐलान किया गया है। इस स्कीम के तहत पहली बार उद्यमी बन रही इस समाज की महिलाओं को अगले 5 साल के अंतराल में 2 करोड रुपए का टर्म लोन मुहैया कराया जाएगा। इसके साथ ही इस बजट में किसानों से लेकर महिलाओं तक सबके लिए बड़े-बड़े ऐलान किए गए, लेकिन सबसे बड़ा ऐलान मिडिल क्लास, गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति पर है। इसके साथ ही स्वास्थ्य, मैन्युफैक्चरिंग और मेकिंग इंडिया, रोजगार और इनोवेशन पर ध्यान केंद्रित है। साथ ही कृषि और निर्यात पर भी काम किया गया। साथ ही साथ भारत में बढ़ते पर्यटन के लिए 50 शहर राज्यों के माध्यम से चिन्हित किए जाएंगे और पर्यटन को बढ़ाने के लिए उससे संबंधित चीजों पर ध्यान दिया जाएगा।

**12 साल के छात्र की मौत**

# धान परिवहन ट्रक ने मारी ठोकर, ग्रामीणों ने किया चक्काजाम, 50 लाख रुपए की मुआवजे की मांग

पायनियर संवाददाता ‹ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

जिले के ग्राम बनाहिल में धान परिवहन में लगे तेज रफ्तार ट्रक चालक 6वी के छात्र ओम प्रकाश केवट की सड़क हादसे में मौत हुई है। घटना के बाद बिलासपुर-अकलतरा मुख्य मार्ग पर ग्रामीणों और परिजनों ने चक्का जाम किया है। 50 लाख रुपए की मुआवजा और



बाईपास सड़क की मांग की जा रही है। मौके पर पुलिस टीम और नायब तहसीलदार चंद्रकांत साहू ग्रामीणों को समझाइस दी गई और चक्का जाम को खुलवाया गया। घटना अकलतरा थाना क्षेत्र की है।

**बाईपास सड़क और 50 लाख रुपए मुआवजा की मांग**

गुस्से में गांव के ग्रामीणों,परिजनों ने मिलकर बिलासपुर जांजगीर मुख्य मार्ग पर चक्का जाम किया गया था जिसे समाप्त किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की हालत खराब से रोजाना सैकड़ों की संख्या में भरी वाहनों को आवाजाही तेज रफ्तार में होती है मगर सड़क निर्माण को लेकर कोई पहल नहीं की गई। बाइकपा सड़क निर्माण और मृतक परिजनों को 50 लाख रुपए मुआवजा के रूप में देने की मांग की है। वही ट्रक मालिक और परिजनों में आपस में बात चल रही है।

# जिले में 937107 टन धान की खरीदी किसानों को 1934.13 करोड़ का भुगतान

**भुगतान एवं कस्टम मिलिंग को शीघ्रता से पूरा करने हर संभव प्रयास**

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

राज्य शासन द्वारा किसानों से समर्थन मूल्य पर धान की नगद एवं लिकिंग में खरीदी की प्रक्रिया 14 नवंबर 2024 से 31 जनवरी 2025 तक जारी रही। इस अवधि के दौरान बेमेतरा जिले में कुल 129 धान उपार्जन केंद्रों के माध्यम से 157633 किसानों से कुल 937107 टन धान की खरीदी की गई। जिले में धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग की प्रक्रिया भी तेजी से चल रही है। 01 फरवरी 2025 तक मिलर्स द्वारा 312582 मे. टन एवं परिवहनकर्ताओं द्वारा 184480 मे. टन धान का उठाव किया जा चुका है। वर्तमान में धान खरीदी केंद्रों में 440045 मे. टन धान शेष है, जिसका उठाव आगामी दिनों में किया जाएगा। कुल 157633 किसानों ने समर्थन मूल्य पर धान बेचा है, जिसमें से 149340 किसानों को 1934.13 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। शेष 8293 किसानों को 221.93 करोड़ रुपये का भुगतान किया जाना बाकी है, जिस पर कार्यवाही तेजी से चल रही है। जिले में किसानों को धान की उचित कीमत सुनिश्चित करने हेतु यह प्रक्रिया सफलता पूर्वक संचालित की जा रही है, जिससे जिले के किसानों को आर्थिक लाभ हो रहा है। राज्य शासन द्वारा समय पर भुगतान एवं कस्टम मिलिंग का कार्य शीघ्रता से पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

# साहित्य कला बुद्धि ज्ञान की देवी मां सरस्वती का प्रकट दिवस मनाया गया

पायनियर संवाददाता ‹ अम्बागढ़ चौकी
www.dailypioneer.com

ऋतुराज बसंत के आगमन पर गायत्री शक्तिपीठ अंबागढ़ चौकी में साहित्य कला बुद्धि ज्ञान की देवी मां सरस्वती का प्रकट दिवस मनाया गया के दिन संगीत कला साहित्य से जुड़े हुए सभी संगीतकार साहित्यकार और कलाकार मां भगवती सरस्वती की उपासना साधना आराधना करते हुए उनकी कृपा के अधिकारी बनते हैं अखिल विश्व गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं के लिए यह पर्व और भी विशेष हो जाता है क्योंकि अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक संरक्षक वेद मूर्ति पंडित राम शर्मा आचार्य को सन 1926 में बसंत पंचमी के दिन ही उनके जन्म जन्म के हिमालय वासी दादा गुरुदेव सूक्ष्म शरीर धारी स्वामी सर्वेश्वर आनंद जी का प्रज्वलित अखंड दीपक में दिव्य प्रकाश के रूप में साक्षात्कार दर्शन हुआ था और इस मानव जीवन उनके जन्म की गरिमा बताते हुए युग निर्माण का आधारशिला रखा गया था



तब से पूज्य गुरुदेव ने बसंत पंचमी को अपना आध्यात्मिक जन्मदिन घोषित किया है क्योंकि आज ही के दिन उन्हें आत्मबोध की आत्मज्ञान की प्राप्ति हुई थी इस अवसर पर गायत्री शक्ति पीठ में गायत्री परिवार से जुड़े हुए सभी समर्पित कार्यकर्ताओं ने परम पूज्य गुरुदेव मां भगवती गायत्री सावित्री सरस्वती माता का देव आवाहन देव पूजन एवं अग्निहोत्री यज्ञ कार्यक्रम आयोजित किया इस अवसर पर अन्नप्राशन संस्कार जन्म दिवस संस्कार और गायत्री शक्तिपीठ में सेवारत पुरोहित श्री हरि कीर्तन जी के पुत्र एवं पुत्री कुमारी रिचा एवं हिरदेश को गुरु दीक्षा मंत्र दीक्षा दी गई आज बसंत पंचमी के दिन गुरुदेव के आध्यात्मिक जीवन पर उन्होंने गायत्री मंत्र की शिक्षा दीक्षा गुरुदेव माताजी से प्राप्त कियाअपने जीवन में गुरु के रूप में वरुण किया ।

# केंद्रीय विद्यालय में बिना आग खाना पकाने प्रतियोगिता आयोजित, बच्चों के व्यंजनों की शिक्षकों व स्टाफ ने की सराहना

पायनियर संवाददाता ‹ चिरमिरी
www.dailypioneer.com

केंद्रीय विद्यालय चिरमिरी में कौशल बोध कार्यक्रम के अंतर्गत बिना आग खाना पकाने (कुकिंग विदाउट फायर) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और पाक-कला कौशल का प्रदर्शन करते हुए बिना आग के विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट एवं स्वास्थ्यवर्धक व्यंजन तैयार किए। प्रतिभागियों द्वारा बनाए गए व्यंजनों का विद्यालय के शिक्षकों एवं समस्त स्टाफ ने आनंद लिया और उनकी सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य पॉल उदय अरोंग ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में रचनात्मकता और पोषण संबंधी जागरूकता बढ़ाती हैं। बिना आग के खाना पकाने की कला स्वस्थ एवं संतुलित आहार को प्रोत्साहित करती है। मुझे उम्मीद है कि विद्यार्थी आगे






भी ऐसे कौशल विकसित करेंगे, जो उनके सर्वांगीण विकास में सहायक होंगे। कार्यक्रम संयोजक ऋषिकेश सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा, यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों के लिए एक रोचक अनुभव रही, जिससे उनके रचनात्मक कौशल का विकास हुआ। उन्होंने सीखा कि सही तकनीक और नवाचार से स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन तैयार किया जा सकता है। यह प्रतियोगिता स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रतियोगिता के दौरान निर्णायक शिक्षकों ने विभिन्न स्लॉट में जाकर विद्यार्थियों के व्यंजनों का निरीक्षण किया और उन्हें स्वच्छता, पोषण एवं संतुलित आहार की महत्ता के बारे में मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित रहा और सभी ने इस आयोजन की सराहना की।

# शहर में घूम-घूमकर पालिका कर्मी मतदाताओं को कर रहें जागरूक

**निकाय चुमाव में मतदाता पहले अध्यक्ष फिर करेंगे पार्षद के लिए मतदान**

पायनियर संवाददाता ‹ महासमुंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी व नगरीय निकाय निर्वाचन अधिकारी के निर्देश व मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक सलामे के मार्गदर्शन में स्वीप प्लान के तहत नगर पालिका द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में ईवीएम प्रदर्शनी के माध्यम से मतदाताओं को जागरुक किया जा रहा है। वार्ड 6 से 10 तक ईवीएम प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को मतदान करने हेतु जागरूक किया गया। प्रदर्शनी के दौरान मतदाताओं को बताया गया कि वे पहले अध्यक्ष पद के लिए सफेद लेबल में अपनी पसंद के अभ्यर्थी के सामने के खुले बटन को दबाकर मतदान करें, पुष्टि के लिए बीप की छोटी आवाज आएगी। बाद पार्षद पद के लिए गुलाबी लेबल में अपनी पसंद के अभ्यर्थी के सामने के खुले बटन को दबाकर मतदान



करें, पुष्टि के लिए बीप की लंबी आवाज आने के बाद ही आपका मतदान पूर्ण होगा। इसके साथ ही अन्य आवश्यक जानकारी भी नागरिकों को देकर मतदान हेतु प्रेरित किया जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक सलामे ने बताया कि ईवीएम मशीनों के सम्बन्ध में प्रचार-प्रसार की आवश्यकता है, क्योंकि इस बार एक ही मशीन में अध्यक्ष और पार्षद के लिए मतदाता को दो बार वोट देना होगा। उन्होंने मतदाताओं को ईवीएम मशीन के संबंध में अधिक से अधिक जानकारी प्रदाय कर मतदाताओं को जागरूक करने के सम्बंध में सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देशित किया है। साथ ही उन्होंने नगरीय निकाय से संबंधित सभी मतदाताओं से आग्रह किया है कि निर्वाचन तिथि 11 फरवरी को अपने मत का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करें। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में प्रमुख रुप से स्वच्छ भारत मिशन के नौशाद बक्श, रमा महानंद, मोहनदास मानिकपुरी व अजय घृतलहरे शामिल रहें।

**कलशयात्रा एक सुंदरकांड पाठ प्रारंभ**

# नवनिर्मित शिव पंचायत मंदिर में शिव-परिवार की प्राण-प्रतिष्ठा

पायनियर संवाददाता ‹ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

कोसा, कांसा एवं कंचन की नगरी,चांपा के कदम चौक राम बांधा तलाब के पास शिव पंचायत मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा एवं पूजा अनुष्ठान का दिवसीय आयोजन 01 फरवरी से 03 फरवरी 2025 से हुआ। शिव पंचायत के देवता हैं सूर्य, भगवान गणेश, मां दुर्गा, विष्णु और रुद्र शिव। इन्ही पांचों देवताओं को पंच देव कहा जाता हैं। पौराणिक ग्रंथों में इस बात का उल्लेख भी हैं कि अलग-अलग देवी-देवताओं की मूर्ति रखने के बजाए शिव पंचायत को विराजित करना सबसे श्रेष्ठ हैं, क्योंकि ये पांचों देवता पंचभूतों के अधिष्ठाता देवता हैं। प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव प्रतिष्ठा एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया हैं जिसमें हम अपने देवताओं की प्रतिमा में जीवन और चेतना का संचार करते हैं। यह कार्य आयोजक शिव भक्त



गणों के द्वारा पंडित सुनील कुमार पाठक चांपा के दिशा-निर्देश पर किया जा रहा हैं। आयोजन समिति के हलधर देवांगन, गोपाला, ललीत, पुरुषोत्तम, शिव प्रकाश, मदन, सत्यप्रकाश, राजू देवांगन, अंशु गुप्ता एवं मोहल्ला निवासियों के संयुक्त तत्वावधान में शिव पंचायत की पूजा-अनुष्ठान मांघ शुक्ल पक्ष 03 शनिवार 01 फरवरी 2025 को शोभायात्रा, वेदी पूजन के उपरांत सायंकाल 7 बजें से सुंदरकांड पाठ वैदिक मंत्रोच्चारण और विधि-विधान के साथ सामूहिक रूप से किया गया। इसी तरह से मांघ शुक्ल पक्ष- 04 रविवार 02 फरवरी 2025 को कलश स्थापना, शिखर प्रतिष्ठा के साथ-साथ भजन संध्या सायंकाल 7 बजें से रखा गया हैं। इसी तरह मांघ शुक्ल पक्ष 05 सोमवार 03 फरवरी 2025 को प्राण-प्रतिष्ठा, रुद्राभिषेक, हवन, ब्राम्हण भोज के पश्चात् जन दर्शनार्थ मंदिर के पट खोल दिए जायेंगे और लोग भगवत दर्शन-पूजन कर सकेंगे। भगवान शिव जी को ब्रम्हा, विष्णु और महेश की त्रिमूर्ति के रुप में मान्यता हैं । धार्मिक आस्था और विश्वास रखने वाले शशिभूषण सोनी ने बताया कि शिव पंचायत की पूजा-अनुष्ठान व्यक्तिगत रूप से नहीं बल्कि पंच देवता के रुप में पूजा-अर्चना की जाती हैं। शिव पंचायत हमें नकारात्मकता और नकरात्मक विचारों से ऊपर उठने में मदद करते हैं।

# साजा जनपद पंचायत पूर्व अध्यक्ष पर आदेश आचार संहिता का उल्लंघन की शिकायत

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

साजा जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए बेमेतरा जिला भाजपा अध्यक्ष ने निर्वाचन अधिकारी बेमेतरा को शिकायत करते हुए कार्रवाई करने की मांग किया है इस संबंध में बेमेतरा जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहु ने बेमेतरा निर्वाचन अधिकारी जिला बेमेतरा को लिखित शिकायत पत्र में बताया गया है कि बेमेतरा जिला में साजा जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश वर्मा का कल दिनांक 31 जनवरी को को जनपद कार्यालय में अध्यक्ष के कक्ष में अध्यक्ष की कुर्सी में बैठकर मिडिया से सवांद किया गया है,




इसका प्रमाण फोटो एंव विडियो के माध्यम से आप तक प्रस्तुत कर रहा हूं ये कृत्य आदर्श आचार सांहिता का उल्लघंन है, और यह सम्पूर्ण घटनाक्रम की जानकारी साजा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संतोष घोषले की जानकारी में हुआ है। अतः साजा जनपद के पूर्व अध्यक्ष दिनेश वर्मा एंव साजा जनपद के सीओ संतोष घोषले के ऊपर दण्डात्मक कार्यवाही किया जावे। शिकायत पत्र की कापी छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग जिलाधीश बेमेतरा को भी भेजा गया है।

# पायनियर हलचल...

## मिशन 2026 का लक्ष्य और साय के तेवर



आम तौर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरल और सहज व्यक्तित्व के राजनेता हैं। विष्णुदेव साय आम जनता के लिए जितना ही सरल हैं, नक्सलियों के लिए वह उतना ही सख्त नजर आ रहे हैं। उनके एक वर्ष के कार्यकाल में रिकार्ड नक्सली मारे गए हैं, वहीं सरकार की योजना और कार्यशैली को देखते हुए आत्मसमर्पण के आंकड़ों ने भी कीर्तिमान रचा है। साय नक्सलियों के लिए एकदम क्लियर विजन पर काम कर रहे हैं उनका लक्ष्य मिशन 2026 है। राजनीतिक जीवन में सरल छवि के मुख्यमंत्री ने दो टूक कह दिया कि बोली का जवाब बोली से और गोली का जवाब गोली से दिया जाएगा। साय ने साफ तौर पर कहा कि सरकार की नीति स्पष्ट है जो भी नक्सली आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में आना चाहते हैं उनका स्वागत है। अब तक के आंकड़ों की बात करें तो 1120 नक्सली मारे गए हैं, वहीं 941 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है, जो सुशासन वाली विष्णु सरकार की बड़ी उपलब्धि है।

## निकाय चुनाव में भाजपा की बल्ले-बल्ले





निकाय चुनाव के मौजूदा हालातों को देखकर यह कहा जा सकता है कि चुनाव परिणाम के पहले ही भाजपा की बल्ले-बल्ले हो गई है। बिना मतदान के ही कांग्रेस को मुंह की खानी पड़ रही है। धमतरी नगर निगम में कांग्रेस अपने महापौर प्रत्याशी को नहीं बचा पाई, उनका नामांकन निरस्त हो गया। वहीं बसना नगर पंचायत में कांग्रेस प्रत्याशी ने अपना नाम वापस ले लिया। कुल मिलाकर बसना और धमतरी में भाजपा की विजयश्री सुनिश्चित है। इसके साथ ही प्रदेशभर में बिना मतदान के ही तकरीबन तीन दर्जन भाजपा पार्षदों की जीत पक्की मानी जा रही है। दरअसल नाम वापसी के बाद भाजपा पार्षदों के सामने कोई प्रतिद्वंदी बचा ही नहीं, इसलिए इनकी जीत पक्की है। लेकिन सवाल यह उठता है कि सत्ता जाते ही कांग्रेस के अन्दर इतनी भगदड़ क्यों है? पांच साल पहले सत्ता में काबिज रहते हुए कांग्रेस ने नगर निगमों के साथ-साथ ज्यादातर पालिकाओं में कब्जा किया था। एक साल के भीतर हालात इतने बदत्तर क्यों? कांग्रेस की वर्तमान हालत को देखकर यह कहने में कोई संकोच नहीं कि निकाय चुनाव में सत्ता का सीधा प्रभाव दिखता है। सम्भवतः इसीलिए भूपेश बघेल की सरकार में ज्यादातर निगमों और पालिकाओं में कांग्रेस का कब्जा रहा। तो अब बारी सुशासन की है.....?

## रीएजेंट घोटाले की जांच सीबीआई या ईडी से क्यों नहीं?




छत्तीसगढ़ में इन दिनों रीएजेंट खरीदी घोटाला सुर्खियों में है। राज्य की जांच एजेन्सी ईओडब्ल्यू मामले की पड़ताल कर रही है। माना जा रहा है कि रीएजेन्ट की खरीदी में तकरीबन 900 करोड़ रुपये का घोटाला कर जनता के रुपयों की बंदरबांट की गई है। इस घोटाले में बड़े-बड़े अफसरों से लेकर नेताओं तक के संलिप्तता की आशंका जताई जा रही है। लेकिन सवाल यह उठता है कि 500 करोड़ रुपये के कोल घोटाले की जांच केन्द्रीय एजेंसी से, तो फिर 900 करोड़ रुपये के रीएजेन्ट घोटाले की जांच राज्य की एजेन्सी से क्यों? शायद इसीलिए पड़ताल शुरु होने से पहले ही रीएजेन्ट घोटाले की जांच को लेकर सवाल उठने लगे हैं? आखिर किसे बचाने का प्रयास किया जा रहा है? ऐसे तमाम सवाल इन दिनों मामले की समझ रखने वालों के बीच घूम रहे हैं। बहरहाल इस घोटाले में अब ईओडब्ल्यू सच की तलाश में आईएएस भीम सिंह, आईएएस चंद्रकांत वर्मा समेत अन्य से पूछताछ करेगी। दरअसल आईएएस भीम सिंह खरीदी के दरम्यान संचालक स्वास्थ्य सेवाएं के पद पर पदस्थ थे। भीम सिंह पर आरोप है कि उन्होंने जिलों से बिना डिमांड के ही रीएजेन्ट खरीदी का आर्डर दिया था। वहीं आईएएस चंद्रकांत वर्मा उस दरम्यान सीजीएमएससी के एमडी थे। इनके कार्यकाल में ही खरीदी का टेंडर किया गया। आकड़ों की बात करें तो रीएजेन्ट खरीदी घोटाला शराब घोटाले के बाद राज्य का दूसरा सबसे बड़ा घोटाला है। सम्भवतः इसीलिए आम जनता राज्य की जांच एजेन्सी ईओडब्ल्यू की कार्रवाई का बेसब्री से इंतजार कर रही है।

## रायपुर की राजनीति का सुंदर दृश्य





रायपुर की राजनीति का एक सुंदर दृश्य महापौर का नामांकन दाखिल करने के दौरान देखा गया। इसीलिए कहा जाता है कि राजनीति में कब कौन किस मोड़ पर खड़ा मिल कुछ कहा नहीं जा सकता। वैसे तो रायपुर से भाजपा की महापौर प्रत्याशी मीनल चौबे को पूर्व मंत्री, रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत का समर्थक कहा जाता है। राजेश मूणत और सांसद बृजमोहन अग्रवाल की राजनीतिक प्रतिद्वंदता जगजाहिर है। लेकिन मीनल को चुनाव जिताने का जिम्मा बृजमोहन को सौंपा गया है। शायद इसीलिए बृजमोहन अग्रवाल नामांकन रैली से लेकर कलेक्टर कार्यालय में नामांकन दाखिल करते तक मीनल के साथ खड़े दिखे। वहीं कांग्रेस की ओर से पूर्व महापौर प्रमोद दुबे की पत्नी दीप्ती दुबे वर्तमान महापौर प्रत्याशी हैं। प्रमोद दुबे और पूर्व सीएम भूपेश बघेल की राजनीतिक अदावत जगजाहिर है। इसके बावजूद भूपेश बघेल प्रमोद और दीप्ति के साथ खड़े दिखे। हालांकि अलग-अलग दल से होने के बावजूद बृजमोहन और प्रमोद की दोस्ती के भी चर्चे सुनने और देखने को मिलते रहते हैं। बहरहाल जीत मीनल की हो या दीप्ती की लेकिन नामांकन दाखिल करने के दौरान राजनीति का यह सुंदर दृश्य देखने को मिला।

## नए डीजीपी पर मुहर



वर्तमान डीजीपी अशोक जुनेजा की संविदा अवधि 3 फरवरी को समाप्त हो रही है। माना यह जा रहा है कि जुनेजा की संविदा अवधि और आगे नहीं बढ़ाई जाएगी। ऐसे में नए डीजीपी की कमान किसे मिलने जा रही है? इसको लेकर जमकर कयास लगाए जा रहे हैं। हालांकि जल्दी ही इन अटकलों पर विराम लग जाएगा। सूत्रों की माने तो नए डीजीपी के पद पर अरुणदेव गौतम की ताजपोशी हो सकती है। दरअसल केन्द्र को भेजे गए पैनल में तीन आईपीएस अफसरों के नाम शामिल हैं। जिसमें आईपीएस अरुणदेव गौतम, पवन देव और हिमांशु गुप्ता शामिल हैं। वैसे तो वरिष्ठता के आधार पर जीपी सिंह हिमांशु गुप्ता से सीनियर हैं। लेकिन केन्द्र को भेजे गए पैनल में जीपी सिंह का नाम नहीं है। ऐसे में जीपी का क्या होगा? फिलहाल कुछ कहा नहीं जा सकता। दरअसल पैनल में भेजे गए तीन नामों में से किसी एक को डीजीपी बनाया जाता है। लेकिन बहाली के बाद आईपीएस जीपी सिंह भी डीजीपी पद के दावेदार हैं।

## बृजमोहन का टाइगर प्रेम, मायने क्या?



राजनीति के टाइगर रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल का अचानक टाइगर प्रेम जाग उठा है। उन्होंने केन्द्रीय वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव को पत्र लिखकर भोरमदेव अभ्यारण्य को टाइगर रिजर्व बनाने की मांग की है। वास्तव में बृजमोहन का यह टाइगर प्रेम है या फिर परदे के पीछे कुछ और खिचड़ी पक रही है? बहरहाल यह तो राजनीति के टाइगर बृजमोहन अग्रवाल ही जानेंगे। भोरमदेव अम्यारण्य कवर्धा जिले में आता है, यह उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का निर्वाचन क्षेत्र है। सम्भव है इस क्षेत्र के विधायक उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और क्षेत्रीय सांसद संतोष पांडे भी भोरमदेव अभ्यारण्य को टाइगर रिजर्व बनाने के इच्छुक होंगे। लेकिन सवाल यह उठता है कि भोरमदेव अभ्यारण्य को टाइगर रिजर्व घोषित करने की मांग क्षेत्रीय सांसद संतोष पांडे और क्षेत्रीय विधायक उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने क्यों नहीं की? जबकि इसकी बुनियाद डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल में रखी गई थी। दरअसल वर्ष 2014 में एनटीसीए ने इस क्षेत्र को टाइगर रिजर्व घोषित करने की सलाह दी थी, न कि अनुशंसा की थी। इसके बाद वर्ष 2017 में वाइल्ड लाइफ बोर्ड की बैठक आयोजित की गई, जिसमें इस क्षेत्र को टाइगर रिजर्व घोषित करने का प्रस्ताव लाया गया। लेकिन वर्ष 2018 में सत्ता परिवर्तन हो गया और राज्य में कांग्रेस की सरकार आ गई। जिसके बाद जुलाई 2019 को इसे खारिज कर दिया गया। अब सवाल यह उठता है कि भूपेश सरकार को भोरमदेव अभ्यारण्य को टाइगर रिजर्व घोषित करने में क्या समस्या थी? इस क्षेत्र को टाइगर रिजर्व क्यों घोषित नहीं किया गया? क्या कांग्रेस सरकार को विस्थापित होने वाले 17 हजार वोट प्रभावित होने की आशंका थी? बहरहाल कारण जो भी हो लेकिन राजनीति के टाइगर बृजमोहन अग्रवाल के टाइगर प्रेम की चर्चा इन दिनों चारों ओर हो रही है।

## ओपी का विजन और कुंदन की पहल




किसी भी काम को पूरा करने के लिए विजन और पहल की नितांत आवश्यकता होती है। दरअसल छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड ने पूरे राज्य में काफी तादात में मकानों, दुकानों और फ्लैटों का निर्माण किया है। बोर्ड प्रतिवर्ष निर्माण तो करते गया, लेकिन बिक्री अपेक्षानुरुप नहीं हो पाई। नतीजन हाउसिंग बोर्ड के ज्यादातर मकान, दुकान, फ्लैट खंडहर में तब्दील होने लगे हैं। सम्भवतः इसी कारण बोर्ड की वित्तीय स्थिति बेहद खराब हो गई है। लेकिन इस दिशा में आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी का विजन और हाउसिंग बोर्ड के आयुक्त कुंदन कुमार की पहल अब रंग लाने वाली है। इसके लिए कुंदन कुमार ने एक-एक प्रापर्टी की मैपिंग कर वैल्यू का आकलन कराया है। निश्चित ही मैन्टेन्स के अभाव में कुछ दिनों बाद मण्डल की प्रापर्टी की वैल्यू और डाउन हो जाती। जिसको देखते हुए मंत्री ओपी चौधरी ने केबिनेट में 30 प्रतिशत तक प्रापर्टी रेट कम करने के प्रस्ताव को पारित कराने में अहम भूमिका निभाई। निश्चित ही इस निर्णय से मण्डल की प्रापर्टी बिक्री में वृद्धि होगी साथ ही आमजन को राहत की छत नसीब होगी। कुल मिलाकर वित्त मंत्री ओपी चौधरी के विजन और आयुक्त कुंदन कुमार की पहल से दम तोड़ रहे हाउसिंग बोर्ड में एक बार फिर उर्जा का संचार होने जा

editor.pioneerraipur@gmail.com

# उप-मुख्यमंत्री अरुण साव ने लोरमी में भाजपा कार्यालय का किया उद्घाटन, कार्यकर्ता सम्मेलन को किया संबोधित

**लोरमी नगर पालिका अध्यक्ष पद प्रत्याशी सुजीत वर्मा ईमानदार और सामान्य कार्यकर्ता, जनता के उम्मीदों पर उतरेंगे खरा, जीतेंगे विश्वास : अरुण साव**

पायनियर संवाददाता < लोरमी
www.dailypioneer.com



उप-मुख्यमंत्री अरुण साव ने लोरमी में नगरीय निकाय चुनाव के लिए भाजपा कार्यालय का उद्घाटन किया। इसके बाद मानस भवन में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर समर्पित कार्यकर्ताओं से भाजपा प्रत्याशियों को विजयश्री दिलाने के लिए आह्वान किया। साव ने कहा कि, लोरमी की जनता जनार्दन से 19 कमल मांगा था, लेकिन दो वार्ड के प्रत्याशियों को निर्विरोध जिताकर 2 कमल जनता ने पहले ही दे दिया। आप लोगों ने दोनों को लोरमी नगर के विकास के लिए समर्पित किया है। शेष सभी 17 कमल भी लोरमी के मेरे परिवारजन भाजपा को जरुर समर्पित करेंगे। कार्यकर्ता सम्मेलन में भाजपा के विकास और नीति से प्रभावित होकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रवेश किया। इस दौरान सभी ने चुनाव में भाजपा को जिताने का संकल्प लिया। साव ने मेहनती कार्यकर्ताओं से कहा कि, आप लोगों ने मुझे विधानसभा में भारी वोटों से जिताकर आशीर्वाद दिया है। और 13 महीने में जो काम हुए हैं, वो पिछले 50 सालों में नहीं हुआ है। आने वाले समय में लोरमी का ऐसा विकास होगा, जिससे शहर की तस्वीर बदल जाएगी, शहर को पहचान पाना मुश्किल हो जाएगा। करोड़ों के विकास कार्यों के टेंडर हो चुके हैं। लोरमी के सेवक बनकर काम कर रहे हैं। उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि, भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष, वार्ड और पांचों जिला पंचायत के सदस्य के प्रत्याशी कोई पद प्रतिष्ठा के लिए चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। सभी आपके सेवा के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि, नगर पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी सुजीत वर्मा सहज, सरल और सौम्य छवि के प्रत्याशी हैं। वे दूसरे नेताओं की तरह नहीं है, जो झूठे वादे करें, वो सिर्फ काम पर भरोसा करते हैं। सुजीत दो बार पार्षद रह चुके हैं, लेकिन उनके खिलाफ एक भी शिकायत नहीं है। वे आपकी तरह ही एक सामान्य कार्यकर्ता हैं और वो एक सेवक बनकर काम करेंगे। विकास के लिए लोरमी को ऐसे जनसेवक की जरूरत है। साव ने कहा कि, ना नारे से, ना नाम से, वोट पड़ेगा भाजपा के काम से। कमल पर बटन दबाने से ही विकास होगा। जो हमारे लिए काम किया हम उनको वोट देंगे। इस चुनाव में उसे ब्याज समेत वापस करने का है। उन्होंने कहा कि, जनता के हित में काम करने वाली कोई पार्टी है, तो वह भाजपा है। लोरमी में सायं सायं विकास करना है तो सायं सायं कमल में बटन दबाना है। इस दौरान किशोर राय, कोमल गिरी गोस्वामी, प्रदीप मिश्रा, सुशील यादव, दिनेश कश्यप, लेखराज ठाकुर, विक्रम सिंह, गुरमीत सलूजा, विनय साहू, राजेंद्र साहू, दिनेश साहू, महाजन जायसवाल घनेंद्र राजपूत, सभी पार्षद प्रत्याशी, जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी, अन्य पदाधिकारी गण एवं साथी कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

### जीत का आशीर्वाद दीजिए : सुजीत वर्मा

नगर पालिका अध्यक्ष पद के लोकप्रिय प्रत्याशी सुजीत वर्मा ने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि, भाजपा ने मुझ जैसे कार्यकर्ता को प्रत्याशी बनाया है। अपने इस सामान्य साथी को विजय दिलाने में पूर्ण सहयोग करें। उन्होंने कहा कि, लोरमी में जरूर विकास होगा, इसकी गारंटी अरुण साव जी है। आप मुझे जीत का आशीर्वाद दीजिए।

### भाजपा के निकाय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

मुंगेली रोड, लोरमी में साथी कार्यकर्ताओं के साथ निकाय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर लोकप्रिय अध्यक्ष पद प्रत्याशी सुजीत वर्मा एवं पार्षद प्रत्याशियों से विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि, यह कार्यालय हमारे संघर्ष, संवाद व रणनीति का केंद्र हैं, यह कार्यालय विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव की तरह हमारे विजय अभियान का मजबूत आधार बनेगा।

## कांग्रेस ने साय सरकार के खिलाफ जारी किया 25 बिंदुओं का आरोप पत्र

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने रविवार को साय सरकार के खिलाफ 25 बिंदुओं का आरोप पत्र जारी किया। पीसीसी चीफ दीपक बैज ने आरोप पत्र जारी करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार, वादा खिलाफी वाली साय सरकार के खिलाफयह जनता का आरोप पत्र है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि 1 साल में जनता हुई बदहाल, भाजपाई सत्ताधीश हुए मालामाल। इस पर पलटवार करते हुए भाजपा ने कहा है कि आरोप पत्र जारी करने के पहले कांग्रेस को अपने गिरेबान में झांक लेना चाहिए। पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कांग्रेस के नेता और पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा धनेंद्र साहू और अमितेश शुक्ल की मौजूदगी में साय सरकार के खिलाफ 25 बिंदुओं का आरोप पत्र जारी किया। कार्टून पोस्टर के साथ जारी इस आरोप पत्र के जरिए कांग्रेस ने सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। पीसीसी चीफ दीपक बैज ने आरोप लगाया कि साय सरकार ने जनता को परेशान करने 5 डिसमिल जमीनों की रजिस्ट्री बंद कर रही है। भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार हावी है। दीपक बैज ने कहा कि साय सरकार से किसान, महिला, युवा, शासकीय कर्मचारी, अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी वर्ग सहित सभी में नाराजगी है । 3100 रू. एकमुश्त एवं धान का बढ़ा हुआ समर्थन मूल्य 112 रू., कुल 3217 रू. नहीं मिलने से किसान हताश है।

## बाल पर्यावरण मित्र आदित्य राजे ने बागेश्वर सरकार पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को पौधा भेंट कर आशीर्वाद लिया

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



11 वर्षीय आदित्य राजे सिंह, युवा पर्यावरण मित्र एवं बाल योग गुरु, को बाबा बागेश्वर धाम सरकार से मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। यह मुलाक़ात छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के आवास पर हुई। पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के रूप में, डॉ. आदित्य राजे ने पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को एक पौधा भेंट किया, जो प्रकृति संरक्षण को बढ़ावा देने के उनके समर्पण का प्रतीक था। साथ ही उन्होंने अपने द्वारा किये गये कार्यों एवं उपलब्धियों की एक पुस्तक भी भेंट की। मुलाकात के दौरान, आदित्य राजे ने बागेश्वर धाम सरकार पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री से एक गहन और विचारशील सवाल पूछाः क्या सनातन और हिंदुत्व दो अलग-अलग विचारधाराएँ हैं? बाबा बागेश्वर धाम सरकार ने इसका विस्तार से और गहराई से उत्तर दिया, जिससे आदित्य राजे की इन अवधारणाओं को समझने में वृद्धि हुई। इस बातचीत से प्रभावित होकर, आदित्य ने बाबा से अपनी भविष्य के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया, और वह आभारी और आध्यात्मिक रूप से संतुष्ट हुए।

## भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है : ओपी चौधरी




**रायपुर।** वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान केंद्र सरकार के 2025-26 के बजट प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है और 2047 तक 55 ट्रिलियन डॉलर की हो जाएगी। चौधरी ने प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण की सराहना करते हुए कहा कि इंडिया एट 100 पुस्तक में स्वतंत्र भारत के 100 वर्ष पूरे होने तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य स्पष्ट रूप से वर्णित है। उन्होंने कहा कि जब मोदी ने सत्ता संभाली थी, तब भारत की अर्थव्यवस्था 2.3 ट्रिलियन डॉलर थी, और अब यह 55 ट्रिलियन डॉलर तक पहुँचने की राह पर है। चौधरी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट में '3-डी' - डेमोक्रेसी, डेमोग्राफी और डिमांड को आर्थिक विकास का आधार बताया। उन्होंने कहा कि भारत की जनसंख्या को अब एक समस्या नहीं, बल्कि संपदा के रूप में देखा जा रहा है। भारतीय युवाओं की औसत आयु 29 वर्ष है और 65त्न आबादी 35 वर्ष से कम आयु की है, जिससे भारत को वैश्विक स्तर पर ह्यूमन रिसोर्स कैपिटल के रूप में पहचान मिल रही है। मंत्री चौधरी ने कहा कि जब भारत विकसित राष्ट्र बनेगा, तब समाज के हर वर्ग का समावेश सुनिश्चित करना होगा। इसलिए, प्रधानमंत्री मोदी ने गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी को प्राथमिकता दी है। छत्तीसगढ़ सरकार के पिछले बजट में भी इसी सिद्धांत को अपनाया गया था। मध्यम वर्ग की भूमिका को रेखांकित करते हुए चौधरी ने कहा कि यह वर्ग भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने बताया कि 2014 में आयकर छूट की सीमा 2.5 लाख रुपये थी, जो अब बढ़ाकर 12 लाख रुपये कर दी गई है। यह एक ऐतिहासिक कदम है, जिससे करदाताओं को 1 लाख करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403